आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 27°C | 11°C |

इनसाइड न्यूज

आईआईएम रोड पर बेकाबू कार ने कई वाहनों कों मारी टक्कर...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



बुधवार 03 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 53 www.janexpresslive.com/epaper

सरकारी पैसों से बाबरी मस्जिद बनवाना... 12

# एसआईआर पर चर्चा के लिए सरकार-विपक्ष के बीच सहमति

- लोकसभा में 9 दिसंबर को बहस, 8 दिसंबर को वंदे मातरम् पर चर्चा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद में लगातार दूसरे दिन हंगामे के बीच सरकार और विपक्ष में एसआईआर पर चर्चा के लिए सहमति बन गई है। लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता के. सुरेश ने बताया- 9 दिसंबर को इलेक्टोरल रिफॉर्म्स यानी चुनावी सुधारों पर 10 घंटे बहस होगी। साथ ही उन्होंने कहा- एक दिन पहले 8 दिसंबर को वंदे मातरम् पर चर्चा होगी। इसके लिए भी 10 घंटे का समय तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहस की शुरुआत करेंगे। वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर सरकार सदन में इस पर चर्चा करा रही है।

संसद सत्र के पहले 2 दिन एसआईआर और वोट चोरी के आरोप पर हंगामा हुआ। विपक्ष आज भी एसआईआर पर चर्चा की मांग पर अड़ा रहा और वोट चोर- गद्दी छोड़ के नारे लगाए। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने दोनों पक्षों को अपने मीटिंग रूम में बुलाया। यहां सहमति बनी कि कल से सदन बिना किसी हंगामे के सुचारू रूप से चलेगा। राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार 11 बजे तक स्थगित कर दी गई।




### लोकसभा स्पीकर ने बुलाई बैठक



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एसआईआर पर चर्चा की विपक्ष की मांग को लेकर सदन में जारी गतिरोध को तोड़ने के लिए मंगलवार को पार्टी नेताओं की बैठक बुलाई। इस मुद्दे पर लोकसभा में बार-बार हंगामे के बाद अध्यक्ष की यह बैठक हो रही है। इससे पहले, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राजनीतिक दलों के सदन नेताओं से मुलाकात की, लेकिन चुनाव सुधारों पर चर्चा के लिए कोई समय-सीमा बताने से इनकार कर दिया। उन्होंने तर्क दिया कि विपक्ष सरकार पर अपनी शर्तें थोप नहीं सकता। सरकार वंदे मातरम के 150वें वर्ष पर चर्चा कराने की इच्छुक है और इस विषय के लिए 10 घंटे का समय आवंटित किया है। स्पीकर ओम बिड़ला ने गतिरोध खत्म करने के लिए दोपहर 3 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह बैठक स्पीकर के चैंबर में ही होगी।

### 9 और 10 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर चर्चा

वहीं यह भी तय हुआ कि 9 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी, जिसके लिए 10 घंटे का समय दिया गया है। इस पर सरकार और विपक्ष दोनों अपनी राय रखेंगे। चर्चा पूरी होने के बाद केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल 10 दिसंबर को सरकार की ओर से जवाब देंगे।

### 8 दिसंबर को वंदे मातरम् पर चर्चा

बिजनेस एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में तय हुआ कि 8 दिसंबर को लोकसभा में वंदे मातरम् पर विस्तृत चर्चा होगी। इसके लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। इस ऐतिहासिक चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। माना जा रहा है कि इस बहस में राष्ट्रगीत के इतिहास, महत्व और आधुनिक भारत में उसकी भूमिका पर बात होगी।

### खरगे ने की तुरंत चर्चा की मांग

मंगलवार को राज्यसभा में हंगामे के बीच नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा लोग मर रहे हैं, इसके बावजूद एसआईआर की प्रक्रिया तेजी से जारी है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस पर तुरंत चर्चा होनी चाहिए। खरगे ने कहा कि मैं चाहता हूं कि इस पर अभी चर्चा हो। यह नागरिकों, देश और लोकतंत्र के हित में है। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वह इसे लेकर विपक्षी पार्टियों के नेताओं से चर्चा करेंगे, लेकिन इसके लिए विपक्ष समयसीमा तय नहीं कर सकता।

### रिजिजू का तंज, चुनाव में हार का गुस्सा संसद में निकाल रहा विपक्ष

रिजिजू ने कहा, संसदीय लोकतंत्र में हमें चर्चा करनी चाहिए। देश में कई अहम मुद्दे हैं, लेकिन आप एक मुद्दे के लिए बाकी को कमतर नहीं आंक सकते। सभी मुद्दे अहम हैं। हम भी चर्चा के लिए तैयार हैं, लेकिन आपको पहले सलाह मशविरा तो करना चाहिए। आप तो समयसीमा तय कर रहे हैं और कह रहे हैं कि सरकार को अभी बताना चाहिए, ये ठीक नहीं है। विपक्ष पर तंज कसते हुए रिजिजू ने कहा, आप चुनाव जीत नहीं पा रहे हैं, लोगों को आप पर विश्वास नहीं है और अपना गुस्सा संसद में निकाल रहे हैं। ये ठीक नहीं है।

### कांग्रेस सांसद ने संचार साथी एप को लेकर स्थगन प्रस्ताव दिया

कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने संचार साथी एप को लेकर लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा, गोपनीयता का अधिकार, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मूल अधिकार है। दूरसंचार विभाग का यह आदेश कि मोबाइल कंपनियां और आयातक 'संचार साथी' एप को फोन में पहले से इंस्टॉल करें और उसे हटाया भी न जा सके। यह लोगों की गोपनीयता पर सीधा हमला है। रेणुका चौधरी ने आरोप लगाया कि ऐसा कदम निगरानी बढ़ाने का रास्ता खोलता है और इससे लोगों की हर गतिविधि, बातचीत और फैसले लगातार निगरानी में रहने का खतरा पैदा हो जाता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए न पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम हैं और न ही कोई संसदीय निगरानी।

### लगातार हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

एसआईआर पर बहस की मांग को लेकर विपक्ष के लगातार विरोध के कारण मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सरकार ने कहा कि वह बिना कोई समय सीमा तय किए सदन में इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। दिन में दो बार के स्थगन के बाद, विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरू हुई। लेकिन हंगामे के चलते लोकसभा की कार्रवाई 3 दिसंबर सुबह 11 तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

### वेणुगोपाल बोले, सरकार एसआईआर पर चर्चा के लिए आगे आए

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार को संसद में एसआईआर और अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा, सरकार को आगे आकर चर्चा के लिए सहमत होना चाहिए। यह बहुत आसान बात है। जब पूरी विपक्षी पार्टी चर्चा की मांग कर रही है, तो उन्हें ऐसा करने से क्या रोक रहा है। पिछला सत्र पूरी तरह से सरकार के रुख की वजह से बेकार हो गया।

### भाजपा सांसद बोले, विपक्ष हार का ठीकरा एसआईआर पर फोड़ना चाहता है

भाजपा सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा, सरकार हमेशा नियमों के अनुसार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार रहती है। बिहार के लोगों ने पहले ही एसआईआर मुद्दे का निपटारा कर दिया है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटा नहीं है। विपक्ष अपनी हार का ठीकरा एसआईआर पर फोड़ना चाहता है। उन्हें इसके बजाय यह सोचना चाहिए कि उन्हें जनादेश क्यों नहीं मिल रहा।

## कफ सिरप कांड के बाद केंद्र सरकार ने बढ़ाई सख्ती

## 700 से अधिक कंपनियों का किया जा रहा गहन ऑडिट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बच्चों की मौत के मामलों में खांसी की दूषित दवा (कफ सिरप) को जिम्मेदार समझे जाने के बाद सरकार ने देशभर में कार्रवाई तेज कर दी है। राज्यसभा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 700 से अधिक खांसी की दवा बनाने वाली कंपनियों की सख्त जांच और ऑडिट किया गया है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लिखित जवाब में कहा कि बच्चों की संदिग्ध मौतों की सूचना मिलने के बाद जांच की प्रक्रिया तुरंत शुरू की गई।

### छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत के बाद कार्रवाई

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत का मामला सामने आने के बाद केंद्र ने विशेषज्ञों की टीम भेजी थी। इस टीम में एपिडेमियोलॉजिस्ट, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, एन्टोमोलॉजिस्ट और ड्रग इंस्पेक्टर शामिल थे। जांच के दौरान टीम ने डॉक्टरों और मेडिकल स्टोर्स से 19 दवाओं के



सैंपल लिए। इनमें से 15 दवाएं ठीक पाई गईं और चार दवाएं निम्न गुणवत्ता वाली निकलीं।

### एक सिरप में जहरीला केमिकल पाया गया

जांच रिपोर्ट में पाया गया कि तमिलनाडु की कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल की तरफ से बनाई गई कोल्डरिफ नाम की सिरप में डाईइथलीन ग्लाइकोल (डीईजी) नाम के जहरीले केमिकल की मात्रा 46.28 प्रतिशत थी। यह वही सिरप है जिसे मौत का शिकार हुए बच्चों ने सेवन किया था।

### कंपनी पर सख्त कार्रवाई

जांच के दौरान कंपनी के प्लांट में कई गंभीर खामियां मिलीं, जिसमें गंदगी और अस्वच्छ वातावरण दवा बनाने के नियमों का उल्लंघन शामिल हैं। इसके बाद कंपनी का लाइसेंस रद्द कर दिया गया। फिलहाल इस मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई और कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई।

### प्रतिबंध और दवाओं की वापसी

इसके बाद जहां-जहां यह सिरप भेजा गया था, इसमें मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा और पुडुचेरी शामिल हैं, इन राज्यों ने तुरंत दवा की सप्लाई पर रोक लगाई और बाजार में मौजूद स्टॉक वापस मंगाया।

### सभी राज्यों को अलर्ट, नए नियम लागू

केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को दो महत्वपूर्ण निर्देश भेजे। इसमें बच्चों में खांसी की दवाओं के इस्तेमाल को लेकर सतर्कता बरतें और दवाओं की टेस्टिंग के साथ-साथ निगरानी सख्ती से लागू करें। वहीं भारतीय फार्माकोपिया आयोग ने बड़ा बदलाव करते हुए यह नियम बनाया कि अब हर सिरप के बाजार में आने से पहले डीईजी और इथाइलीन ग्लाइकॉल की टेस्टिंग अनिवार्य होगी।

## एपल ने 'संचार साथी' एप प्री-इंस्टॉल करने से किया इनकार, जल्द सरकार को भेजेगी औपचारिक जवाब




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

हाल ही में भारत सरकार ने स्मार्टफोन कंपनियों को आदेश दिया था कि वे अपने सभी नए स्मार्टफोन में संचार साथी एप को प्री-इंस्टॉल करके बेचें। हालांकि, स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एपल ने भारत सरकार ने इन निर्देशों में मानने से मना कर दिया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि एपल इस फैसले का विरोध करेगी और अपनी चिंताएं सरकार के सामने रखेगी। सूत्रों का कहना है कि एपल का मानना है कि इस तरह की अनिवार्यता उसके डिवाइसों की प्राइवेसी और सुरक्षा संरचना पर असर डाल सकती है। कंपनी इस मुद्दे पर सरकार से स्पष्टीकरण और चर्चा की मांग करेगी। वहीं, दूरसंचार विभाग द्वारा जारी यह आदेश देश में साइबर धोखाधड़ी और मोबाइल सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। संचार साथी एप दूरसंचार विभाग द्वारा बनाया गया एक सरकारी साइबर सुरक्षा व ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य मोबाइल यूजर्स को डिजिटल फ्रॉड, चोरी हुए फोन और अनधिकृत सिम से सुरक्षा प्रदान करना है। इसे सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर से जोड़ा गया है।

### सरकारी आदेश पर एपल ने जताई आपत्ति

रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने एपल, सैमसंग और शाओमी जैसी कंपनियों को 90 दिनों के भीतर अपने फोन में 'संचार साथी' एप प्रीलोड करने और उसके फीचर्स को डिसेबल न होने देने का गुप्त आदेश दिया है। एपल ने इस आदेश पर आपत्ति जताई है और कहा कि वह दुनिया के किसी भी देश में ऐसा अनिवार्य एप प्रीलोड नहीं करता है। कंपनी का दावा है कि इससे की प्राइवेसी और सिक्योरिटी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रभावित होगा।

### स्मार्टफोन कंपनियां बनाम सरकार

रिपोर्ट के मुताबिक, एपल पर बाहरी एप को जबरन जोड़ने की अनुमति नहीं देता, इसलिए कंपनी इस आदेश को अपने सिस्टम के खिलाफ मान रही है। दूसरी तरफ एंड्रॉयड एक ओपन-सोर्स सिस्टम है, जिससे सैमसंग और शाओमी जैसे ब्रांड सिस्टम लेवल पर ऐसे एप जोड़ सकते हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट्स के अनुसार ये कंपनियां सरकार के आदेश को रिव्यू कर रही हैं और आगे की रणनीति बना रही हैं। सरकार का तर्क है कि बढ़ते साइबर फ्रॉड, चोरी के फोन और स्पूफिंग को रोकने के लिए संचार साथी एप अनिवार्य प्रीलोड जरूरी है।

## काशी-तमिल संगमम का आगाज

### तमिलनाडु के राज्यपाल ने किया शुभारंभ बोले, पीएम के दिल में बसते हैं तमिल लोग

- सीएम योगी समेत सभी अतिथियों का एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया

**जन एक्सप्रेस। वाराणसी**

काशी तमिल संगमम 4.0 का शुभारंभ मंगलवार को नमो घाट पर हुआ। कार्यक्रम में तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व पुडुचेरी के उपराज्यपाल के. कैलासनाथन शामिल हुए। सीएम योगी समेत सभी अतिथियों का एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में तमिलनाडु और



तमिल लोग बसते हैं। उन्होंने इस दर्द को समझा और इस काशी तमिल संगमम यात्रा की शुरुआत हुई। तमिल करकलाम यानी तमिल सीखें की थीम पर आधारित इस आयोजन में तमिलनाडु से 1400 से अधिक प्रतिनिधि काशी पहुंच रहे हैं। काशी और तमिलनाडु के पारंपरिक कलाकार संयुक्त प्रस्तुति देते हुए भारतीय संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेंगे। सोमवार की देर रात तमिलनाडु से अतिथियों की पहली ट्रेन बनारस स्टेशन पहुंची। यहां जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने सभी का स्वागत किया। कमिश्नर एस राजलिंगम ने बताया कि काशी तमिल संगमम कार्यक्रम दो चरणों में 31 दिसंबर तक चलेगा। पहला चरण 2 से 15 दिसंबर तक काशी में और दूसरा चरण 16 से 31 दिसंबर तक चेन्नई में होगा। इस बार आओ तमिल सीखें थीम पर आयोजन हो रहा है। इसके तहत आईआईटी मद्रास के विद्या शक्ति पोर्टल की मदद से 650 स्कूलों के 15 हजार बच्चों को तमिल सिखाई जाएगी। 50 शिक्षक तमिलनाडु से काशी आएंगे जो यहां विद्यालयों में तमिल भाषा और संस्कृति का परिचय देंगे और छात्रों को तमिल सिखाने की जिम्मेदारी निभाएंगे। मंगलवार को कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर दयालु, आईआईटी मद्रास निदेशक प्रो. वी कामकोटि, बीएचयू के कुलपति प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी, शिक्षा मंत्रालय सचिव डॉ. विनीत जोशी समेत अन्य रहे। इस दौरान भरतनाट्यम और तमिल नृत्य भी प्रस्तुत किया गया।

### बरेली में आजम खां के करीबी सपा नेता के बरातघर पर गरजे बुलडोजर, गुड मैरिज हॉल पर भी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली के सूफी टोला स्थित ऐवान-ए-फरहत बरातघर को गिराने के लिए बीडीए ने मंगलवार दोपहर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी। बरातघर को गिराने के लिए दो बुलडोजर लगाए गए हैं। बीडीए के अफसर और भारी पुलिस बल मौके पर तैनात है। इससे पहले यहां रहने वाले परिवारों ने कार्रवाई का विरोध किया। महिलाओं ने रोते हुए रहम की गुहार लगाई, लेकिन बीडीए की टीम ने बरातघर को अवैध निर्माण बताते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। कार्रवाई के दौरान मालियों की पुलिया से सूफीटोला जाने वाले रास्ते को ताज पैलेस के पास पुलिस ने गाड़ी खड़ी करके बंद कर दिया है। दोपहर 3:45 पर राशिद खां के गुड मैरिज हॉल पर भी बीडीए के बुलडोजर गरजने लगे। बीडीए के दो बुलडोजर सरफराज वली खान और राशिद खां के बरातघरों को ध्वस्त करने के लिए दोपहर दो बजे यहां पहुंचे।

## गाजियाबाद कफ सिरप मामले में विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 15 फार्मा फर्मों के लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश

- शासन के सख्त आदेश के बाद पश्चिम के ड्रग इंस्पेक्टर उतरे सड़को पर

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

प्रतिबंधित कोडीन-युक्त कफ सिरप की तस्करी और अवैध बिक्री के राष्ट्रव्यापी रैकेट का गाजियाबाद में भंडाफोड़ होने के बाद, औषधि प्रशासन विभाग और पुलिस प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। इस मामले में जहां एक पुलिस इंस्पेक्टर को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, वहीं औषधि विभाग ने बड़ी संख्या में फार्मास्यूटिकल फर्मों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इस मामले की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम के नेतृत्वकर्ता, क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर रमेश सिंह सिंधु को हाल ही में एक आरोपी के परिजन से 4 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। इंस्पेक्टर सिंधु पर आरोप था कि वह जब्त किए गए कफ सिरप के मामले में आरोपी को राहत देने के बदले में पैसे मांग रहे थे। इस घटना के बाद, इंस्पेक्टर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और एसआईटी का नेतृत्व एक नए अधिकारी को सौंप दिया गया है।

### कफ सिरफ़ मामले के प्रमुख घटनाक्रम

- यह मामला तब सामने आया जब गाजियाबाद पुलिस ने नवंबर 2025 में मेरठ रोड स्थित एक गोदाम से चूने की बोरियों में छिपाकर रखी गई करोड़ों की कफ सिरप की बड़ी खेप पकड़ी, जिसे बांग्लादेश भेजा जाना था।
- इस मामले के तार उत्तर प्रदेश के 6 जिलों तक फैले हुए हैं, जहां 11 फर्मों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।
- मुख्य आरोपी अमित सिंह टाटा ,शुभम जायसवाल के पिता भोला जायसवाल और अलोक की गिरफ्तारी के बाद सिंडिकेट के अन्य बड़े नामों का भी खुलासा होने की उम्मीद है।
- पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी इस मामले की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं।
- अधिकारियों का कहना है कि अवैध कफ सिरप के इस कारोबार की आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) को पूरी तरह से नष्ट करने के लिए व्यापक जांच जारी है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### 15 फर्मों के लाइसेंस पर तलवार

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मामले की जांच के दौरान अनियमितताएं पाए जाने के बाद गाजियाबाद की 15 फार्मास्यूटिकल फर्मों के लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की है। इन फर्मों में जय अंबे मेडिकोज, आरएस फार्मा, एसएन फार्मा, अंकित फार्मा, कृष्णा मेडिकोज, अमर ट्रेडर्स, वासु एंटरप्राइजेज, कुंज फार्मा, मेडिस्टो बायोटेक, शिवा मेडिकल एजेंसी, एस के डिस्ट्रीब्यूटर्स और अर्णव फार्मा शामिल हैं।।विभाग की जांच में पाया गया कि इन फर्मों के माध्यम से करोड़ों रुपये मूल्य की 37 लाख से अधिक कोडीन सिरप की बोतलें कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बेची गईं। कई मेडिकल एजेंसियों के पास बिक्री के संबंध में न तो कोई दस्तावेजी अभिलेख मिले और न ही कोई जानकारी।

## संस्कृत भाषा के उत्थान के लिए बनेगा स्पेशल आयोग, उत्तराखंड सरकार का आदेश

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा कराए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत के आधार पर ही मानव सभ्यताओं का विकास संभव हुआ। संस्कृत भाषा के उत्थान के लिए उच्चस्तरीय आयोग का गठन होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में संस्कृत भाषा के उत्थान-विकास के लिए उच्चस्तरीय आयोग बनाने की घोषणा की है। सीएम धामी सोमवार को संस्कृत अकादमी में दो दिनी अंतर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन के समापन समारोह का संबोधित कर रहे थे। उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा कराए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत के आधार पर ही मानव सभ्यताओं का विकास संभव हुआ। हम सभी को ज्ञात है कि विश्व की अधिकतर भाषाओं की जड़ें किसी न किसी रूप में संस्कृत से ही जुड़ी हुई हैं। सीएम ने कहा कि सनातन संस्कृति के इतिहास और वैदिक काल को देखें तो समस्त वेद, पुराण व उपनिषदों की रचना संस्कृत



में ही की गई है। संस्कृत भाषा अनादि-अनंत है। सम्मेलन में सीएम ने अर्द्धकुंभ-2027 पर प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि हम अर्द्धकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने में कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि सनातन संस्कृति के इस आयोजन से सभी को जुड़ना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए एसआईआर का विरोध कर रहे राजनीतिक दलों को आड़े हाथ लिया। सीएम ने कहा कि कुछ दल सिर्फ विरोध करने की मानसिकता के चलते देश में अच्छे और सार्थक प्रयासों का भी विरोध करते हैं।

### कृषकों ने सीएम को दी 'किसान पुत्र' की उपाधि

**हरिद्वार।** हरिद्वार में सोमवार को किसानों ने गुरुकुल कांगड़ी विवि के हेलीपैड पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जोरदार स्वागत किया। प्रदेश में गन्ना मूल्य 30 रुपये प्रति कुंतल बढ़ाने को लेकर काश्तकारों ने सीएम को 'किसान पुत्र' की उपाधि से सम्मानित किया। सीएम ने आभार जताते हुए कहा कि किसानों से जुड़े सरकारी कार्यों-योजनाओं में कहीं कमी है तो उसे दूर करेंगे।

## अयोध्या में अब 52 एकड़ में बनेगा वर्ल्ड-क्लास मंदिर संग्रहालय

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

योगी सरकार ने अयोध्या को विश्व स्तर पर एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कैबिनेट ने टाटा सन्स के सहयोग से अयोध्या में प्रस्तावित विश्व स्तरीय 'मंदिर संग्रहालय' का दायरा और बड़ा कर दिया है। कैबिनेट में हुई चर्चा और उसके आधार पर लिए गये निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि टाटा सन्स ने अपने सीएसआर फंड से एक अत्याधुनिक मंदिर संग्रहालय विकसित करने और उसका संचालन करने की इच्छा व्यक्त की है। इसके लिए कम्पनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर-लाभकारी एसपीवी बनाया जाएगा, जिसमें भारत सरकार और राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। परियोजना हेतु भूमि आवंटन के लिए भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और टाटा सन्स के बीच त्रिपक्षीय एम्ओयू बीते 3 सितंबर 2024 को हस्ताक्षरित हो चुका है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पूर्व में प्रदेश सरकार ने अयोध्या के मांझा जमथरा गांव में 25 एकड़ नजूल भूमि टाटा सन्स को 90 वर्षों के लिए उपलब्ध कराने की अनुमति दी थी, लेकिन टाटा संस ने संग्रहालय की भव्यता के दृष्टिगत अधिक भूमि की अपेक्षा की थी।

# अस्पताल में गंदगी मिलने पर डीएम ने चिकित्सालयधीक्षक को लगाई फटकार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मंगलवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मंगलवार को जिला अस्पताल में आपातकालीन कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, रोगी प्रतीक्षालय और अस्पताल के अन्य वार्डों को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को पहले से बेहतर बनाया जाएगा। सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए अस्पताल और नगर पालिका की टीम समन्वय रखते हुए काम करेंगी। जिसके तहत यहां का गीला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र कर निस्तारित कराया जाएगा। मरीजों के लिए स्वच्छ पेयजल के साथ हाथ धोने के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था की जा रही है। अस्साल के अंदर आवारा मवेशियों और जानवरों को घुसने से रोकने के लिए बाउण्ड्री वाल बनाई जाएगी। साथ ही यहां की नालियों को और गहरा करते हुए ढ़कने की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान उन्होनें अस्पताल की छत की घास की तत्काल सफाई कराने और अस्पताल परिसर के सामुदायिक शौचालय की मरम्मत कराकर उपयोग योग्य बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के प्रतीक्षालय और रैन बसेरा की भी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं। जिससे यहां आने वाले मरीजों को उनका लाभ मिल सकें। उन्होंने नालियों के आस-पास गंदगी मिलने पर चिकित्सालयधीक्षक को फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक में पारित किए गए प्रस्तावों पर भी काम किया जा रहा है। जिसके तहत आपातकालीन कक्ष में और रोगियों के बैठने के स्थान पर बेहतर सफाई व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा ऑपरेशन थियेटर में मरीजों को मानसिक शांति और मानसिक मजबूती प्रदान करने के लिए धीमी आवाज वाला मधुर संगीत भी बजाने की व्यवस्था की जाएगी। जिससे विषम परिस्थितियों में भी मरीज और उनके परिजन निराश न हो। उन्होंने बताया कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के लिए शासन स्तर पर संपर्क कर प्रयास किए जा रहा है।

# अभियान चलाकर बनाए जाएंगे पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अन्तर्गत अवशेष लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए 25 नवंबर से 25 दिसम्बर तक विशेष अभियान चलाने के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक आयुष्मान योजना की जानकारी पहुंचाने के लिए हैंड बिल्स एवं बैनर छपवाकर वितरित कराए तथा गांव में डुग्गी पिटवाने। निर्देशित किया कि एस.आई.आर. के बाद पंचायत सहायकों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनवाए। पूर्ति विभाग को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कोटेदारों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनवाने के लिए सीएचओ व पंचायत सहायक को भिजवाने के लिए निर्देशित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनवाने के लिए उन्हें सीएचओ व पंचायत सहायक तक भिजवाने के लिए निर्देशित किया गया। कहा कि चिकित्साधिकारी ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए ग्राम प्रधानों के माध्यम से अधिक से अधिक लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए निर्देशित किया। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को शहरी क्षेत्र में गाड़ियों के माध्यम से प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी चिकित्साधिकारियों को प्रतिदिन सीएचओ, आशा एवं एएनएम द्वारा कार्ड बनाने की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से अनुरोध कि किया है ि कवह अपना आधार कार्ड एवं राशन कार्ड लेकर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर एवं जिला चिकित्सालय आकर अपनी पात्रता जाँच करवाकर पात्र होने पर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक अपना आधार कार्ड ले जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी सहित खण्ड विकास अधिकारी, सीडीपीओ, डीसी डीपीआरओ, डीएसओ, चिकित्साधिकारी, बीसीपीएम, डिस्ट्रिक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट के सदस्य आदि मौजूद रहे।

# 'ऑपरेशन शिकंजा' पुलिस ने पेशेवर फर्जी जमानदारों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बांदा



उ0प्र0 शासन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाये जा रहे ÷ऑपरेशन शिकंजा÷ के क्रम में दिनांक 02दिसम्बर दिन मंगलवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम राजेश एस0 के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल नेतृत्व में व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर के निकट पर्यवेक्षण थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा फर्जी जमानतदारों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए 03 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया है।गौरतलब हो कि दिनांक 12नवम्बर को थाना तिन्दवारी पर कार्यरत उप निरीक्षक शिवकरन सिंह द्वारा फर्जी जमानत लेने के सम्बन्ध में अभियुक्त बलवीर व 20नवम्बर को थाना तिन्दवारी क्षेत्र के रहने वाले श्रीराम सिंह ने थाना स्थानीय दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि मेरे नाम का फर्जी आधार कार्ड, खसरा खतौनी व फर्जी फोटो लगाकर कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कूटरचित तरीके से एनडीपीएस के अभियुक्त की न्यायालय में जमानत ली गई है ।इस संबन्ध में थाना तिन्दवारी पर क्रमशः मु0अ0सं0 274/25 व 285/25 पंजीकृत किया गया था व अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे।इसी क्रम में पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों,अभिसूचना संकलन, अभिलेखो के सत्यापन व मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त हरिशंकर को मवई तिराहा कोतवाली देहात के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके पास कूटरचित आधार कार्ड व अन्य फर्जी परिपत्र प्राप्त हुए ।पुलिस द्वारा अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ कि गई तो बताया कि उक्त फर्जी परिपत्र मेरे साथी हेमन्त द्वारा बनाये जाते है पकड़े गए अभियुक्त के निशादेही पर हेमन्त को संकट मोचन मंदिर थाना कोतवाली नगर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त से फर्जी दस्तावेज व अन्य सामान बरामद हुआ ।तत्तपश्चात पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के अन्य अभियुक्तो के गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे थे कि तेरहीमाफी मोड़ थाना तिन्दवारी के पास एक व्यक्ति दिखाई दिया जिसे पूर्व से गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा पहचान कर बताया गया कि यही बलवीर है जो हमारे साथ फर्जी दस्तावेज का प्रयोग कर घटना को अंजाम देता है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास भी फर्जी परिपत्र प्राप्त हुए ।सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है व अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

पूछताछ का विवरण-पूछताछ में अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि हम लोग शिवस्वरुप उर्फ मास्टर व रामबाबू के साथ मिलकर फर्जी तरीके से आधार कार्ड,फर्जी फोटो व अन्य फर्जी परिपत्र का प्रयोग कर फर्जी रुप से कारागार में निरुद्ध अभियुक्तों की जमानत लेते है साथ ही हमारे द्वारा थाना तिन्दवारी, थाना पैलानी, थाना बबेरु, थाना जीआरपी, थाना कोतवाली नगर व अन्य थानों के साथ-साथ जनपद चित्रकूट के अभियुक्तों की कूटरचित तरीके से जमानत ली गई है ।

बरामद-35 आधार कार्ड व अन्य कागजात,01 सीपीयू, 01 प्रिंटर, 01 टीएफटी, 01 की बोर्ड, 01 माउस,01 एक्सटेंशन ( फर्जी परिपत्र तैयार हेतु प्रयुक्त सामान )

गिरफ्तार अभियुक्त-हरिशंकर उर्फ विजयशंकर पुत्र कृपाली निवासी ग्राम करहिया थाना कोतवाली देहात,हेमन्त पुत्र चन्द्रभवन निवासी ग्राम जसईपुर थाना तिन्दवारी,बलवीर पुत्र जगमोहन निवासी ग्राम पिपरगवां थाना तिन्दवारी।

फरार अभियुक्त-शिवस्वरुप उर्फ मास्टर पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम भिंडौरा थाना तिन्दवारी व रामबाबू उर्फ डाक्टर पुत्र कल्लू निवासी पिपरहरी थाना पैलानी।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-दीपेन्द्र सिंह थाना प्रभारी तिन्दवारी,उप निरीक्षक अंजनी कुमार पाण्डेय,उप निरीक्षक दिनेश सिंह,उप निरीक्षक रामआधार रावत,हेड कांस्टेबल रामचन्द्र यादव,कांस्टेबल सुमन्त सिंह, कांस्टेबल महेन्द्र कुमार,कांस्टेबल अमन आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ घूम रहे युवक को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बांदा



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कालिंजर पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अतर्रा नाला नौगवां के पास संदिग्ध रुप से भ्रमण कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर व्यक्ति को पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुए।

बरामद-01 अवैध तमंचा 315 बोर,02 जिन्दा कारतूस 315 बोर

गिरफ्तार अभियुक्त-सिकन्दर पुत्र जाफर निवासी नौगवां थाना कालिंजर

गिरफ्तार करने वाली टीम-सुखराम सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कालिंजर,शुभम कौशिक चौकी प्रभारी गुढ़ाकला, कांस्टेबल विमलेश सरोज आदि मौजूद रहे।

## नदी में तैरता मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पैलानी तहसील के सिंधन कलां के पंडवन डेरा के समीप नदी में तैरता हुआ एक अज्ञात व्यक्ति का शव केन नदी में मिलने की सूचना चौकीदार के माध्यम से थाना पैलानी को प्राप्त हुई जिसकी सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मौके पर पहुंचकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि इस अज्ञात शव के नाक से खून निकलने पर ऐसा प्रतीत होता है उम्र लगभग 38 वर्ष है जैसे की उसकी नदी में डूब कर मौत हुई है पीएम रिपोर्ट आने के बावजूद ही किसी निर्णय पर पहुंचा जाएगा।

## पुत्रियों की शादी के अनुदान के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**चित्रकूट।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि शादी अनुदान योजनान्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने के लिए आवश्यक अभिलेखों (आधार नम्बर, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की प्रति, शादी कार्ड, उम्र के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र) का होना अनिवार्य है। बताया कि शादी अनुदान योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की आय शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में 1,00,000 रुपये प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही आवेदक उत्तर प्रदेश का निवासी व पिछड़ी जाति (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) से सम्बन्धित होना चाहिए। साथ उसकी पुत्री की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से या उससे अधिक होना अनिवार्य है। आवेदक (माता-पिता/अभिभावक) द्वारा शादी अनुदान पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए अपना आधार नम्बर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए रजिस्ट्रेशन नंबर एवं मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय के नए कुलगुरु प्रो आलोक चैबे ने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के नए कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे ने मंगलवार को ग्रामोदय विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें कुलगुरु ने विश्वविद्यालय के आर्थिक, अकादमिक, प्रशासनिक व तकनीकी विकास के लिए आवश्यक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

प्रो. आलोक चैबे को राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगू भाई पटेल ने विगत 14 नवंबर को ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया था। जिसके बाद प्रो. आलोक चैबे ने 29 नवंबर को कुलगुरु पद का कार्यभार ग्रहण कर विश्वविद्यालय का कार्य प्रारंभ कर दिया। कुलगुरु प्रो आलोक चैबे की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंगलवार को पहली मासिक बैठक थी। कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी ने बैठक का संचालन किया। बैठक में अधिकारियों ने अपने-अपने विभागीय दायित्व और कार्यों को प्रस्तुत किया। कुलगुरु प्रो आलोक चैबे ने विश्वविद्यालय में संचालित विविध पाठ्यक्रमों, प्रवेशित छात्रों की संख्या और संसाधनों की समीक्षा की। विगत माह सम्पन्न वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। पूर्व में संपन्न परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम की स्थिति एवं आगामी परीक्षाओं की तैयारी पर बातचीत हुई। अकादमिक कलेंडर और ऑन लाइन पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने के प्रभावी तरीके पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर अकादमिक और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# रासलीला में भगवान श्रीकृष्ण की प्रस्तुत हुईं झांकियां

जन एक्सप्रेस । बांदा



हार्पर क्लब संकटमोचन राम राम संकीर्तन परिवार द्वारा 17वां वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन भोले महाराज द्वारा आयोजित किया जाता रहा है ऐसे में 5 दिवसीय श्री कृष्ण रासलीला जो मथुरा बरसाने से पधारे विश्व विख्यात रासाचार्य स्वामी कहैन्या लाल जी बरसाना रासलीला आयोजन किया जा रहा है।रासलीला मंडली के द्वारा प्रतिदिन रात्रि में भव्य रासलीला का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार की रात इस मंडली के लोगों द्वारा श्रीकृष्ण की लीलाओं की मनमोहक झांकी की प्रस्तुति की गई। इस श्रीकृष्ण लीला को देखकर वहां मौजूद श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। रासलीला के माध्यम से यह बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण के कई नाम हैं। इनमें कंजलोचन, मोहन, मुरलीधर, नारायण, साक्षी, गोपाल, मथुरानाथ, वैकुंठनाथ आदि अनंत नाम हैं। इतना ही नहीं इनके लीलाएं भी अनंत हैं। कलाकारों ने यह बताया कि भगवान भक्तों के कल्याण के लिए विभिन्न अवतार लेकर आते हैं और उनकी रक्षा करते हैं। कार्यक्रम में रजोल मिश्रा,रावेंद्र शर्मा,बीके सिंह, बलवंत सिंह, जगत शुक्ला,अनुराग शुक्ला, रानू शुक्ल, विनोद कुमार शुक्ला, आचार्य जगदीश प्रसाद,कमलेश शुक्ल अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# अन्ना जानवरों व जर्जर पडी सड़क की समस्या को लेकर समाजसेवी ने सौंपा ज्ञापन

## समस्या का निदान नहीं तो होगा अनशन, आंदोलन

जन एक्सप्रेस । बांदा



बबेरू क्षेत्रीय समाजसेवी पीसी पटेल के द्वारा आज मंगलवार की दोपहर बबेरू तहसील पहुंचकर नारेबाजी करते हुए अन्ना जानवरों की समस्या एवं दशकों से जर्जर पड़े मिलाथू पल्हरी, बड़ागांव, बाईपास के निर्माण कराऐ जाने को लेकर नायब तहसीलदार मनोहर सिंह के माध्यम से उप जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। वही बताया कि ग्राम मिलाथू में आजादी के बाद का प्रथम कैप्टन बद्री प्रसाद इंटर कॉलेज के साथ-साथ ग्राम निलाथू में बालिका जूनियर विद्यालय बड़ागांव में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को रोज आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि दशकों से जर्जर सड़क की मरम्मत भी नहीं हुई है, वहीं क्षेत्र के बड़ागांव,आहार, मिलाथू शिव मवई,पल्हरी ,आलमपुर,बगेहटा ,देवरथा, पंडरी,सहित दर्जनों गांव में सैकड़ो की संख्या में अन्ना जानवरों का झुंड घूम रहा है। जिससे किसानों की फैसले बर्बाद कर रहा है। इन पर अंकुश लगाया जाए, क्योंकि सरकार के द्वारा अन्य पशुओं को संरक्षण के लिए अरबो रुपए खर्च कर रही है। लेकिन अन्ना जानवर की मार झेल रहा, किसान गंभीर समस्याओं को लेकर पूर्व से विभागीय कर्मचारी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि सहित स्थानीय अधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ, अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो किसानों के साथ मिलकर अनशन आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर सामाजिक पीसी पटेल के साथ, रामचंद्र पटेल ,प्रदीप कुमार ,जगदीश कुमार,अरुण कुमार ,महेंद्र कुमार, कमलेश कुमार ,राम सिंह पटेल, शिव मूरत, ज्ञान सिंह, राजेश कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

**चित्रकूट।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग के 12वीं पास बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए संचालित नि:शुल्क ओ लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि चार दिसम्बर तक बढ़ा दी गयी है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के 12वीं पास ऐसे बेरोजगार अभ्यर्थी जो ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक है, वे विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते हुए समस्त संलग्नकों सहित आवेदन पत्र दो प्रतियों में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में चार दिसम्बर को शाम 05 :00 बजे तक जमा कर सकते है। बताया कि चयनित प्रशिक्षणार्थियों को 15 दिसम्बर से संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण प्रारम्भ कराया जायेगा। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को भारत सरकार की मान्यता प्राप्त संस्था ड्वैक/निलिट द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा जो शासकीय एवं अन्य सेवाओं में आवेदन करने के लिए मान्य है।

# जिलाधिकारी ने रनगढ़ किले के निर्माणाधीन रिवरफ्रन्ट का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । बांदा



मंगलवार को जिलाधिकारी जे. रीभा ने पर्यटन विभाग के अन्तर्गत रनगढ़ किले में निर्माणाधीन रिवरफ्रन्ट के कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कार्य बन्द पाया गया।उन्होंने कार्यदाई संस्था उ0प्र0 पर्यटन विकास निगम निगम, लखनऊ के सम्बन्धित अवर अभियन्ता द्वारा बताया गया कि पायलिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अवर अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि मैनपावर बढ़ाकर कार्य मानक एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय पूर्ण करायें। उन्होंने कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए।

# 13 को होने वाली लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



जिला जज मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में 13 दिसम्बर 2025 को होने वाली लोक अदालत को कामयाब बनाने के लिये प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वैन का खास मकसद लोक अदालत के बारे में जानकारी देकर आम लोगों को जागरूक करना है, इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि 10 दिसम्बर 2025 को प्रचार वैन दोबारा निकाली जायेगी। जो जिले के दूर दराज जगाहों पर जायेगी, ताकि गाँव के लोगों को भी लोक अदालत के बारे में जानकारी मिल सके। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका फ़ायदा ले सकें। प्रचार वाहन बस स्टैण्ड, कालपी चैराहा, सिटी फॉरेस्ट, जिला अस्पताल, डिग्गी से होते हुये लक्ष्मीबाई तिराहा, मेरापुर, भिलावां, रमेड़ी तिराहा दीक्षित स्वीटस, कोतवाली के चैरादेवी होते हुये नगर भ्रमण किया। इस मौके पर फर्स्ट अपर जिला जज उदय वीर सिंह, स्पेशल जज एस.सी./एस. टी रनवीर सिंह, स्पेशल जज अनिल कुमार खरवार, सिविल जज सी.डि. निहारिका जायसवाल, सिविल जज सी.डि./एफ.टी.सी. वन्दना अग्रवाल, सिविल जज (जू0डि0) अंकित पाल, सिविल जज (जू0डि0)/ एफ0टी0सी0 कीर्ति मिश्रा, सिविल जज (जू0डि0)/एफ0टी0सी0 शैली शरण, अध्यक्ष स्थाई लोक अदाल प्रमोद कुमार मौजूद रहे।



**मॉस्को–नई दिल्ली भारत का निर्यात बढ़ाने...**

पश्चिम देशों के कड़े आर्थिक प्रतिबंधों और अमेरिका की ओर से टैरिफ वॉर चलाने के बीच रूस ने भारत के साथ अपने संबंधों पर बयान दिया है। रूस ने साफ किया है कि नई दिल्ली के साथ उसका रिश्ता किसी तीसरे पक्ष के दबाव में खत्म नहीं होने वाला। क्रेमलिन के प्रवक्ता... पढ़ें पेज 12 पर...

# लखनऊ सीएमओ ऑफिस में 'मिनी सीएमओ राज'

- फर्जी पद सृजन, अवैध वसूली और सत्ता-सुरक्षा की ढाल में स्वास्थ्य तंत्र चरमराया
- 17 पीएचसी डॉक्टरों के बिना ठप, मगर लेवल-1 डॉक्टर एसी कक्ष में 'मुख्य कार्याधिकारी' बनकर पूरे जिले पर हुकुम चलाते

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजधानी का स्वास्थ्य विभाग इन दिनों एक ऐसे ÷छाया शासन÷ की गिरफ्त में बताया जा रहा है, जिसने पूरी प्रशासनिक व्यवस्था को घुटनों पर ला दिया है। आरोप है कि सीएमओ लखनऊ डॉ. एन.बी. सिंह ने एक लेवल-1 डॉक्टर संदीप प्रताप सिंह को नियमों की धज्जियाँ उड़ाकर ÷मुख्य कार्याधिकारी÷ जैसा रुतबा दे दिया है–ऐसा पद जो न फाइलों में मौजूद है, न विभागीय नियमावली में। शिकायतकर्ता द्वारा भेजे गए दस्तावेज बताते हैं कि सामान्य चिकित्सक संदीप सिंह को फर्जी सहायक नोडल–एनयूएचएम बनाकर सीएमओ ऑफिस में चेंबर, गाड़ी, फर्नीचर और एसी तक मुहैया कराए गए। स्वास्थ्य भवन में उन्हें मिनी सीएमओ कहा जाने लगा है, जबकि दूसरी ओर 17 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिना एमबीबीएस डॉक्टरों के वीरान पड़े हैं। नर्सिंग होम और पैथोलॉजी संचालक दहशत में




शिकायतों में दावा है कि डॉक्टर संदीप सिंह, डॉ. ए.पी. सिंह और कुछ प्रभावशाली कर्मचारियों की टीम नर्सिंग होम, पैथोलॉजी और क्लीनिकों पर मनमाने तरीके से छापेमारी करती है। ÷छापे÷ से पहले कथित एजेंट शिकायतें लिखवाते हैं, फिर ऑपरेशन शुरू होता है। 60-80 हजार रुपये तक की अवैध वसूली रकम का कथित बंटवारा ऑफिस के विशेष अफसरों व कर्मचारियों में नियम न मानने वालों को नोटिस और झंझटों से घेरा जाता है। सिस्टम में एक छापे का रेट तय होने की चर्चा गर्म है। सजातीय संरक्षण और राजनीतिक पहुँच!

**मुख्यमंत्री से तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग**

मुख्यमंत्री, राज्यपाल, लोकायुक्त और स्वास्थ्य मंत्री को भेजी गई शिकायत में कहा गया है सीएमओ लखनऊ ने एक उत्पाती बंदर के हाथ तलवार दे दी है। विभाग की जड़ों में तेज़ाब डाला जा रहा है। शिकायतकर्ता ने मांग की है फर्जी पद सृजन की उच्चस्तरीय जांच छापेमारी के नाम पर वसूली पर एफआईआर लेवल-1 डॉक्टर को तत्काल पीएचसी भेजा जाए

**सीएमओ लखनऊ पर विभागीय कार्रवाई**

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा चरमराया है, पर अधिकारियों पर कार्रवाई का पहिया थम गया है। आरोपों के बीच जनता पूछ रही है क्या लखनऊ के स्वास्थ्य भवन में सचमुच एक 'मिनी सीएमओ' का राज है?

**सोनभद्र में सस्पेंड, लखनऊ में शिकायतें दबा दी गईं?**

शिकायतपत्र में दावा है कि संदीप सिंह अपनी ऊपर तक पहुँच और केंद्रीय प्रभाव का हवाला देकर अधिकारियों को प्रभावित करते हैं। चौंकाने वाली बात यह कि सोनभद्र में अवैध चार्ज देने पर सीएमओ सस्पेंड हुआ था पर लखनऊ में उन्हीं अधिकारियों पर नोटिस के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक प्रमुख विपक्षी दल के विधायक द्वारा की गई शिकायत भी कथित प्रबंधन से ठंडे बस्ते में डाल दी गई। मैदान में डॉक्टर गायब, दफ्तर में 'वीआईपी डॉक्टर'! 17 पीएचसी आयुष/फार्मासिस्ट के भरोसे पूरे जिले में एमबीबीएस डॉक्टरों की कमी चरम पर है। 17 पीएचसी खाली, मरीज आयुष डॉक्टरों और फार्मासिस्ट के भरोसे, स्टाफ का मनोबल टूटा, सेवाएं चरमराईं। इसके बावजूद एक लेवल-1 डॉक्टर को कार्याधिकारी बनाकर एसी कक्ष में बैठाया गया है–मानो जिले की पूरी कमान उन्हीं के हाथ में हो। मीट-मदिरा पार्टियों से लेकर इंटर्नशिप वसूली तक! गुडंबा सीएचसी आवास पर 'विशेष मेहमान नवाज़ी' के आरोप गंभीर आरोपों में यह भी शामिल है गुडंबा सीएचसी आवास पर मीट-मदिरा पार्टियाँ विभागीय इंजीनियर और कर्मचारियों की नियमित दावतें एमबीबीएस इंटर्न से 30,000 और पैरामेडिकल इंटर्न से 15,000 रुपये की वसूली। बर्बाद गुलिस्ताँ करने को बस एक ही उल्लू काफ़ी है।

## बीकेटी चेयरमैन ने बीएलओ को संविधान की किताब चित्र देकर किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ जिले की बीकेटी नगर पंचायत वार्ड नंबर 18 ग्राम उमरभारी के सेक्टर भौली बूथ संख्या 217 एसआईआर पर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के कार्य को लेकर बीएलओ मोहिनी आभा को गांव की सभी मतदाताओं के फॉर्म दिनांक 29/11/2025 को पूर्ण रूप से भर दिया था। वहीं सोमवार को बूथ पर चिनहट ब्लॉक प्रमुख ऊषा सेन, बीकेटी नगर पंचायत चेयरमैन गनेश रावत ने बीएलओ मोहिनी आभा को संविधान की किताब व बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर का चित्र देकर सम्मानित किया तथा बीएलओ का सहयोग करने



वाले, जोन प्रभारी,विजय यादव, सेक्टर प्रभारी कमलेश यादव व मुलायम यादव, जितेंद्र, मनजीत, अजित, मोहित, विनोद, पंकज अन्य ग्राम वासियों के सहयोग से गांव का सम्मान बढ़ाया है। बीकेटी चेयरमैन गणेश रावत ने सभी को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी।

## आईआईएम रोड पर बेकाबू कार ने कई वाहनों को मारी टक्कर,दो की मौत

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन सैरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आईआईएम रोड पर तेज रफ्तार बेकाबू क्रेटा कार ने बाइक को टक्कर मारते हुए डिजायर कार से भिड़ गई,तेज टक्कर लगने से डिजायर कार बस से टकराई, बाद में बस केयूवी कार से टकरा गई और हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई और क्रेटा सवार दो युवक घायल हो गए। वहीं हादसा सोमवार रात 12¬30 बजे आईआईएम रोड पर आरसे लॉन के सामने हुआ। जहां तेज रफ्तार क्रेटा इंटीग्रल यूनिवर्सिटी की ओर से आ रही थी, वह आगे चल रही बाइक को टक्कर मारते हुए डिजायर कार से भिड़



गई। इसके बाद अन्य वाहन आपस में भिड़ते चले गए, जिसमें वाहनों के परखच्चे उड़ गए। वहीं मृतकों की पहचान 37 वर्षीय राजकुमार व मिथलेश 40 वर्षीय के रूप में हुई। दोनों कुर्सी रोड गुडंबा थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। दोनों युवक रात में कैटरिंग का काम करते थे और घटना के वक्त अपने काम से लौट रहे थे। क्रेटा सवार युवकों की पहचान राज कमल उर्फ राज मिश्रा और अभय मिश्रा के रूप में हुई, राज कमल कार चला रहा था। वहीं स्थानीय लोगों की माने तो टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और डिजायर कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें सीएनजी सिलेंडर लगा था, गनीमत रही कि सिलेंडर नहीं फटा, वरना आग लग जाती तो और बड़ा हादसा हो जाता। बस और केयूवी भी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं मृतक राजकुमार के चचेरे भाई अवधेश कुमार गौतम के मुताबिक रात करीब 12 बजे की घटना है। राजकुमार और मिथलेश शालीमार लॉन से कैटरिंग का काम करके अपनी बाइक से लौट रहे थे। तभी क्रेटा गाड़ी ने भाई की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे खड़ी स्विफ्ट को टक्कर मारी और मौके पर भाई और मिथलेश की मौत हो गई। कार सवार नशे में थे। दूर से ही उनके मुंह से शराब गंध आ रही थी। मौके पर पहुंची सैरपुर पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया। दूसरे को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया था, बाद में वह प्राइवेट हॉस्पिटल चला गया। वहीं राजकुमार की पत्नी अनीता, तीन साल का बेटा और 8 साल की बेटी है। मिथलेश के तीन बच्चे हैं, जिसमें दो लड़की एक लड़का है।

## गौशाला के मवेशियों की जान के दुश्मन बना हरा चारा साइलेश में निकल रहे कीड़े

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- कमीशन के चक्कर में मवेशियों की जान से खिलवाड़ कर रहे संबंधित अधिकारी
- हरा चारा खाने से कई महीने पहले कई मवेशियों की हुई थी मौत, अभी भी नहीं सुधरे अधिकारी

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब (बीकेटी) ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भगौतीपुर के पशु आश्रय केन्द्र में हरा चारा जो भेजा जा रहा है उसमें कीड़े निकल रहे हैं। आश्रय केन्द्र पर काम करने वाले गोवंश पालकों ने जब बोरा खोला तो उसमें जो हरा चारा था उसमें कई कीड़े पड़े बजबजाते दिखाई दिए, जो मवेशियों की जान के दुश्मन साबित हो रहे हैं। वहीं प्रधान प्रतिनिधि माता प्रसाद ने बताया कि हरा चारा जिस कंपनी का टेंडर है वहां से भेजा जाता है। गौशाला आश्रय केन्द्र में 241 मवेशियों का हरा चारा भेजा जाता है, जिसमें कीड़े निकलते हैं। मवेशियों को जो खिलाया जाता है, तो उनकी जान का खतरा बना रहता है। कीड़ा युक्त हरा चारा खाकर गौवंश बीमार हो जाते हैं, जो हानिकारक सिद्ध हो रहा है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि पशु आहार भेजा जाता है,लेकिन चूनी चोकर नहीं भेजा जाता है हरा चारा में कीड़े निकालने की जानकारी को लेकर गई ग्राम प्रधानों की शिकायत हैं,लेकिन दबी जुबान से अधिकारियों को शिकायत करने में डर रहे हैं,लेकिन यही रवैया रहा तो और इस पर रोक-टोक नहीं लगाई गई तो मवेशियों की जान जोखिम में



पड़ सकती है। यदि अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाए तो हकीकत अपने आप सामने आ जायेंगी। वहीं सूत्रों की माने तो मोटी कमीशन के चक्कर में चारा टेंडर द्वारा भेजा जा रहा हैं, लेकिन जिम्मेदार जिले के अधिकारी जांच नहीं कर रहे हैं। वहीं स्थानीय गौशालाओं में गौ सेवकों का कहना कि टेंडर द्वारा पैकेट वाले चारे में कीड़े पड़े होते हैं,जिससे कि गोवंश बीमार पड़ रहे हैं और जहां 10 पैकेट मंगाया जाता है वहां पर टेंडर के ठेकेदार 20 पैकेट डाल देते हैं और कहते हैं इसको निपटा दो। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि का कहना है कि चोकर चुनीं के नाम पर गौशाला में पशु आहार दे दिया गया और चोकर नहीं दिया गया जिससे कि गौवंश चारा खाने में दिक्कत करते हैं। गौशाला में ठंड से बचाव के उपाय व्यापक पैमाने पर नहीं है जिससे भीषण ठंड में मवेशियों की हालत दयनीय है। वहीं मुख्यचिकित्सा अधिकारी के उदासीनता के चलते गौशाला में साइलेश टेंडर के नाम पर सप्लाई किया जा रहा है, जिसमें कीड़े निकल रहे हैं। वही गौ सेवक ने बताया कि इसी कीड़े का चारा खाकर पिछले 3 महीने पहले कई गौवंशो की मौत हुई थी,लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को दबा रखा है और कीड़े का चारा खाकर गौवंश खाने पर मजबूर है। लेकिन संबंधित अधिकारियों ने जांच ठंडे बस्ते में डाल कर मामला रफा-दफा कर दिया।

## एडीसीपी ने बीकेटी थाना का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बख्शी का तालाब थाने का मंगलवार दोपहर को अर्धवार्षिक निरीक्षण एडीसीपी उत्तरी गोपी नाथ सोनी ने किया। वहीं एडीसीपी के निरीक्षण के दौरान मिली खामियो को जल्द पूर्ण कराने के आवश्यक दिशा निर्देश दिया गए है। वहीं एडीसीपी उत्तरी ने बताया कि मालखाना, मेस, बैरक अन्य को बारीकी से देखा गया हैं और निरीक्षण का उद्देश्य महज यह है कि थाने का रख रखाव कैसा है, जीडी अभिलेख सही हो रहा है कि नहीं और इसी के चलते साफ सफाई भी हो जाती हैं इस के साथ ही एफआईआर रजिस्टर सहित अन्य



की देख रख हो जाती है। इस दौरान एडीसीपी ने बीट दरोगा अपने हल्का क्षेत्र में कैसा काम कर रहे हैं और आम जनता की सुनवाई हो रही है कि नहीं हो रही है इस पर भी जोर दिया है। इस दौरान एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह, बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

## दो बड़े शहरों को योगी सरकार की सौगात, पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी, लाखों लोगों को मिलेगा फायदा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

**कानपुर- ईस्ट और साउथ सर्विस डिस्ट्रिक्ट में 316.78 करोड़ की पाइपलाइन विस्तार योजना**

कानपुर नगर निगम क्षेत्र के ईस्ट और साउथ सर्विस डिस्ट्रिक्ट में 100 प्रतिशत आबादी तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए पाइपलाइन विस्तार परियोजना को 31,678.88 लाख की मंजूरी मिली है। इसमें भारत सरकार का योगदान 7,610.32 लाख, राज्य सरकार का 18,264.77 लाख और नगर निगम का हिस्सा ?4,566.19 लाख है। परियोजना से कानपुर शहर के 33 वार्डों को सीधा लाभ मिलेगा और ईस्ट-साउथ जोन की पूरी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। जलजनित रोगों में भी कमी आने की उम्मीद है। दोनों परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश के दो बड़े नगरों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था अधिक विश्वसनीय और आधुनिक होगी। सरकार का मानना है कि अमृत 2.0 के तहत ये निवेश शहरी बुनियादी ढांचे को नई मजबूती देंगे और करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाएंगे।

बरेली नगर निगम में पेयजल प्रणाली को नए सिरे से विकसित करने के लिए फेज-1 पुनर्गठन परियोजना को व्यय वित्त समिति से 26,595.46 लाख की स्वीकृति मिल चुकी है। इसमें भारत सरकार का हिस्सा 8,530.96 लाख, राज्य सरकार का 14,504.95 लाख और नगर निगम का अंश 2,559.55 लाख शामिल है। परियोजना के पूरा होने पर बरेली में लगभग 92त्न आबादी, यानी करीब 9 लाख लोग, नियमित और सुरक्षित पेयजल आपूर्ति से कवर हो जाएंगे।

**बरेली: 265.95 करोड़ की पेयजल पुनर्गठन परियोजना**

योगी कैबिनेट ने शहरी पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अटल नवीकरण एवं शहरी रूपांतरण मिशन-अमृत 2.0 के तहत बरेली और कानपुर नगर निगम क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुधारने और नेटवर्क विस्तार के लिए कुल 582.74 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दोनों योजनाएं शहरों की बड़ी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होंगी।

## यूपी के हर मंडल में खुलेगा दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, सरकार का बड़ा फैसला

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में दिव्यांगजनों के लिए एक अहम निर्णय लिया गया। सरकार ने राज्य के सभी 18 मंडलों में नए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) खोलने को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में प्रदेश के 38 जिलों में ऐसे केंद्र चल रहे हैं, लेकिन कुछ समस्याओं के कारण कई जगह संचालन प्रभावित हो रहा था। अब सरकार पूरे ढांचे को नए सिरे से संसाधनों से लैस करते हुए संचालित करने जा रही है, ताकि दिव्यांगजनों को मिलने वाली सेवाओं में कोई बाधा न आए। कैबिनेट के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नए डीडीआरसी खुलने से प्रदेश में दिव्यांगजनों को एक ही जगह पर सर्वे, पहचान, शिविर, सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग फिटमेंट और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी जैसी सेवाएं भी इन केंद्रों पर दी जाएंगी। यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांग प्रमाणपत्र जैसे जरूरी दस्तावेज बनवाने में भी अब लोगों को ज्यादा चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सरकार का मानना है कि इस फैसले से दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ समय पर और सुगमता से मिल सकेगा तथा उनके पुनर्वास की पूरी प्रक्रिया मजबूत होगी।

## यूपी के औद्योगिक रूपांतरण की रफ्तार तेज

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश
- नन्दी की अध्यक्षता में हुई राज्य के औद्योगिक परिदृश्य की समीक्षा बैठक
- न्यूनतम समय में अधिकतम परिणाम की आवश्यकता पर जोर: नन्दी

उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति प्रदान करने के उद्देश्य से औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी' की अध्यक्षता में इन्वेस्ट यूपी में उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न की गई।इन्वेस्ट यूपी टीम ने वर्ष 2023 से राज्य के विनिर्माण क्षेत्र की विकास प्रगति का प्रस्तुतीकरण किया तथा आगामी प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला। मंत्री नंदी ने शून्य-त्रुटि यानि जीरो एरर नीति पर बल देते हुए न्यूनतम समय में अधिकतम परिणाम के लिए तीव्र एवं प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया।बैठक में फैक्ट्री पंजीकरण को सुदृढ़ करने, डेटा प्रणालियों में सुधार एवं औद्योगिक इकाइयों के संचालन को तेज करने से संबंधित विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। राज्यव्यापी औद्योगिक सर्वेक्षण की प्रगति की भी समीक्षा की गई, जिसे नामित एजेंसियों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। मंत्री ने सर्वेक्षण पद्धति, आवंटित औद्योगिक भूखंडों के उपयोग तथा औद्योगिक क्लस्टरों में प्रगति संबंधी बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए, जिस पर अधिकारियों ने अवगत कराया कि सर्वेक्षण की अंतिम समेकित रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाएगी।भूमि उपलब्धता, औद्योगिक पार्कों के विकास, लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी के विस्तार पर भी विस्तृत समीक्षा की गई। नोएडा, यमुना प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा एवं प्राधिकरणों के प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्राधिकार में भूमि अधिग्रहण एवं परियोजना प्रगति की वर्तमान स्थिति से मंत्री को अवगत कराया। निवेशकों हेतु भूमि उपलब्धता एवं प्रक्रियात्मक सरलता को तीव्र गति से आगे बढ़ाने के निर्देश प्रदान किए गए।इज ऑफ डूइंग बिजनेस सुधार, विशेषकर रैशनलाइज्ड सिंगल विंडो एक्ट, समयबद्ध अनुमोदन तंत्र, तथा फंक्शनलिटी सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान आकृष्ट किया गया। मंत्री ने इन्वेस्ट यूपी एवं संबंधित औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को निवेशक सुगमता बढ़ाने हेतु अपने प्रयास और सुदृढ़ करने के निर्देश दिएम बैठक में औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया, जो राज्य में विनिर्माण-आधारित विकास के अगले चरण को सक्षम बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। भूमि मूल्य युक्तिकरण, प्लग-एंड-प्ले अवस्थापना का विकास, तथा बड़े एवं एंकर उद्योगों को आकर्षित करने हेतु नए निर्माण क्षेत्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया बैठक का समापन करते हुए मंत्री नन्दी ने राज्य के औद्योगिक एवं आर्थिक रूपांतरण हेतु निर्धारित विनिर्माण लक्ष्यों की प्राप्ति में सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी को रेखांकित किया।

## मानसिक स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को मिला निशुल्क इलाज



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ विधायक जयदेवी कौशल ने फीता काटकर किया। साथ ही उन्होंने नवजात शिशु कक्ष का भी उदघाटन किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मलिहाबाद पर एक भव्य मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ विधायक जयदेवी कौशल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि 5 लाख तक का इलाज स्मार्टकार्ड से निशुल्क किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने सीएचसी पर बनाए गए नवजात शिशु कक्ष का उद्घाटन कर उन्होंने कहा कि अब नवजात शिशुओं का अच्छा इलाज मिल सकेगा। साथ ही उन्होंने वार्डो के भर्ती प्रसूताओं व नवजात शिशुओं का हालचाल जाना । मानसिक स्वास्थ्य शिविर में मौजूद डाक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित करने के साथ परामर्श दिए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मीनू वर्मा, ज्ञानी पाल, सीएचसी अधीक्षक सहित डाक्टरों का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## मनमानी के चलते नन्हे मुन्ने बच्चों को नहीं मिल पा रहा पोषण आहार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

नौनिहाल बच्चों सहित गर्भवती धात्री महिलाओं को कुपोषण से बचाने के लिए प्रतिमाह पोषणयुक्त राशन उपलब्ध कराती है। यही पोषण आहार आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के मनमानी के चलते लोगों को नहीं मिल रहा है। स्वास्थ्य एवं संवर्धन के लिए नौनिहाल बच्चों सहित गर्भवती धात्री महिलाओं को सरकार द्वारा योजना चलाकर उन्हें पौष्टिक आहार के रूप में चने की दाल, दलिया, तेल आदि चीजे दी जाती है। लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र जिंदौर की आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री सावित्री की मनमानी के चलते दो-दो माह का खाद्यान्न नहीं दिया गया है । अभिभावक दिलीप कुमार ने बताया कि उनके बच्चों का अक्टूबर व नवम्बर माह का खाद्यान्न अभी तक नहीं मिला है। हुमैर अली व रश्मि रावत ने बताया कि उनके बच्चों को नवंबर माह का राशन नहीं मिला है। रश्मि रावत ने बताया कि जब राशन की जानकारी करती है तो आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री अभद्रता करती है।

## जेल के नियमों में बड़ा बदलाव, अब जातियों के आधार पर नहीं होगा काम का बंटवारा, जाति का कॉलम भी हटेगा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कैबिनेट ने जेल मैनुअल में प्रथम संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी, जिसके तहत जेलों में बंदियों से अब जाति आधारित काम नहीं लिया जा सकेगा। साथ ही, बंदियों से जुड़े अभिलेखों में जाति का उल्लेख नहीं होगा। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने सुकन्या शांथा बनाम भारत संघ एवं अन्य रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान जेल मैनुअल में बदलाव करने का आदेश दिया था। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में आया था कि कई राज्यों के जेल मैनुअल में अब भी ऐसे प्रावधान और शब्दावली शामिल हैं, जो कैदी वर्गीकरण, श्रम आवंटन और जेल अनुशासन जैसे मामलों में जाति-आधारित विभाजन, वंशानुगत पूर्वाग्रह आदि रेखांकित करते हैं। कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे ऐसे सभी संदर्भों को हटाएं जो जाति, समुदाय, धर्म या सामाजिक स्थिति के आधार पर भेदभाव को बढ़ावा देते हैं। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा था कि जेल की व्यवस्था संविधान में निहित समानता, गरिमा और भेदभाव-रहितता के संवैधानिक सिद्धांतों के अनुरूप हो। कैबिनेट ने जेल अभिलेखों और वारंटों से जाति के कॉलम हटाने तथा वर्गीकरण, कार्य आवंटन और सजा में छूट से संबंधित नीतियों को केवल वस्तुनिष्ठ, विधिसम्मत और सुधारात्मक मानकों पर आधारित करने के लिए मैनुअल में संशोधन किया है।

# नेपाली यात्रियों को लेकर जा रही बस में लगी आग, 4 की मौत, 24 घायल

■ माल वाहक ट्रक टकराने से बस में लगी भीषण आग में दर्जनों लोग झुलसे

**जन एक्सप्रेस | रामपुर**

जनपद बलरामपुर के थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत बलरामपुर गोंडा राजमार्ग पर फुलवरिया बाईपास के पास मंगलवार को भोर सुबह हुई सड़क दुर्घटना में 3 लोगों की मौत हो गई जबकि 24 व्यक्तियों के घायल हो गए । सभी घायलों को एंबुलेंस द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय में भारतीय कराया गया ।

जानकारी के अनुसार 2 दिसंबर की भोर सुबह एक यात्री बस (न्च् 22 ।ज् 0245) जो भारत नेपाल बॉर्डर सोनौली से दिल्ली जा रही थी, थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत बलरामपुर गोंडा राज्य मार्ग पर फुलवरिया बाईपास के पास रात्रि लगभग 02रू15 बजे बस की टक्कर मालवाहक ट्रक (न्च् 21 क्ज् 5237) से हो गई। जिससे बस दर्घटनाग्रस्त हो गई और उसमे आग लग गई। सूचना प्राप्त होते ही थाना स्थानीय पुलिस, पीआरवी, फायर टेंडर टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाकर बस में सवार व्यक्तियों को रेस्क्यू कर सभी घायल व्यक्तियों को तत्काल उपचार हेतु संयुक्त जिला चिकित्सालय जनपद बलरामपुर एम्बुलेंस से भेजा गया जहां चिकित्सक द्वारा 02 व्यक्तियों को मृत घोषित किया गया । साथ ही 24 घायल व्यक्तियों मे से 05 व्यक्तियों को बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कालेज बहराइच व 01 व्यक्ति को मेडिकल कालेज लखनऊ तथा 01 महिला को मेमोरियल अस्पताल बलरामपुर रेफर किया गया । रेस्क्यू के दौरान 01 व्यक्ति मालवाहक ट्रक के नीचे दबा हुआ मृत हालत में मिला, मृतकों के शिनाख्त का प्रयास व



अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। परिजनों को सूचना दी जा रही है। घायलों में शिव बहादुर परिहार (उम्र 30वर्ष) पुत्र ढेम बहादुर परिहार नि0 बुटवल नेपाल, पूर्णिमा परिहार (उम्र 24वर्ष) पत्नी शिव बहादुर परिहार नि0 गुलमी नेपाल, कृष्ण बहादुर (उम्र 58वर्ष) पुत्र वीर बहादुर नि0 नवल परास नेपाल, विष्णु माया (उम्र 52वर्ष) पत्नी कृष्ण बहादुर नि0 नवल पुर नेपाल, अनिल बहादुर (उम्र 16वर्ष) पुत्र कृष्ण बहादुर नि0 भुटवल नेपाल, सरस्वती पावडेल (उम्र 24वर्ष) पत्नी विनोद खारिल नि0 बुटवल नेपाल, दिवाकर (उम्र 42वर्ष) पुत्र मधशर्मा नि0 भुटवल नेपाल, खारुल बसर (उम्र 24वर्ष) पुत्र अब्दुल अजीज नि0 भगवानपुर, सुर्पोल बिहार, नौशाद अली(उम्र 30वर्ष) पुत्र अब्दुल कैयूम नि0 भगवानपुर, सुर्पोल बिहार, रिचा योगी (उम्र 26वर्ष) पुत्री मुकुन्दनाथ योगी नि0 भुटवल नेपाल, विशाल गुरुंग (उम्र 23वर्ष) पुत्र तेज बहादुर नि0 गुल्मी नेपाल, लाल बहादुर (उम्र 60वर्ष) पुत्र भक्त बहादुर नि0 गुल्मी नेपाल, उषा (उम्र 28 वर्ष) पुत्री लाल बहादुर नि0 गुल्मी नेपाल, विक्रम (उम्र 27वर्ष) पुत्र मनीराम नि0 निलूखेड़ी हरियाणा, सुभाष आर्यन (उम्र 33वर्ष) पुत्र गोपाल आर्यन नि0 सेयोंगा नेपाल, कन्नल बहादुर (उम्र 49वर्ष) पुत्र ग्यान बहादुर नि0 ईटेरा नेपाल, भूषण( उम्र26वर्ष) पुत्र कन्नल बहादुर नि0 ईटेरा नेपाल, ओम बहादुर (उम्र 45वर्ष) पुत्र कुलबहादुर नि0 पाल्पा सांरग नेपाल, बसन्त (उम्र 18वर्ष) पुत्र लाल बहादुर नि0 गुल्मी नेपाल, सनम (उम्र 25वर्ष) पुत्र मनीराम नि0 भुटवल नेपाल, अनीशा पुत्र सनम नि0 भुटवल नेपाल नेपाल, गुलबहादुर (उम्र 26वर्ष) पुत्र कडा बहादुर नि0 गुल्मी नेपाल, बोध बहादुर(उम्र 50वर्ष) पुत्र तेजबहादुर नि0 सुबलाकोट नेपाल तथा धन कुमारी(उम्र 60वर्ष) पत्नी शंकर महतो नि0 भुटवल नेपाल शामिल थे ।घायलों में रिचा योगी (उम्र 26वर्ष) पुत्री मुकुन्दनाथ योगी नि0 भुटवल नेपाल को जिला मेमोरियल चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया । साथ ही कृष्ण बहादुर (उम्र 58वर्ष) पुत्र वीर बहादुर नि0 नवल परास नेपाल, विष्णु माया (उम्र 52वर्ष) पत्नी कृष्ण बहादुर नि0 नवल पुर नेपाल, अनिल बहादुर (उम्र 16वर्ष) पुत्र कृष्ण बहादुर नि0 भुटवल नेपाल, दिवाकर (उम्र 42वर्ष) पुत्र मधशर्मा नि0 भुटवल नेपाल व धन कुमारी(उम्र 60वर्ष) पत्नी शंकर महतो नि0 भुटवल नेपाल मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया तथा कृष्ण बहादुर (उम्र 58वर्ष) पुत्र वीर बहादुर नि0 नवल परास नेपाल को मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लिए रेफर किया गया है । पुलिस द्वारा तत्काल सभी घायलों को इलाज हेतु संयुक्त जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक द्वारा 02 व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया गया तथा 01 व्यक्ति मालवाहक ट्रक के नीचे दबा हुआ मृत हालत में मिला । 24 घायल व्यक्तियों में से 01 घायल महिला को मेमोरियल अस्पताल बलरामपुर, 05 व्यक्तियों को मेडिकल कालेज बहराइच, 01 व्यक्ति को मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया गया है, शेष व्यक्ति संयुक्त जिला चिकित्सालय मे इलाजरत हैं । मृतकों के शव के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा, परिजनों को सूचना दी जा रही है, यातायात सुचारु रुप से संचालित है, शांति व्यवस्था कायम है। बस में सवार यात्रियों का कहना है कि ड्राइवर शराब के नशे में गाड़ी चला रहा था । सोनौली से चलने के बाद कई स्थानों पर बस को रोककर सराब पिया था।

## नशीली दवाइयों पर ड्रग इंस्पेक्टर शिवेंद्र प्रताप सिंह की ताबड़तोड़ बड़ी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

रायबरेली कोडिंन सिरप को लेकर रायबरेली में बड़ी कार्यवाही ड्रग इंस्पेक्टर रायबरेली शिवेंद्र प्रताप सिंह ने किया बड़ा खुलासा नशे के लिए यूज किया जाता है कोडिन सिरप वह नशीली टैबलेट रायबरेली के खीरो थाना क्षेत्र की दो अलग-अलग फार्मों ने मंगवाई थी लगभग 7रू30 लाख बोतले और दवाई कोडिंन सिरप की सप्लाई बांग्लादेश बिहार में हुई रायबरेली की फार्मो पर ड्रग इंस्पेक्टर ने कराई थ्ि दुकानों को किया सिज लखनऊ की दो एजेंसियों से लाई गई थी सिरप ड्रग इंस्पेक्टर शिवेंद्र सिंह ने बताया कि 2023 से लगातार इस पर काम किया जा रहा था लखनऊ की फर्म एजंसी से मंगवाई जा रही थी दवाइयां लखनऊ में भी इस पर कार्यवाही हुई है।

# मकुनहवा कुटी पर संत महन्तों का अंगवस्त्र भेंटकर किया गया सम्मान

**जन एक्सप्रेस | ललिया बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में ललिया थाना क्षेत्र के मकुनहवा कुटी आश्रम में आयोजित परंपरागत धार्मिक अनुष्ठान का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। समापन अवसर पर संत महन्तों का अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया ।

जानकारी के अनुसार 2 दिसंबर को मकुनहवा कुटी आश्रम परिसर सुबह से ही भजन, कीर्तन, सत्संग और गुरु-वंदना से गूंजता रहा। कार्यक्रम के अंत में महन्त सत्यप्रकाश पाठक ने दूर-दूर से आए संत महन्तों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानपूर्वक विदाई की तथा आश्रम की परंपरा के अनुसार सत्कार किया। इस धार्मिक आयोजन में सत्यनाम पाठ, गुरु महिमा पाठ, भजन संध्या, पूजा-अर्चना और सामूहिक आरती का विशेष आयोजन किया गया। श्रद्धालुजन आस्था के साथ उपस्थित रहकर कबीर साहेब की वाणी, उपदेश और सत्संग का आनंद लेते रहे। आश्रम परिसर भक्तिभाव और आध्यात्मिक ऊर्जाओं से सराबोर रहा। महन्त सत्यप्रकाश पाठक ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब की वाणी मानव जीवन को प्रकाश के मार्ग पर ले जाती है और अंधकार को मिटाने का कार्य करती है। ललिया महन्त सुरेन्द्र नाथ शुक्ल ने कहा कि कबीर साहेब ने मानवता को जाति-पांति से ऊपर उठकर एकता और प्रेम का संदेश दिया। उनकी वाणी आज भी समाज को दिशा देती है। कहा कि मकुनहवा कुटी आश्रम सदियों से श्रद्धा और भक्ति का केंद्र रहा है। संत-महन्तों द्वारा समाज में नैतिकता, सदाचार, परोपकार, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने की शीख दी गई है। श्रद्धालुओं ने संत- महन्तो से आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने जीवन में सत्संग एवं गुरु-वाणी के सिद्धांत अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संत रामदास, जगजीवन दास, अचरज गिरी, रामानुजाचार्य, बैरागी दास आदि साधु-संत उपस्थित रहे।

## दिन दहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने सर्राफा व्यवसायी से लूट को दिया अंजाम,इलाके में हड़कंप

**अमेठी।** जनपद के मोहनगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने सर्राफा व्यवसायी को निशाना बनाकर लूट को अंजाम दिया ।वारदात तिलोई तहसील मुख्यालय से लगभग 100 मीटर की दूरी पर हुई ।गांव बार निवासी घनश्याम 45,पुत्र सरजू प्रसाद,रोज की तरह सुबह अपनी मोहनगंज स्थित सर्राफा दुकान पर जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार बाइक पर आए दो बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक कर रोक लिया और देखते ही देखते लूटपाट शुरू कर दी ।घटना इतनी तेज़ी से हुई कि किसी को कुछ समझ आने का मौका ही नहीं मिला ।लूट के बाद बदमाश फरार हो गए ।सूचना पर मोहनगंज पुलिस मौके पर पहुँची और आसपास के क्षेत्रों में नाकेबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया ।पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान में जुटी है। घटना से व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापार मंडल ने कहा कि बढ़ती घटनाएँ सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रही हैं ।पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

विपक्ष एस आई आर को लेकर फैला रहा भ्रम

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले, पात्र मतदाता का नाम सूची से न कटे

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने मंगलवार को गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक की।उन्होंने कहा कि विपक्ष इस अभियान को लेकर जनता में अनावश्यक भ्रम फैलाकर गलत धारणा बनाने की कोशिश कर रहा है,जबकि यह प्रक्रिया लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।बैठक में जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने अभियान के तहत कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।प्रदेश अध्यक्ष ने अभियान की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा का संकल्प है,कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न कटे तथा किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में न जुड़े। उन्होंने कहा कि पहले मतदाता सूची में कई प्रकार की विसंगतियां पाई जाती थीं,जिनके कारण एक ही व्यक्ति का नाम कई जगह दर्ज होना, मृत या विस्थापित व्यक्तियों के नाम बने रहना और गलत प्रविष्टियों के कारण मतदान प्रतिशत प्रभावित होना आम बात थी।चौधरी ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण पारदर्शी और मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद है।इसके बावजूद विपक्ष इस महत्वपूर्ण अभियान को लेकर जनता में भ्रम फैलाने में लगा है।उन्होंने कहा कि भाजपा सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखती है,जबकि विपक्ष विदेशी प्रभावित विचारधाराओं के सहारे देश को अस्थिर करने का प्रयास कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे एस आई आर अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं।एवं पात्र मतदाताओं को जोड़ने तथा गलत प्रविष्टियों को हटाने में पूरी निष्ठा से सहयोग करें।साथ ही उन्होंने सभी जन प्रतिनिधियों से अपील की कि वे मतदाता सूची को सटीक और त्रुटिरहित बनाने में आवश्यक योगदान दें।जिला प्रवक्ता चंद्रमौलि सिंह ने बताया कि समीक्षा बैठक में राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, कृष्ण कुमार सिंह ब्लाक प्रमुख तिलोई, उमेश सिंह ब्लाक प्रमुख गौरीगंज,राकेश त्रिपाठी जिला महामंत्री,जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी सहित कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अर्धवार्षिक बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति अमेठी की वर्ष 2025 की द्वितीय छमाही की अर्धवार्षिक बैठक मंगलवार को राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं संस्थान के निदेशक प्रो.हरीश हिरानी ने की।बैठक में जनपद के 42 पंजीकृत सदस्य संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया।बड़ी संख्या में अधिकारियों, राजभाषा प्रभारियों और विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।प्रो.हिरानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजभाषा हिन्दी के संवर्द्धन के लिए सभी संगठनों का समन्वित प्रयास आवश्यक है।उन्होंने राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा तिमाही प्रतिवेदन की नियमित रिपोर्टिंग पर विशेष बल दिया।बैठक में यह जानकारी भी साझा की गई कि वर्तमान में 42 सदस्य संगठन पंजीकृत हैं।राजभाषा कार्यान्वयन विभाग के निर्देशों के अनुसार,35 से अधिक सदस्य संगठनों वाली समिति को दो स्वतंत्र समितियों में विभाजित करना अनिवार्य है।अध्यक्ष ने इच्छुक संगठनों से आगामी अध्यक्ष पद हेतु अपनीसहमति देने का अनुरोध किया,ताकि विभाजन एवं पुनर्गठन प्रक्रिया सुव्यवस्थित रूप से पूरी की जा सके।सदस्य संगठनों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान, एफडीडीआई फुरसतगंज, एचएएल कोरवा, बीएचईएल,केंद्रीय विद्यालय संगठन, प्रमुख बैंक एवं अन्य शैक्षणिक और औद्योगिक संस्थानों के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।सभी संगठनों ने राजभाषा संवर्द्धन में अपनी गतिविधियों और भावी योजनाओं की जानकारी साझा की।अंत में, अध्यक्ष प्रो.हिरानी ने सभी सदस्य संगठनों का आभार व्यक्त किया।एवं आशा जताई कि सभी कार्यालय राजभाषा हिन्दी के संवर्द्धन में सक्रिय एवं सकारात्मक भूमिका निभाते रहेंगे।

## विशेष प्रवर्तन अभियान में संदिग्ध स्थानों पर दबिश, 75 ली अवैध कच्ची शराब बरामद

**रायबरेली।** जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया है कि आबकारी आयुक्त महोदय द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम मे, प्रवर्तन अभियान के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार, अवैध शराब के निर्माण , बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत निरीक्षक क्षेत्र- 01 अखिलेश कुमार की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा तहसील सदर के थाना गुरुबक्शगंज के अंतर्गत ग्राम ठकुराइन खेड़ा एवं घाटमपुर में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों ध् संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 300 किलोग्राम महुआ लहन बरामद कर मौके पर नष्ट करते हुए 03 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

# 'रेल उत्सव' में भारतीय रेलवे पर लिखी दो पुस्तकों का विमोचन

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

प्रशांत कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, ने ईस्ट इंडियन रेलवे (म्स्) की विरासत पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी और अपनी दो प्रतीक्षित पुस्तकें द हाईवे ऑफ हिंदोस्तान द ईस्ट इंडियन रेलवे (1841-1871)÷ और ट्रैक्स ऑफ नेसेसिटीरू रेलवे, फेमाइन एंड एम्पायर इन डेक्कन लॉन्च कीं। यह कार्यक्रम रेल उत्सव के तहत कलकत्ता यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट, कोलकाता में रेल उत्साही समाज (रेल इंथुजियास्ट सोसाइटी) द्वारा आयोजित किया गया था। द हाईवे ऑफ हिंदोस्तानरू द ईस्ट इंडियन रेलवे (1841-1871) ईस्ट इंडियन रेलवे के प्रारंभिक वर्षों का सबसे व्यापक और प्रामाणिक इतिहास प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक पूरी तरह प्राथमिक स्रोतों पर आधारित है और दिखाती है कि कैसे इस रेलवे की स्थापना साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा से राष्ट्रीय परिवर्तन तक पहुँची। इसमें इंजीनियरिंग चमत्कार, औपनिवेशिक राजनीति, भूले-बिसरे मजदूरों और दूरदर्शी सुधारकों के जीवन को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह केवल ट्रेनों की कहानी नहीं है, बल्कि साम्राज्य, प्रतिरोध और उस लोहे की रेल की कहानी है जिसने पूरे उपमहाद्वीप को जोड़ा। ट्रैक्स ऑफ नेसेसिटीरू रेलवे, फेमाइन एंड एम्पायर इन डेक्कन दक्षिणी मराठा रेलवे और वेस्ट ऑफ इंडिया पुर्तगाली गारंटीड रेलवे का विस्तृत इतिहास बताती है। कठिनाइयों के बीच जन्मी दक्षिणी मराठा रेलवे केवल लोहे की पटरी नहीं थी, बल्कि गरीब समुदायों के लिए जीवनरेखा साबित हुई। इसे एक विशाल फूड फॉर वर्क परियोजना के रूप में विकसित किया गया और यह औपनिवेशिक भारत की सबसे गतिशील रेलवे प्रणालियों में से एक बन गई। साथ ही, ॅप्प्ळत् ने ब्रिटिश भारत को पुर्तगालियो के अधीन स्थित गोवा से जोड़ा, धारवाड़ के कपास खेतों से मर्मुगाओ के गहरे बंदरगाह तक को जोड़ा। पुस्तक में भूले-बिसरे अभिलेखों के माध्यम से उस युग की महत्वाकांक्षा, राजनीतिक समझौते, मेहनती इंजीनियरो और धनी निवेशकों की कहानियाँ जीवंत रूप में प्रस्तुत की गई हैं। यह बताती है कि कैसे लोहे की पटरी ने अकाल-ग्रस्त क्षेत्रों, अलग-अलग उपनिवेशों और महत्वाकांक्षी सपनों को जोड़कर भारतीय उपमहाद्वीप की पहली रेलवे प्रणाली बनाई। भारतीय रेलवे सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और रेलवे इतिहास लेखक पी. के. मिश्रा ने कहा कि भारतीय रेलवे के विकास में पूर्व रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारत में सबसे शुरुआती दौर में इस इलाके में रेल लाइनें बिछी, ट्रेनें चलीं। पूर्वी रेलवे तमाम तरह की चुनौतियों का सामना करते हुए अस्तित्व में आया और संबर्धित व विकसित हुआ।

# आवारा पशुओं से ऊँचाहार की जनता परेशान है: अतुल सिंह

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**



प्रदेश सचिव कांग्रेस एवं पूर्व प्रत्याशी ऊंचाहार अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के पूरे लोधन,जलालपुर धई,मटियारा,रसूलपुर,हजरतपुर, धीरनपुर,कोलिया का पुरवा,ककोड़ा,कूढा चक शगुनपुर,एकला,तारापुर,कल्याणपुर वेती,गुरुदिन पुरवा आदि गांव में चौपाल एवं जनसंपर्क कर लोगो की जन समस्याएं सुनी एवं एसआईआर पर विशेष निगरानी करने की अपील की। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि हमारे क्षेत्र की जनता अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है,क्षेत्रीय विधायक का उनकी समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है।खासकर गौरा ब्लॉक के कछार का क्षेत्र आज भी पाषाण कालीन जीवन जीने के लिए मजबूर है।लोग रोड,सड़क, नाली एवं स्वच्छ जल के लिए परेशान है लेकिन क्षेत्र के विधायक से कोई लेना-देना नहीं है।2027 में ऊंचाहार की जनता ऐसे लोगों को सबक सिखाएगी। जब चुनाव आता है तो लोग घर से निकल लेते हैं चुनाव लड़ने के लिए चुनाव खत्म होते ही घर पर सो जाते हैं।आवारा पशु से किसान हमारा परेशान है। सिंह ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण(ैप्त्) में बीएलओ से मिलकर अपना नाम ध्यान देकर जुड़वाएं क्योंकि मोदी सरकार लगातार वोट चोरी कर रही है। एसआईआर में लोगों के मत काटे जा रहे हैं जिससे लोग मताधिकार का उपयोग न कर सके। इसलिए आप सबसे अनुरोध है कि अपना और अपने परिवार और अपने गांव के लोगों का वोट विशेष ध्यान देकर मतदाता सूची में जुड़वाएं। सिंह ने कहा कि आज देश का लोकतंत्र खतरे में है,बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बने संविधान पर मोदी सरकार लगातार हमले कर रही है।हमारे नेता राहुल गांधी जी लगातार आप सब की समस्याओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। क्षेत्र की जनता का सहयोग हमें लगातार मिल रहा है,मेरी चौपालो में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं यह हमारे लिए गर्व की बात है।मैं हमेशा आप सबके सुख-दुख में खड़ा रहूंगा।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व डिप्टी एसपी आर एन गौतम,जिला सचिव शैलेंद्र सिंह,मेराजुल हसन,मंडल अध्यक्ष अमर यादव,राम प्यारे जायसवाल,बबलू सिंह,विपिन दिवाकर,गुड्डू अवस्थी,युवा नेता विकास दिवाकर,सोनू सिंह,गोलू अग्रहरि,भोला साहू,राम शंकर यादव,शर्मिला सरोज,सीमा सरोज,रवि सिंह,विश्राम यादव,छोटेलाल पासी,संजीव सोनी,मुकेश सैनी,रंजन मौर्य,उत्तम सैनी,जितेन पाल,अरविंद यादव,रविंद्र सरोज,अभिषेक यादव,दीपक सिंह,रघुराज सिंह,बबलू सिंह,अभिमन्यु सिंह,शिवकुमार, महेश गुप्ता,राज किशोर यादव,सुनील लोधी,देश राज गौतम,धनराज लोधी,सुजीत गौतम,सूर्यपाल यादव आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित है।

# एम्स: ईएनटी विभाग में राष्ट्रीय कार्यशाला का किया आयोजन



**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

एम्स रायबरेली के कान, नाक और गला विभाग ने 29 नवंबर को राष्ट्रीय न्यूरो-ओटोलॉजी कार्यशाला का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य वेस्टिबुलर रोगों, चक्कर के निदान और उपचार में नैदानिक दक्षता बढ़ाना था। इस विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूरे भारत से शिक्षाविद, विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल थे। एम्स रायबरेली की कार्यकारी निदेशक और सीईओ प्रो. (डॉ.) अमिता जैन ने अपने उद्घाटन भाषण में भारत सरकार के सुगम और तकनीकी रूप से उन्नत स्वास्थ्य सेवा के उद्देश्य के अनुरूप ईएनटी और न्यूरो-ओटोलॉजी सेवाओं के विकास के लिए संस्थान के समर्पण पर जोर दिया। उन्होंने विभाग की उपलब्धियों, जैसे कि चक्कर आने की प्रयोगशाला की स्थापना और उन्नत ओटोलॉजिकल सर्जरी, पर प्रकाश डाला और आयोजन टीम के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यशाला का आयोजन नाक, कान एवं गला (सर एवं गर्दन सर्जरी) विभाग द्वारा डॉ. अनन्या सोनी (आयोजन अध्यक्ष) और डॉ. अरिजीत जोतदार (आयोजन सचिव) के नेतृत्व में किया गया था। रेजिडेंट, ऑडियोलॉजिस्ट और नर्सिंग अधिकारियों ने वैज्ञानिक सत्रों और व्यावहारिक मॉड्यूल के सुचारू संचालन में योगदान दिया। डॉ. अमित केशरी, डॉ. अनीता भंडारी और अन्य सहित प्रख्यात संकाय सदस्यों ने वेस्टिबुलर फिजियोलॉजी, चक्कर आने के नैदानिक कारणों और व्यावहारिक वीडियो निस्टाग्मोग्राफी (वीएनजी) प्रशिक्षण को कवर करते हुए व्याख्यान दिए और वेस्टिबुलर पुनर्वास का मार्गदर्शन किया।

## पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवकध्युवतियां ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के 04 तक कर सकते है आवेदन: मोहन त्रिपाठी

**रायबरेली।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया है कि पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवकध्युवतियों के लिए 'ओ' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना ऑनलाइन संचालित है। निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में उक्त योजना के द्वितीय चरण के संचालन हेतु समय सारणी प्राप्त हुई है। योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक युवकध्युवतियों को 04 दिसम्बर, 2025 तक पुनः ऑनलाइन आवेदन का अवसर प्रदान किया गया है। योजनान्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था ''नीलिट'' से मान्यता प्राप्त एवं निदेशालय द्वारा चयनित 'ओ' लेवलध्सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराने वाली संस्थाओ मे माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिनके माता-पिताध्अभिभावक की वार्षिक आय रू0 1.00 लाख तक है, द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, की बेवसाइट backwardwelfare-up.gov.in पर दिये गये।

# पति ने पुलिस कमिश्नर से लगाई गुहार



■ पत्नी को ससुरालीजन ने किया अगवा, बंद कमरे में जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शिवराजपुर। शिवराजपुर के शाहपुर माल्हा गांव निवासी शिवम ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत कर अपनी पत्नी को बचाए जाने की गुहार लगाई है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी को ससुरालीजन स्कूल से जबरन उठाकर ले गए और बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। शिवम ने बताया कि उसने युवती से बीती 22 जुलाई को आर्य समाज तहत कानपुर में विवाह किया था। विवाह का विधिवत पंजीकरण उप निबंधक तहसील बिल्हौर में कराया गया था। शादी के बाद दोनों पति-पत्नी की तरह बिल्हौर में रह रहे थे।

### ससुरालीजन ने पहले भी की थी मारपीट, घर से भगाया

पीड़ित के अनुसार बीते 5 नवंबर को युवती के परिजनों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इस संबंध में उसने 6 नवंबर को शिवराजपुर से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

### पेपर दिलाने गया था, वहीं से उठा ले गए आरोपी

शिवम का कहना है कि सोमवार को वह पत्नी को पेपर दिलाने उसके विद्यालय, मुस्ता लेकर गया था। उसी दौरान उसके मायके पक्ष के लोग उसे विद्यालय से जबरन उठा ले गए।

### कमरे में बंद कर मारपीट, जान से मारने की धमकी

शिवम के मुताबिक उन लोगों ने काजल को एक कमरे में बंद कर दिया है और लगातार उसकी पिटाई कर रहे हैं। फोन पर उसको जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं।

### थाने गए तो उलटा भगा दिया, फर्जी शादी बताकर धमकाया

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि जब वह शिकायत लेकर थाने पहुंचा तो पुलिस ने उसकी बात सुनने के बजाय फर्जी शादी बताकर उसे जेल भेजने की धमकी दी और थाने से भगा दिया।

### पत्नी की सुरक्षा की लगाई गुहार


शिवम ने पुलिस कमिश्नर से अनुरोध किया है कि उसकी पत्नी को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराया जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। साथ ही आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी और पत्नी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## सुभानपुर में सड़क दुर्घटना, 19 वर्षीय युवक के दोनों पैर टूटे

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बिल्हौर क्षेत्र के ग्राम सुभानपुर में 23 नवंबर की शाम एक गंभीर सड़क दुर्घटना में 19 वर्षीय युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना में युवक के दोनों पैर टूट गए, जिसका इलाज कल्याणपुर स्थित केशव हॉस्पिटल में अब भी जारी है। पीड़िता सीता रानी (पत्नी राकेश), निवासी ग्राम सुभानपुर, ने मंगलवार को बिल्हौर थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की। तहरीर में उन्होंने बताया कि उनका पुत्र (सौबू) 23 तारीख को रिश्तेदार नीरज (पुत्र प्रकाश), निवासी ग्राम सरगवा, के साथ अपाची वाहन से पुरा सेवा मंदिर, उतरी क्षेत्र से वापस घर लौट रहा था, तभी पीछे से तेज़ गति में आ रही पैसेंजर ऑटो कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि युवक के दोनों पैर गंभीर रूप से फ्रैक्चर हो गए। मां ने कहा कि वह दुर्घटना के बाद अपने बेटे के उपचार व व्यवस्था में पूरी तरह व्यस्त थीं, इसलिए समय रहते थाने पर सूचना नहीं दे सकीं। अब उपचार की स्थिरता के बाद वह रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची हैं।

# चार साल में 40 लाख डकार गयी प्रधान आशिफा बेगम

जन एक्सप्रेस। सीतापुर




पिसावां। विकास खण्ड पिसावां की ग्राम पंचायत जलालनगर में प्रधान आशिफा बेगम में बेखौफ होकर ग्राम निधि पर सीधी डकैती डाली है, सरकार की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायत के तत्कालीन सचिवो ने प्रधान के साथ मिलीभगत कर ग्राम निधि की धनराशि को लूटने का काम किया है ग्राम पंचायत में सरकार के द्वारा भेजी गई विकास कार्यों की धनराशि को प्रधान आशिफा बेगम ने सचिवो के साथ मिलीभगत कर अपने पुत्र मोहम्मद राशिद की फर्म समीर कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर पर बेखूफ धन भेज कर बंदरबाँट किया है जारी आदेशो के बाद भी तत्कालीन सचिवो ने भी प्रधान के साथ गठजोड़ कर विकास कार्यों को धनराशि को नियमविरुद्ध प्रधान के पुत्र की फर्म व व्यक्तिगत बैंक खाते में भुगतान कर दिया जिससे कि ग्राम पंचायत में विकास कार्य दम तोड़ते नजर आ रहे है बताते चले कि पंचायत चुनाव 2021 में ग्राम पंचायत जलालनगर में आशिफा बेगम प्रधान चुनकर आयी व मई माह में प्रधानी का कार्यकाल संभाला कार्यकाल संभालते ही प्रधान ने फर्जीवाड़े की नीयत से सबसे पहले अपने पुत्र मोहम्मद राशिद के नाम पर समीर कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर के नाम से दिनाक 01-08-2021 को फर्म का रजिस्ट्रेशन कराकर जिससे कि ग्राम निधि को आसानी से बंदरबॉट किया जा सके और उस समय के सचिव ने प्रधान के इरादों में भरपूर सहयोग भी दिया है हालांकि इसके बाद 2022 में शासनादेश जारी किया गया जिसके जिसमे आदेशित किया गया कि प्रधान अपने परिवारीजनों व नाते रिश्तेदारो की फर्म पर भुगतान नही करेंगे, लेकिन सचिव ने अपने निजी लाभ को ध्यान में रखते हुए आदेशों को दरकिनार कर दिया व प्रधान पुत्र की फर्म पर भुगतान जारी रखे जिससे न केवलशासनादेश की धज्जिया उड़ी बल्कि ग्राम पंचायत में विकास कर भी प्रभावित हुए, एक के बाद कई सचिव आते जाते रहे लेकिन किसी ने भी प्रधान के पुत्र व उसकी फर्म पर रोक नही लगाई व भुगतान कर आसानी से काली कमाई के हिस्सेदार बनते है, फर्म पर शासनादेश आने के बाद से लेकर अभी तक लगभग 40 लाख से अधिक रुपयों का भुगतान कर घोटाला किया गया है जिसमे सचिवो ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 815045 रुपये, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1271808 रुपये, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1352240 रुपये व वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 568036 रुपये का भुगतान किया गया इस प्रकार से चार सालों में तत्कालीन सचिवो के द्वारा प्रधान पुत्र की फर्म पर लगभग 40 लाख से अधिक की धनराशि का भुगतान कर फर्जीवाड़ा किया है। वही तत्कालीन सचिव अमित कुमार साहू की बातो पर गौर किया जाए तो प्रधान के भ्रष्ट होने के कयास लगाए जा रहे है क्योंकि सचिव ने बताया कि उस ग्राम पंचायत में बवाल ज्यादा है अगर मैं वंहा से हटता नही तो मेरे ऊपर कार्यवाही होना तय था अगर ग्राम प्रधान घोटालेबाज नही है तो फिर सचिव को कार्यवाही का डर क्यो जब इस पूरे प्रकरण पर एडीओ पंचायत इकराम अली से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि जांच उपरांत विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने थाना अरौल का वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



पुलिस उपायुक्त पश्चिम, दिनेश त्रिपाठी ने थाना अरौल का वार्षिक निरीक्षण किया, जिसमें पुलिस कार्य, जन-सुविधाओं, डिजिटल प्रणाली और अभिलेखीय रख-रखाव की गहन समीक्षा की गई।निरीक्षण की शुरुआत में थाना गार्द द्वारा दी गई सलामी को महोदय ने स्वीकार किया। इसके बाद उन्होंने बैरक, मेस, शौचालय सहित थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, अनुशासन और संसाधन प्रबंधन को दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश प्रभारी निरीक्षक को दिए। महोदय ने राष्ट्रीय पुलिस डिजिटल प्लेटफॉर्म ष्टष्टञ्जहस् कक्ष और मालखाना का भी निरीक्षण कर डाटा एंट्री, केस प्रबंधन, अभिलेख अपडेट और संसाधनों की सुरक्षा को बिना त्रुटि के संचालित करने के निर्देश दिए।मिशन शक्ति केंद्र पर आए प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण, आगंतुक रजिस्टर में प्रविष्टियों, पेयजल और जन-सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं की भी जाँच की गई। साथ ही, शस्त्रागार का निरीक्षण कर असलहों की सफाई और सुरक्षित रख-रखाव का अवलोकन किया गया।निरीक्षण के क्रम में गार्ड फाइल, कैश बुक, ऑर्डर बुक, बीट सूचना, मालखाना रजिस्टर, सक्रिय अपराधी सूची और न्यायालय आदेश बुक का विस्तृत अध्ययन किया गया। महोदय ने लंबित प्रकरणों और विवेचनाओं का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष ज़ोर दिया। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर मंजय सिंह व थाना प्रभारी अरौल जनार्दन सिंह यादव मौजूद रहे पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने कहा कि जन-समस्याओं का त्वरित समाधान, निष्पक्ष विवेचना और सुव्यवस्थित आधिकारिक रिकॉर्ड थाना स्तर पर सुशासन की बुनियाद हैं, जिन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ लागू किया जाना चाहिए। प्रशासनिक सुधार और कानून-व्यवस्था की मजबूती के लिए सभी निर्देशों का सख्ती से अनुपालन अनिवार्य है।

# डायल 112 में तैनात कांस्टेबल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




कानपुर में मंगलवार को एक कांस्टेबल ने फांसी लगाकर जान दे दी वह डायल 112 मैं तैनात उम्र 30 साल थी साथी पुलिस कर्मियों ने दरवाजा तोड़कर फंदे से शव उतारा। कांस्टेबल अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ आवास में रहता था 26 नवंबर को पत्नी बच्चों के साथ मायके गई थी परिवार को सूचना दी गई कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है अभी तक आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है कल्याणपुर पुलिस ने कमरे से सबूत जुटाए हैं। कांस्टेबल मान महेंद्र थाना कल्याणपुर के श्याम जी पुरम में 12 सिरोही बंपर रोड पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अजय यादव के चार मंजिला मकान में रहते थे साथ मैं पत्नी कविता 26 वर्ष और दो बच्चे तेजस पांच और दीपांशु 3 वर्ष रहते थे इसी मकान के सेकंड फ्लोर पर कल्याणपुर थाने के दरोगा इतेंद्र कुमार भी रहते हैं। उनका हेलमेट सिपाही मांन महेंद्र के पास रखा था। इसके बाद उन्होंने खिड़की से देखा तो महेंद्र का शव फंदे से मटका मिला। इसके बाद उन्होंने थाने पर सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। 26 नवंबर को दोनों बच्चों के साथ पत्नी में के मथुरा के नरौली थाना क्षेत्र के सर्पीपुर गांव गई हुई थी पत्नी ने बताया 27 नवंबर से मेरी कोई बात नहीं हुई है। 2018 में यूपी पुलिस में भर्ती हुए थे मान महेंद्र। कांस्टेबल मान महेंद्र मथुरा से गोवर्धन थाना क्षेत्र के गांव में मढेरा के रहने वाले हैं उनकी शादी 2015 में हुई थी वह 2018 बैच के सिपाही थे 11 जुलाई 2018 को अप पुलिस में भर्ती हुए थे 13 जून 2015 को रावतपुर थाने से डायल 112 में भेजे गए थे जिसके बाद किदवई नगर की पीआरबी 1246 में तैनात थे।

## पुलिस की मसक्कत तब पटरी पर आई हरगावं चीनी मिल की शांति व्यवस्था

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। अवध शुगर एंड एनर्जी चीनी मिल में गन्ना लेकर पहुंचे किसानों व तैनात सुरक्षा कर्मियों में भिड़ंत हो गई। इस दौरान मिल के सुरक्षाकर्मी ने गन्ना किसानों पर बंदूक तान दी। आक्रोशित किसानों का आरोप है कि इस दौरान सुरक्षा कर्मियों ने हाथापाई भी की। इससे नाराज गन्ना किसानों ने चीनी मिल गेट पर सड़क जाम कर हंगामा करना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल दोनों पक्षों को समझा बुझा कर स्थिति को बिगड़ने से बचाने के साथ मामला शांत कराया। इस मामले में किसान सिक्योरिटी गॉर्ड पर बंदूक तानने जबकि मिल प्रशासन किसान पर बिना नंबर के जबरन ट्रॉली अंदर ले जाने का आरोप लगाया है। रौना गांव के निवासी सचिन रविवार की रात ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लेकर मिल पहुंचे। आरोप है कि जब वह अपनी ट्राली अंदर लेकर जाने लगे तो सुरक्षाकर्मी ने अभद्रता की। विरोध पर उनके ऊपर बंदूक तान दी गई। इस घटन की जानकारी अन्य गन्ना किसानों को हुई तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। किसान गार्ड पर कार्रवाई की मांग कर प्रदर्शन करने लगे।

# बैनर फाड़ने को लेकर सवर्ण आर्मी हुई आक्रामक जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन




जन एक्सप्रेस। सीतापुर

मछ्रेहटा। बीते दिनों मछ्रेहटा मे एक बैनर फाड़े जाने को लेकर सवर्ण आर्मी अब खुलकर सामने आ गई है। बताते चले कि मछ्रेहटा ब्लाक मुख्यालय के सामने अरुण कुमार शुक्ला के मकान के पास सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों का फोटोयुक्त एक बैनर लगा हुआ था। सूत्रो के अनुसार ब्लाक मे तैनात एडीओ पंचायत का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे संदीप कुमार के निर्देश पर सफाईकर्मियों ने उसे फाड़ दिया। इस कृत्य को लेकर सवर्ण आर्मी के सदस्य सुशील शुक्ला ने आपत्ति दर्ज कराई और घटना के संबंध में जिलाधिकारी सीतापुर को एक पत्र भी प्रेषित किया। एक सप्ताह बीतने पर भी कोई कार्रवाई न होने की स्थिति मे सोमवार को सवर्ण आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम तिवारी के नेतृत्व मे जिला इकाई ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजली सिंह को सौंप कर मांग की कि ऐसी घृणित मानसिकता वाले सवर्ण समाज के विरोधी एडीओ पंचायत संदीप कुमार को तत्काल हटाया जाए और विधिक कार्रवाई की जाए। अन्यथा की स्थिति मे सवर्ण आर्मी आन्दोलन के लिए बाध्य होगी।

इस मौके पर सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ कपिल श्रीवास्तव, सुशील शुक्ला, सुरेश पाण्डेय, प्रभाकर पाण्डेय, कोमल सिंह, अमित, सर्वेश, स्वयंवर सिंह, अभिषेक, अशोक तिवारी, शिवाकान्त मिश्र, धीरज पंडित सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# नक्शे के विपरीत बन रहा था मकान

## आवास विकास अधिकारियों ने रुकवाया निर्माण



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंबेडकरपुरम, आवास विकास-3 में बिना स्वीकृत नक्शे के बनाए जा रहे मकान को आवास विकास विभाग ने सोमवार को रुकवा दिया। जानकारी के मुताबिक, मकान मालिक विनोद कुमार आवास विकास की मंजूरी के विपरीत निर्माण कार्य करा रहे थे। विभाग की टीम ने कुछ दिन पहले ही उनके घर पर नोटिस चस्पा किया था, जिसमें निर्माण कार्य तत्काल रोकने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद मकान मालिक चोरी-छिपे निर्माण जारी रखे हुए थे। सूचना पर आवास विकास के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। अनियमितता और आदेशों की अनदेखी देख अधिकारियों ने विनोद कुमार को जमकर फटकार लगाई। विभागीय टीम ने मौके पर ही निर्माण कार्य रुकवाते हुए स्पष्ट कर दिया कि स्वीकृत नक्शे के अनुरूप निर्माण होने पर ही आगे की अनुमति दी जाएगी। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि दोबारा नियम विरुद्ध निर्माण कार्य किया गया तो विभाग नियमानुसार सख्त कार्रवाई करेगा।विभाग का कहना है कि क्षेत्र में अवैध निर्माण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बिल्हौर में दहेज उत्पीड़न और क्रूर हमले का आरोप

■ 9 माह की बच्ची संग थाने पहुंची विवाहिता, ससुराल व मायके पक्ष पर भी मारपीट का आरोप

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



थाना बिल्हौर क्षेत्र के नानामऊ गांव की निवासी एक विवाहिता ने अपने पति सहित ससुराल पक्ष के चार सदस्यों पर दहेज प्रताड़ना, जानलेवा हमला, बंधक बनाने तथा मायके वालों से मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता अमिता कश्यप अपनी 9 माह की बच्ची को लेकर न्याय की गुहार लगाने बिल्हौर थाना पुलिस पहुंची। शादी के बाद बदला ससुराल का व्यवहार – दो लाख और सोने की अंगूठी की मांग -अमिता की शादी 11 जून 2023 को बॉगरमऊ निवासी शिवा कश्यप के साथ हुई थी। पीड़िता के अनुसार, विवाह में मायके पक्ष द्वारा पल्सर मोटरसाइकिल, 10 ग्राम सोने की चेन और अन्य व्यवस्थाओं पर लगभग 7 लाख रुपये खर्च किए गये थे। शुरुआती महीनों में सब सामान्य रहा, पर बाद में पति, सास माया देवी, ससुर हरीशंकर और ननद तुलसी ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। बेटी शिवन्या के जन्म के बाद प्रताड़ना और भी बढ़ गई। समझौता भी नहीं रोक सका हिंसा, 05 जून 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ, लेकिन पीड़िता का कहना है कि दो दिन बाद ही उसके साथ दुर्व्यवहार और हिंसा और तेज हो गई। 26 नवंबर की रात क्रूरता की सारी हदें पार करने का आरोप, अमिता ने 26 नवंबर 2025 को हुई घटना को निर्मम बताते हुए आरोप लगाया कि- पति व सास ने उसकी गर्दन दबाकर हत्या का प्रयास किया, ननद ने जलती प्रेस से उसका हाथ जला दिया ससुर ने करंट लगाकर सीढ़ियों से धक्का दे दिया, बेहोशी की हालत में उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया, साथ ही पति ने मायके पर कॉल कर कहा –आकर देख लो, तुम्हारी बेटी को मारकर कमरे में बंद कर दिया है। मायके पक्ष से मिलने पर रोक और उनके साथ मारपीट का आरोप जब अमिता के मायके वाले उसे बचाने पहुंचे, तो आरोपियों ने उनसे मिलने नहीं दिया और उनके साथ भी मारपीट की। घटना की सूचना पर पहुंची बॉगरमऊ थाना पुलिस ने पीड़िता को बाहर निकाला, लेकिन अमिता का कहना है कि उस समय कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। अब मुकदमा और मेडिकल जांच की मांग, विवाहिता ने बिल्हौर पुलिस से आरोपियों पर तत्काल एफआईआर सख्त कानूनी कार्रवाई, चिकित्सकीय परीक्षण, 9 माह की पुत्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने कहा है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जरूरी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने चिकित्साधिकारियों को पढ़ाया गम्भीरता का पाठ

## अनुमति के बगैर जिला छोड़ा तो होगी सख्त कार्यवाही

जन एक्सप्रेस। सीतापुर




जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने कार्यों में गम्भीरता लायें। उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अनुमति लेकर ही मुख्यालय छोड़ें, बिना अनुमति के कोई भी मुख्यालय छोड़ता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि इसेंशियल ड्रग लिस्ट (ईडीएल) के अनुसार दवाओं की उपलब्धता के सम्बन्ध में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सालयों की व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाये तथा साफ-सफाई एवं लान्ड्री पर विशेष ध्यान दिया जाये। प्रसव के दौरान समस्त सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।

ड्यू लिस्ट समय से अपडेट करायी जाये। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि ड्यूटी रोस्टर व सुरक्षा हेतु लगाये गये गार्डों का भी ड्यूटी रोस्टर बनाया जाये। सभी चिकित्सलयों में कार्य करने वाले कर्मचारी निर्धारित यूनीफार्म में रहें, यह सुनिश्चित किया जाये। सभी चिकित्सक वार्डों का सुबह व शाम को निरीक्षण अवश्य करें। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सालयों में बेडशीट कलर कोड के साथ ही बिछायी जायें तथा कलर कोड वाली बेडशीट का फ्लैक्स सभी चिकित्सालयों में लगाया जाये। उन्होंने संबंधित प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र की जनसंख्या के आधार प्रसव सुनिश्चित किये जायें।

### प्रभारी चिकित्साधिकारी झोलाछाप डाक्टरों की तैयार करेगे सूची

सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि झोलाझाप डाक्टरों की सूची तैयार करते हुये उन पर कार्यवाही अमल में लायें तथा यह भी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें कि उनके क्षेत्र में कोई भी झोलाझाप डाक्टर नहीं है। अवैध चिकित्सालयों की सूची तैयार करते हुये उन पर कार्यवाही करें।

जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि उपचार के अभाव में किसी भी मरीज की मृत्यु नहीं होनी चाहिये। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी सभी चिकित्सकों को निर्देश दिये कि अपने चिकित्सालयों में सभी अपने अधीनस्थ को अवगत करायें कि मरीजों से अच्छा व्यवहार किया जाये तथा मधुर भाषा का प्रयोग करें।

### नगर की 36 और 46 ग्रामीण क्षेत्र की आशाओं की होगी सेवा समाप्त

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि माह अक्टूबर 2025 में शून्य प्रसव कराने वाली ग्रामीण क्षेत्रों की 46 एवं नगरीय क्षेत्र के 36 आशा कार्यकत्रियों को मुख्य चिकित्साधिकारी के स्तर से सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया जाये। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकत्रियों को विकास खण्ड स्तर पर सम्मानित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सबसे अच्छा कार्य करने वाली आशा कार्यकत्रियों को आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर उनके द्वारा जनपद स्तर पर सम्मानित भी किया जाएगा। आशा एवं आशा संगिनी के रिक्त पदों को तत्काल भरा जाये।

# सपा ने तेज किया मतदाता सत्यापन अभियान, विनय यादव ने शिवराजपुर ब्लॉक के गांवों में एस आई आर कार्यों की समीक्षा की

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

मतदाता सूची में नाम सुरक्षित व त्रुटि-रहित दर्ज कराने के लिए समाजवादी पार्टी ने ग्रामीण क्षेत्रों में एसआईआर अभियान को और तेज़ कर दिया है। मंगलवार को पार्टी के बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने शिवराजपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में जाकर इस प्रक्रिया की जमीनी समीक्षा की। अध्यक्ष ने संगठनात्मक टीम के साथ घर-घर सत्यापन, 2003 की एसआईआर सूची से मतदाता विवरण का मिलान और मतदाता संशोधन फार्म जमा करने की प्रक्रिया का सूक्ष्म परीक्षण किया, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने संविधान-प्रदत्त अधिकार से वंचित न हो।

### मतदान अधिकार की सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है एस आई आर

ग्रामीणों से संवाद करते हुए विनय यादव ने कहा– एस आई आर केवल एक संशोधन प्रक्रिया नहीं, बल्कि मतदाता अधिकारों की सुरक्षा की सबसे बड़ी कवच प्रणाली है। नाम गलत या अनुपस्थित होने पर नागरिक मतदान नहीं कर पाएगा, इसलिए जागरूकता और सत्यापन बेहद जरूरी है।

### पात्र मतदाता की सहायता प्राथमिकता

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पीडीए वर्ग (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) सहित सभी पात्र मतदाताओं की मदद में पूरी गंभीरता से जुटें तथा सुनिश्चित करें कि किसी भी योग्य नागरिक का नाम सूची से हटने न पाए।÷योग्य मतदाता के नाम की सुरक्षा, विशेषकर पीडीए समाज के मताधिकार की रक्षा, सपा संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है,÷ उन्होंने कहा।

### निष्पक्षता और पारदर्शिता की अपील

विधानसभा अध्यक्ष ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि एसआईआर प्रक्रिया को बिना किसी भेदभाव के पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संचालित किया जाए, ताकि लोकतांत्रिक प्रणाली में प्रत्येक नागरिक की समान भागीदारी बनी रहे। ग्रामीणों ने किया स्वागत, बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा ,अभियान को गांवों में सकारात्मक समर्थन मिला। स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साह दिखाते हुए मतदाता सूची सुधार, सत्यापन व फार्म जमा कराने में सक्रिय सहभागिता की और इस पहल को आवश्यक लोकतांत्रिक कदम बताया। निरंतर जारी रहेगा अभियान समाजवादी पार्टी ने घोषणा की है कि यह मतदाता संरक्षण व नाम सत्यापन अभियान निरंतर चलता रहेगा। आने वाले दिनों में भी पार्टी की टीमें गांव-गांव पहुंचकर पात्र मतदाताओं को उनके मतदान अधिकारों के प्रति जागरूक और सूची-दर्ज में सहयोग प्रदान करती रहेंगी।



## परिषद द्वारा विश्व एड्स दिवस जागरुक गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा विश्व एड्स दिवस पर जागरुक गोष्ठी आयोजित किया गया। गोष्ठी का शुभारम्भ राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व परिषद के ऑडिटर उमा शंकर गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी व संचालन जिला महासचिव विजय शुक्ला ने किया गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति ने कहा एड्स एक भयावह बीमारी है। एड्स को केवल जागरूकता के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है जिला सलाहकार डॉ राजीव मिश्रा ने कहा एड्स असुरक्षित रक्त लेने से असुरक्षित यौन संबंध बनाने से, संक्रमित मां से उसके गर्भ में पल रहे बच्चे में फैलता है। जिला उप सचिव डॉ विकास जैन ने कहा एड्स की पहचान संभावित लक्षणों के देखने के पश्चात ही हो पाती है गोष्ठी के अंत मे सभी पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से एड्स जागरूकता रंगोली को मोमबत्ती से सजाया कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, विजय कुमार शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति, जिला मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, विनोद त्रिपाठी, विधि परामर्श केंद्र न्याय पीठ सदस्य अंकित श्रीवास्तव, ऑडिटर उमा शंकर गुप्ता आदि।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# यूएन क्यों नहीं चाहता जम्मू-कश्मीर की बदलती तस्वीर देखना?

**आज यूएन ने जिस तरह मुसलमानों के खिलाफ हिंसा और भेदभाव का मुद्दा उठाया है, वह एक और अतिशयोक्ति का उदाहरण है। कोई ये न भूले कि भारत में 20 करोड़ से अधिक मुसलमान रहते हैं और वे राजनीति, न्यायपालिका, सेना, प्रशासन, कला और शिक्षा हर क्षेत्र में समान अधिकारों के साथ अग्रणी भूमिका निभाते हैं। यदि कहीं कोई स्थानीय अपराध या दंगा होता है तो उसे पूरे देश की सामुदायिक संरचना पर आरोप के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास गलत और विभाजनकारी है। भारत का संविधान हर नागरिक को समान अधिकार देता है।**

*संयुक्त राष्ट्र के कुछ विशेषज्ञों द्वारा हाल ही में भारत पर लगाए गए मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि आखिर यूएन किस चश्मे से भारत को देखता है। कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुआ क्रूर आतंकवादी हमला, जिसमें 26 निर्दोष लोग मारे गए, किसी भी राष्ट्र के लिए सिर्फ सुरक्षा चुनौती नहीं माना जा सकता है, यह राष्ट्रीय अस्मिता पर सीधा प्रहार था। हमले की औपचारिक निंदा करने के बाद यूएन विशेषज्ञ जिस तेजी से भारत सरकार की प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई को कटघरे में खड़ा करने में लगे दिखते हैं, वह आज इस तथ्य को उजागर करता है कि युनाइटेड नेशन की नजरें जमीन पर घट रही वास्तविकताओं से अधिक एक पूर्वनिश्चित नैरेटिव पर टिकी हुई हैं। सवाल यह है कि क्या किसी भी संप्रभु राष्ट्र को अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अधिकार नहीं? क्या कोई देश आतंकी वारदात के बाद हाथ पर हाथ धरे बैठा रह सकता है? आतंकवाद कोई वैचारिक बहस का विषय नहीं है, यह एक हिंसक अपराध है, जिसका उद्देश्य समाज और शासन को अस्थिर करना होता है, इसलिए भारत द्वारा 2800 संदिग्धों को पूछताछ या कानूनी कार्रवाई के लिए हिरासत में लेना न तो असामान्य है और न ही अव्यवहारिक। पर यूएन ने इसे मनमानी गिरफ्तारी, यातना, भेदभाव और सामूहिक दंड का रूप देने में जरा भी संकोच नहीं किया है। यह वह अतिशयोक्ति है जो अक्सर राजनीतिक प्रेरणाओं से संचालित रिपोर्टों में दिखाई देती है। जबकि कश्मीर का सच इससे बिल्कुल उलट है। कहना होगा कि 2019 के बाद घाटी जिस विकास पथ पर आगे बढ़ रही है, वह कई दशकों की ठहराव वाली नीतियों से बिल्कुल भिन्न है। पर्यटन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है, युवा उद्यमों और सरकारी योजनाओं के माध्यम से रोजगार पा रहे हैं। स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे परिवर्तन दिख रहे हैं जो कश्मीर को नई आर्थिक पहचान देते हैं। देश भर से निवेशक कश्मीर को संभावनाओं की भूमि के रूप में देखने लगे हैं। स्थानीय लोग पहली बार महसूस कर रहे हैं कि उनके पास वह अपार अवसर हैं जो कभी चुनिंदा हाथों तक सीमित रहते थे। इसके बावजूद भी देखिए; यूएन की आई इस हालिया रिपोर्टों में इन सकारात्मक परिवर्तनों का कहीं उल्लेख नहीं होता, मानो जम्?मू-कश्?मीर राज्?य में कश्मीर क्षेत्र केंद्र द्वारा दी जा रही प्रताड़ना, दमन और संघर्ष की कहानी ही हो! यूएन विशेषज्ञों का लगाया गया ये आरोप भी समझ के परे है कि सरकार ने इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला किया, जबकि वास्तविकता यह है कि कश्मीर में इंटरनेट या संचार सेवाओं पर अस्थायी नियंत्रण सुरक्षा कारणों से किया जाता है, ताकि अफवाहें न फैलें, आतंकी नेटवर्क डिजिटल माध्यम से सक्रिय न हो सकें और किसी संवेदनशील परिस्थिति का दुरुपयोग न किया जा सके। अब सोचने वाली बात ये है कि क्या मानवाधिकार केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तक सीमित हैं और नागरिकों की जान की सुरक्षा कोई अधिकार नहीं? इसी तरह विशेषज्ञों ने घरों के विध्वंस को सामूहिक दंड बताया। यह तथ्य छिपा लिया गया कि इनमें से अधिकांश मामले अवैध कब्जों, अवैध निर्माणों और न्यायिक प्रक्रिया के तहत आने वाली कार्रवाई से संबंधित होते हैं। राज्य बिना कानूनी आधार के किसी भवन को ध्वस्त नहीं करता। किंतु कश्मीर का मामला होने के कारण हर प्रशासनिक कार्रवाई को 'उत्पीड़न' की संज्ञा दे देना इस अंतरराष्ट्रीय संस्था को सबसे आसान नजर आता है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**हमारा शरीर मरणधर्मा है और सुरक्षा चाहता है। मरणधर्मा हाड़ मांस से लिपट कर यह आत्मा जीवन और मृत्यु का स्वाद बार-बार लेता है। अमरता और पुनर्जन्म के विचार के साथ श्री कृष्ण मानवीय जीवन के विमर्श का पूरा नक़्शा ही बदल देते हैं- शरीर का अंत अंत नहीं होता और न शरीर का आरम्भ आरम्भ होता है। क्षण-क्षण बदलती दुनिया जिस पर अधिकार जमाना संभव नहीं उसे बदले और अस्थायी चीजों में हम अवलोकन करते हैं, खोज करते हैं और गद्गद होते हैं। वस्तुत- हम एक महा आख्यान के हिस्से होते हैं, अतीत की कथा वर्तमान को और वर्तमान भविष्य को रचती चलती रहती है। उन कथाओं को तो हम नहीं जानते पर उनमें भूमिका जरूर अदा करते हैं।**


# सहज कर्म-पथ का आह्वान है भगवद्गीता



गिरीश्वर मिश्र

**रोचक बात यह है कि कथा या भूमिका याद न भी हो तो भी हम उसके परिणामों से नहीं बच सकते। पुनर्जन्म यह भी बताता चलता है कि यह विश्व हमारे पहले भी था और हमारे बाद भी रहेगा। गीता व्यक्ति के मानसिक-आध्यात्मिक उन्नयन पर बल देती है। अस्तित्व का अर्थ और मूल्य ही गीता का प्रतिपाद्य है। कर्म मार्ग का प्रवर्तन ही उसका प्रमुख उद्देश्य है। कर्म की गति गहन होती है। कर्म से मुक्ति संभव नहीं है।**

कालजयी श्रीमद्भगवद्गीता उस महाभारत का अंश है जिसे भारतीय चिंतन की परम्परा में इतिहास में परिगणित किया गया है। यह महान रचना इस अर्थ में विशिष्ट है कि इसके रचयिता महर्षि वेदव्यास स्वयं उन घटनाओं के साक्षी और भागीदार भी थे जिनका वर्णन उन्होंने अपनी रचना में किया था। आगे चल कर भारत की सभी मुख्य भाषाओं में यह अमर गाथा निरंतर गाई जाती रही और भारतीय सर्जनात्मक प्रतिभा द्वारा महाभारत से सामग्री को लेकर प्रचुर संख्या में उपन्यास, नाटक और काव्य रचे जाते रहे हैं। इसने संगीत और नृत्य को भी निरंतर प्रभावित किया है। वस्तुत- यह केवल एक सर्वसमावेशी औपचारिक शास्त्र ही नहीं रहा बल्कि लोक-जीवन में भी गहरे रच बस गया। महाभारत की महागाथा में धर्म की अवधारणा ही प्रमुख है। गीता का आरम्भ भी धर्म शब्द के साथ होता है। धर्म का तत्व देश, काल और पात्र के सापेक्ष होता है और गतिशील जीवन-पद्धति को इंगित करता है। स्वधर्म की बात आगे समझायी गई है। ईश्वर का अवतार धर्म को पहचानने और स्थापित करने के लिए होता है। धर्म को रीति और नीति से भिन्न समझना होगा। अपने से दुर्बल की सहायता करना ही परम धर्म है। इस दृष्टि से सामाजिक संदर्भ के सापेक्ष ही धर्म की समझ भी आकार लेती है। ऋग्वेद, उपनिषद और धर्मशास्त्र आदि सब का संज्ञान लेते हुए महाभारत रचा गया। भगवद्गीता महाभारत का हृदय सरीखा है। भगवद्गीता महाभारत के भीष्म पर्व में है पर उसके पहले वन पर्व में व्याध-गीता का भी एक आख्यान आता है। आश्चर्य यह कि दोनों हिंसा की पृथभूमि में हैं, एक कसाई के घर में तो दूसरी युद्ध-भूमि में। भौतिक (प्रकृति) और मानसिक चैतन्य (पुरुष) का भेद दोनों में ही दिखता है। प्रकृति का सत्य विविधताओं से भरा हुआ है। मनुष्य की कल्पनाशीलता उसे चर-अचर अन्य सभी जीवों या पदार्थों से अलग करती है। वह अमरता की कल्पना कर सकता है। इसी क्रम में अर्थ की तलाश करते हुए चैतन्य या देही की अवधारणा प्रस्तुत हुई। मनुष्य से यह अपेक्षा है कि वह पाशविक वृत्ति से ऊपर उठ कर ऊर्ध्वमुखी हो। यही जीवन में व्याप्त हीनता और क्षुधा को दूर करने वाला है। गीता की विचारधारा सदियों से देश-विदेश में मानवीय चिंतन को प्रभावित करती आ रही है। अब तक विश्व की विभिन्न भाषाओं में गीता के तीन हज़ार से अधिक अनुवाद हो चुके हैं। गीता की व्याख्या के लिए अनेक महत्वपूर्ण भाष्य शंकराचर्य, रामानुजाचार्य, माध्वाचार्य, अभिनव गुप्तपादाचार्य, संत ध्यानेश्वर, तथा स्वामी रामसुख दास आदि अनेकानेक आचार्यों और संतों ने ही नहीं लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, संत बिनोबा भावे आदि अनेक राष्ट्रप्रेमी नेताओं ने भी रचे हैं। गीता की संगीतात्मकता, उसकी लयबद्धता और विचार की विशालता ने उसके अनुवाद और पुनराख्यान के लिए प्रेरित किया। कहा गया कि गीता को अच्छी तरह गाना और





**त्याग इच्छाओं का अभाव है। गीता इच्छाओं से आसक्ति दूर करना चाहती है न कि कर्म से। लोक-संग्रह के लिए जीवन का ढर्रा बदलना होगा। बंधुत्व का भाव आवश्यक है। अपने स्वभाव के अनुसार कर्म में निरत हो कर मनुष्य को सिद्धि प्राप्त होती है।**

गुनगुनाना चाहिए- गीता सुगीता कर्तव्या। सारे शास्त्रों को विस्तार में पढ़ने की जगह गीता को हृदयंगम करना ही पर्याप्त है। पर गीता को पढ़ें तो लगता है कि वहाँ सीधी रेखा में बात आगे नहीं बढ़ती है। कुछ विचार गीता में कई अध्यायों में इतस्तत- बिखरे मिलते हैं, कुछ बार-बार अनेक स्थलों पर दुहराये गए हैं, कुछ ऐसे भी हैं जो अन्यत्र वेद तथा उपनिषद आदि में विद्यमान हैं। यदि इसमें एक ही शब्द के अनेक अर्थ मिलते हैं तो एक ही अर्थ के लिए कई भिन्न शब्द भी प्रयुक्त मिलते हैं। आत्मा, देही, तथा शरीर आदि शब्दों का प्रयोग इसी तरह का है। कृष्ण जीवन के अनेकानेक संदर्भों में आज भी प्रासंगिक बनी हुई है। संरचना की दृष्टि से यह भी विलक्षण है कि कृष्ण के विचार सीधे हम तक नहीं पहुचते। धृतराष्ट्र ने पूछा और संजय ने सुना कर बताया। अधिकारहीन पर अद्भुत दृष्टिसंपन्न संजय वक्ता हैं जो युद्ध को देख कर दृष्टिहीन परन्तु अधिकारसंपन्न धृतराष्ट्र को वर्णन सुनाते हैं और उन्होंने जो देख कर सुनाया वह हम सुनते पढ़ते हैं। कृष्ण स्रोत हैं पर संजय सूचना या संदेश के प्रस्तोता हैं। शायद धृतराष्ट्र और अर्जुन दोनों श्रीकृष्ण के वचनों को सुनते हैं पर अपने अपने ढंग से और कदाचित भिन्न भिन्न रूपों में। अर्जुन श्रीकृष्ण से प्रश्न पूछते हैं। धृतराष्ट्र चुप रहते हैं। वे डरे सहमे हुए हैं, शायद मन ही मन कृष्ण के वचनों को सुन कर गुनते-आंकते हैं। गीता में उपस्थित विमर्श में श्रीकृष्ण विश्लेषण (सांख्य) और संश्लेषण (योग) दोनों पद्धतियों का उपयोग करते हैं। उन्होंने व्यावहारिक कर्म-योग, भावनात्मक भक्ति-योग और बौद्धिक ज्ञान-योग का प्रतिपादन किया है। गीता के पाँचवे अध्याय में श्रीकृष्ण शरीर को नौ द्वारों वाली एक पुरी बताते हैं। गीता द्वारा मानस का विस्तार और यथार्थ का बोध संभव होता है। कर्म का सिद्धांत यह बताता है कि आप वर्तमान परिस्थिति को तो नहीं नियंत्रित कर सकते किंतु उस परिस्थिति के प्रति प्रतिक्रिया कैसे करें यह जरूर चुन सकते हैं। गीता का कर्मवाद यह भी स्पष्ट करता है कि मनुष्य अपनी परिस्थितियों का स्वयं निर्माता भी है। इसका संदेश यही है कि आप स्वयं अपने जीवन के लिए उत्तरदायी हैं। हमारे बस में मात्र यही है कि हम परिस्थिति के प्रति किस तरह प्रतिक्रिया करते हैं। पर हम समाज के अंग हैं और सबसे अलग-थलग भी नहीं हैं। हम दूसरों के कर्म से भी प्रभावित होते हैं। इसलिए कई बार बीज कुछ होता है और फल उससे भिन्न कुछ अन्य प्रकार का। इसीलिए गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन को कर्म पर ध्यान देने को कहते हैं न कि फल पर। कर्म का परिणाम जो भी हो पाँच चीज़ों पर निर्भर करता है- शरीर, मन, उपकरण, विधि तथा दैव (भाग्य)। मूर्ख ही खुद को अकेले कारण मानता है। यदि हम खुद को कर्मों के परिणामों से नहीं बाँधते तो कर्म भी हमको नहीं बाँधते। सुख, शक्ति और स्वर्ग की कामना से किया गया कर्म जब किया जाता है तो आँख फल पर टिकी होती है न कि कर्म पर। कर्म, विकर्म और अकर्म के बीच के अंतर को समझना कठिन है। बुद्धिमान लोग कर्म फल से बिना जुड़े निर्लिप्त हो कर काम करते हैं। कर्तृत्व के अभिमान से मुक्त होने और फ़लेच्छा का त्याग करने पर कर्म अकर्म हो जाता है। कर्म करते हुए निर्लिप्त रहना और निर्लिप्त हो कर कर्म करना कर्मयोगी श्रेष्ठ बनाता है। सक्रिय होना कर्म है पर जब कर्म-परिणाम को बिना नियंत्रित करने की चेष्टा के कर्म करना कर्म-योग है। बिना किसी प्रत्याशा के कर्म के विचार को देख कर यह प्रश्न उठता है कि उस स्थिति में कर्म के लिए क्या प्रेरणा का तत्व होगा। वृक्ष और पशु अपने लिए खाद्य और सुरक्षा पाने के लिए सक्रिय होते हैं। एक मनुष्य ही है जो दूसरों के खाद्य और सुरक्षा के लिए कर्म कर सकता है। इसी दृष्टि को अपनाना धर्म है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | त्रयोदशी 12:24 तक |
| नक्षत्र: | भरणी 17:56 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | बुधवार |
| योग: | परिघा, 16:49 |
| सूर्योदय: | 06:57 |
| सूर्यास्त: | 17:17 |
| चंद्रमा: | मेष राशि में |
| राहुकाल: | 12:07-13:25 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गुटखा-पान मसाला होगा महंगा, सेहत बचाने के लिए सरकार का नया कदम

गुटखा, पान मसाला और सिगरेट जैसे उत्पादों के कारण कितनी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं, ये बात किसी से छिपी नहीं है। फिर भी लोग इन चीजों का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर करते हैं। जाने-अनजाने तंबाकू से बने इन उत्पादों के कारण हर साल लाखों लोग अपनी जान गंवाते हैं। शायद यही कारण है कि जल्द ही सरकार देश में गुटखा, पान मसाला और सिगरेट जैसे तंबाकू और तंबाकू संबंधित पदार्थों पर सख्ती और टैक्स दोनों बढ़ाने वाली है।

**नए बिल में क्या है?:** नया सेस गुटखा, पान मसाला और अन्य तंबाकू-संबंधित पदार्थों को बनाने पर लगाया जाएगा। यह सेस मशीन व निर्माण क्षमता के आधार पर तय किया जाएगा। इसका मतलब यह है कि अब टैक्स तंबाकू उत्पादों की बिक्री के आधार पर नहीं, बल्कि उत्पादन के जितने साधन हैं, उस आधार पर लगा करेगा। पुराने टैक्स सिस्टम को खत्म कर इस नए ढांचे को स्थायी बनाने की कोशिश है।

**सरकार का मकसद हेल्थ और**



**सुरक्षा दोनों:** सरकार का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य सिर्फ राजस्व जुटाना नहीं है। असल में, गुटखा-पान मसाला जैसे उत्पादों के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले भार और तंबाकू व नशे से जुड़ी सामाजिक समस्याओं को देखते हुए, इस नए सेस को स्वास्थ्य सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा खर्च के लिए रिजर्व करना है। सरकार की योजना है कि यह सेस स्थाई रहे, ताकि भविष्य में ऐसे उत्पादों पर टैक्स चोरी या लचर टैक्स प्रणाली के कारण राजस्व व स्वास्थ्य दोनों पर असर न पड़े।

**यह बिल क्यों जरूरी था?:** भारत में हर सालकरीब 13 लाख लोगों की मौत तंबाकू से जुड़ी बीमारियों से होती है और इन बीमारियों के कारण देश पर जो आर्थिक बोझ पड़ता है, वो 1 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा है। इसके मुकाबले तंबाकू उद्योग से मिलने वाला टैक्स कम है। यानी अभी के टैक्स सिस्टम के हिसाब से तंबाकू से सरकार उतना कमाती नहीं है, जितना इससे होने वाली बीमारियों के इलाज में खर्च होता है। इस बिल का उद्देश्य इसी असंतुलन को ठीक करना है।

**क्या टैक्स बढ़ाने से कुछ बदलने की उम्मीद है?:** सरकार का कहना है कि यह कदम टैक्स बढ़ाने के लिए नहीं है। उनका मकसद है कि इन हानिकारक उत्पादों को महंगा बनाकर इनकी उपलब्धता घटाना, ताकि लोग इनकी ओर कम मुड़ें। अगर बिल पास हुआ, तो गुटखा, पान मसाला और सिगरेट जैसी चीजों की कीमतें बढ़ेंगी। इसका उपभोक्ताओं, खासकर युवा-वर्ग और सीमित बजट वाले लोगों के लिए बड़ा असर हो सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# भारत का मेजर ताकत बनना बड़ी उपलब्धि



डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा

**रक्षा नेटवर्क को और अधिक विस्तारित करने की चुनौती के साथ ही कूटनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। अमेरिका की ट्रंप की देशी-विदेशी नीति के कारण अमेरिका के अंकों में गिरावट दर्ज की गई है।**

**भारत का वैश्विक स्तर पर आत्मविश्वास बढ़ा है और इसी का परिणाम है कि भारत आज आंख से आंख मिलाकर बात करने और आंतरिक व बाहरी निर्णय लेने में सक्षम और स्वतंत्र देश के रुप में उभरा है। हालांकि भारत के सामने अभी चुनौतियां बहुत है। सबसे बड़ी चुनौती जो विषय से अलग हटकर है वह है हमारे ही लोगों द्वारा विदेशी मीडिया व विदेशी धरती पर देश की छवि खराब करना।**

**आस्ट्रेलियाई** थिंक टैंक लोवी संस्था द्वारा जारी एशिया पॉवर इंडेक्स 2025 में भारत का मेजर पॉवर का दर्जा हासिल करना इस मायने में महत्वपूर्ण है कि भारत शक्तिशाली देशों की कतार में अमेरिका और चीन के बाद तीसरे पायदान पर पहुंच गया है। लोवी द्वारा जारी इंडेक्स में मेजर पॉवर का दर्जा हासिल करने वाला भारत एकमात्र देश है जबकि सुपर पॉवर के रुप में अमेरिका और चीन अपना दबदबा बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। भारत ने मेजर पॉवर का दर्जा हासिल कर लिया है पर सुपर पॉवर का दर्जा हासिल करने में अभी भारत को लंबा समय और कड़ी मेहनत व प्रयास करने होंगे। दरअसल, 8 पेरामीटर्स में 100 में से 70 से अधिक अंक अर्जित करने वाले देश ही सुपर पॉवर की श्रेणी में आते हैं और अमेरिका इसमें 80.5 अंक प्राप्त कर सुपर पॉवर बना हुआ है। वहीं, चीन भी अमेरिका के पीछे-पीछे 73.7 अंकों के साथ दूसरा सुपर पॉवर बना हुआ है। डोनाल्ड ट्रम्प के आने के बाद अमेरिका ने बहुत कुछ खोया है फिर भी पहले स्थान का ताज आने वाले सालों में भी छिनता हुआ नहीं लगता है। भारत ने अवश्य जापान को पछाड़ कर तीसरा स्थान बनाया है और 40 अंक प्राप्त कर मेजर पॉवर तो बन ही गया है। 40 या 40 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले देश मेजर पॉवर की श्रेणी में आते हैं और यह दर्जा प्राप्त करने वाला भारत अकेला देश बन गया है। एशिया प्रशांत के 27 देशों से शेष 23 देश मिडिल पॉवर व उससे नीचे की श्रेणी में हैं। हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान इस इंडेक्स में पहले दस में भी स्थान नहीं बना पाया है। पाकिस्तान सूची में 16 वें स्थान पर रहा है। निश्चित रुप से यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धि और इंटरनेशनल जगत में भारत के बढ़ते दबदबे का स्पष्ट संकेत है। ऑपरेशन सिन्दूर और इससे पहले भी जिस तरह से भारत ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया है और इंटरनेशनल डिप्लोमेसी में भारत की अग्रगामी भूमिका तय की गई है उसका बड़ा प्रभाव पड़ा है। आर्थिक क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों ने इसे तीसरे पायदान पर लाने में खासी भूमिका तय की है। भारत आज दुनिया के देशों में बड़ी आर्थिक शक्ति के रुप में उभरा है और दुनिया के देशों में सबसे अधिक यानी कि विदेशी निवेश में भारत ने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। आस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी द्वारा 2018 से एशिया पॉवर इंडेक्स जारी करना आरंभ किया है। 2025 में एशिया पॉवर इंडेक्स का सातवां संस्करण जारी किया है। लोवी द्वारा 8 पेरामीटर्स के आधार पर अंक जारी किये जाते हैं। इसमें सैन्य क्षमता, रक्षा नेटवर्क, आर्थिक शक्ति, अन्य देशों के साथ आर्थिक संबंध, कूटनीतिक व सांस्कृतिक संबंध, लचीलापन, भविष्य के संसाधन आदि पेरामीटर्स के आधार पर 27 देशों का मूल्यांकन किया जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि ऑपरेशन सिन्दूर ने भारत की सैन्य शक्ति और ताकत से दुनिया के देशों को झकझोर कर रख दिया है। सैन्य संसाधनों में आज भारत आत्मनिर्भर होता जा रहा है। इसके साथ ही जिस तरह से भारत की इकोनोमी तेजी से आगे बढ़ती जा रही है उससे दुनिया के देशों में भारत ने अलग ही स्थान अर्जित कर लिया है। भारत में देसी-विदेशी निवेश का जिस तरह का माहौल बना है और जिस तेजी से विपरीत वैश्विक हालातों के बावजूद और यहां तक कि ट्रंप की टैरिफ नीति के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था व विकास का स्तर लगातार बने रहना बड़ी उपलब्धि है। ऑपरेशन सिन्दूर, आर्थिक क्षेत्र में बढ़ती साख, सैन्य क्षमता में बढ़ोतरी भारत की ताकत बन गई है। भारत के साथ सबसे बड़ी ताकत स्थिर और कड़े निर्णय लेने में भी सक्षम सरकार होना एक सकारात्मक पक्ष है तो दूसरी और जेन जेड और उसके बाद की जैनरेशन की बड़ी भूमिका हो गई है। आज तकनीकी रुप से भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। डिजिटलाइजेशन, कूटनीतिक और सांस्कृतिक रिलेशन आदि क्षेत्र में भारत ने पिछले साल की तुलना में अधिक अंक अर्जित किये हैं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# मतदाता सूची में गड़बड़ी पर सपा सख्त जहां गड़बड़ी, वहीं हम प्रहरी बनकर खड़े: दिव्या पी.गंगवार

- 460 जीवित वोटरों के नाम हटाए गए दिव्या गंगवार की प्रेस वार्ता में बड़ा खुलासा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





विधानसभा 130-बीसलपुर में मतदाता सूची के पुनरीक्षण (स्.ढ्.ऋ प्रक्रिया) के दौरान बड़े पैमाने पर सामने आई अनियमितताओं ने राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है। समाजवादी पार्टी ने इन गड़बड़ियों को गंभीर बताते हुए प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया है। सोमवार को जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में सपा प्रतिनिधिमंडल ने अपर जिला अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर पारदर्शिता की मांग की। इसके बाद सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी दिव्या गंगवार ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर प्रशासन पर सीधे-सीधे लापरवाही के आरोप लगाए।

### 460 जीवित मतदाताओं के नाम गायब बड़ा सवाल, आखिर क्यों?

दिव्या गंगवार ने प्रेस वार्ता में कहा कि स्.ढ्.ऋ प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। उनके अनुसार मोहल्ला ग्यासपुर और दुर्गा प्रसाद के 460 जीवित और पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। हैरानी की बात यह है कि ये वही मतदाता हैं जिन्होंने 2024 लोकसभा चुनाव में मतदान किया था, फिर भी इस बार उनके वोट अवैध रूप से हटाए गए।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगातार भ्रमण और विशेष प्रयासों के बाद उन्होंने ऐसे मतदाताओं का पूरा रिकॉर्ड जुटाया है, जिनके नाम बिना जांच और बिना सूचना के सूची से बाहर कर दिए गए। यह न सिर्फ प्रशासनिक चूक है बल्कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों का सीधा हनन भी है।

### सपा का ज्ञापन लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया

वहीं ज्ञापन सौंपने पहुंचे सपा पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि स्.ढ्.ऋ प्रक्रिया के नाम पर मनमानी हो रही है। प्रतिनिधिमंडल में दिव्या गंगवार, चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, नरेश मिश्रा कट्टर, भूदेव गंगवार प्रधान और रूप लाल गंगवार शामिल रहे।उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में लापरवाही किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है। सपा का कहना है कि जब तक पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक पार्टी हर मंच पर सवाल उठाती रहेगी। अपर जिला अधिकारी ने मामले की गंभीरता देखते हुए जांच और शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

### प्रशासन को चेतावनी जहां गड़बड़ी होगी, वहीं खड़े होंगे

दिव्या गंगवार ने दो टूक कहा कि मतदाता सूची में छेड़छाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा÷जहां भी वोटर के साथ गड़बड़ी होगी, समाजवादी पार्टी प्रहरी बनकर खड़ी होगी।÷उन्होंने यह भी कहा कि अवैध रूप से काटे गए सभी पात्र नागरिकों के वोट तत्काल बहाल किए जाएं, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर जनता का भरोसा कायम रहे। बीसलपुर की मतदाता सूची में सामने आई यह गड़बड़ी केवल प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि जनमत और संविधानिक अधिकारों से जुड़े गंभीर प्रश्न का संकेत है। यदि सचमुच जीवित और पात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं, तो यह न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया को चोट पहुँचा रहा है, बल्कि चुनावी प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी धब्बा है। प्रशासन को चाहिए कि तुरंत प्रभावी जांच कर तथ्यों को सार्वजनिक करे और दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करे। मतदाता सूची वह आधार है जिस पर लोकतंत्र खड़ा है?। इसमें हुई एक भी त्रुटि नागरिक-अधिकारों के हनन में बदल सकती है।

# लापता युवक का मिला शव, परिजनो ने जताई हत्या की आशंका

- अधजले शव की पहचान सुहेल के रूप में,हत्या का मामला दर्ज करने की तैयारी
- तहरीर मिलने पर दर्ज किया जायेगा मुकदमा,सुनील कुमार मलिक

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**






हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव छितौनिया में एक अज्ञात युवक का अधजला शव मिला था, जिसकी पहचान सुहेल पुत्र फारुख निवासी मोहल्ला वीरेन्द्र नगर कालोनी गोला थाना गोला के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्या के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे छितौनिया गांव के बाहर खेतों के बीच जाने वाली सड़क किनारे स्थित सियाराम वर्मा के खेत किनारे बने गड्ढे में एक 32 वर्षीय अज्ञात युवक का अधजला शव पड़ा देखा गया। देखते ही देखते घटना की खबर पूरे क्षेत्र में जंगल में आग की तरह फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर हैदराबाद थाना प्रभारी सुनील मलिक व गोला सीओ रमेश तिवारी तुरंत मौके पर पहुंचे और घटनास्थल पर घेरा बनाकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने अधजले युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया था। वही मौके पर पहुची फोरेंसिक टीम ने अधजले शव का परिक्षण कर जली हुये शव के नमूने लिये है। दोपहर बाद म्रतक के बड़े भाई सुहेब खा ने म्रतक की पहचान अपने छोटे सुहेल के रूप में की है। सुहेब के अनुसार उनके छोटे भाई सुहेल पुत्र फारुख घर से अपने दोस्तों के साथ सोमवार की शाम निकले थे। जिनका अधजला शव छितौनिया गांव के बाहर खेतो के बीच गड्ढे में मिला। हैदराबाद थाना प्रभारी सुनील मलिक ने बताया कि अधजले म्रतक युवक की पहचान सुहेब खा पुत्र फारुख ने अपने छोटे भाई सुहेल के रूप में की है। अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर मुकदमा लिखा जायेगा। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और जल्द ही हत्या करने वाले आरोपी गिरफ्तार कर लिए जायेंगे। फोरेंसिक टीम ने जुटाये शाक्ष्य। पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी के फोन करने के पश्चात लखीमपुर मौके पर पहुची फोरेंसिक टीम के द्वारा जले हुये शव का परिक्षण कर उसके नमूने लिये है।रमेश कुमार तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला ने बताया कि जले हुये शव की पहचान हो गई है। शव के पोस्टमार्टम के लिये लखीमपुर मुख्यालय भेजा गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा।

# दिव्यांग बच्चों की ब्लाक स्तरीय हुई प्रतियोगिताएं विजयी छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



बेसिक के परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों की ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय शैक्षिक एवं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सुआबोझ के उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में 20 संकुल केंद्रों के स्कूलों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। विजयी छात्रों को बीईओ ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

दिव्यांग बच्चों की ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय शैक्षिक एवं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह के निर्देशन में उच्च प्राथमिक विद्यालय सुआबोझ के प्रांगण में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में 20 संकुल केंद्रों के करीब 40 छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसमें 50, 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, चक्का फेंक, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगताएं आयोजित हुई। प्रतियोगिता सुबह 11 बजे से प्रारम्भ हुई। प्रतियोगिता में इं. शिक्षक अनिल कुमार प्रजापति ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्राथमिक स्तर की बालिका वर्ग में 50 मीटर की दौड़ में प्राथमिक विद्यालय नईबस्ती की सोनम ने प्रथम, खमरियापट्टी की अनुराधा ने द्वितीय और जागृति ने तृतीय स्थान, जूनियर स्तर में 50 मीटर की बालिका वर्ग की दौड़ में सुआबोझ की अंशिका ने प्रथम, शैजल ने द्वितीय और शिवजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर में 100 मीटर की दौड़ में सुआबोझ की अंशिका, नईबस्ती के सरफराज ने प्रथम, नईबस्ती की आफरीन, घुंघचिहाई के कौशल ने द्वितीय, सुआबोझ की शैजल और प्रदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ में खमरियापट्टी की ममता, नईबस्ती के काशिम ने प्रथम, सुआबोझ की शैजल, नईबस्ती के आयान ने द्वितीय, नईबस्ती की आफरीन और अरमान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में सुआबोझ की शैजल, नईबस्ती के काशिम ने प्रथम, सुआबोझ की शिवजल, नईबस्ती के अजमुद्दीन ने द्वितीय, सुआबोझ की अंशिका, नईबस्ती के आयान ने तृतीय, चक्का फेंक में सुआबोझ की अंशिका, नईबस्ती के अजमुद्दीन ने प्रथम, सुआबोझ की शैजल, नईबस्ती के आयान ने द्वितीय, नईबस्ती की आफरीन और काशिम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी छात्रों को खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह व प्राथमिक शिक्षक के संघर्ष समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान ने विजयी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के इंचार्ज शिक्षक अनिल कुमार प्रजापति ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन विशेष शिक्षक राजेन्द्र सिंह ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता में मंत्री विमल कुमार, विशेष शिक्षक राजेंद्र सिंह, रामगोपाल पाण्डेय, संतोष कुमार पासवान, विजय कुमार गुप्ता, व्यायाम शिक्षक अर्जुन क़सिंह गंगवार, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, राधाकृष्ण कुशवाहा, विजयप्रताप सिंह, रामआसरे, विनोद कुमार, अनिल कुमार, सारिका सैनी, नाहिद जमाल, रोहित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सांप के काटने से किसान की मौत, मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** खेत में पानी लगाने के दौरान किसान को सांप ने काट लिया। घबराए परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जंहा डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव गुलडिया भूपसिंह निवासी राम बहादुर (52) बर्ष अपने खेत पर पानी लगा रहे थे। सिंचाई करते समय सांप ने डस लिया। किसी तरह से घर पहुंचे किसान की हालत बिगड गई। जिससे खलवली मच गई। कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। घबराए परिजन आनन फानन में उसको उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे,जंहा डाक्टरों ने राम बहादुर को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के तीन बच्चे है। जिनमे दो लडकी और एक लडका है। हादसे से परिवार में चीत्कार मची हुई है। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लगा कृषि मेला

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय कृषि मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मेले के अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान, मुख्य अतिथि विवेक कुमार शुक्ला, निदेशक गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार शर्मा, महाविद्यालय अध्यक्ष/जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत डॉक्टर खुशीराम भार्गव, महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष/जिला गन्ना अधिकारी शाहजहांपुर जितेन्द्र मिश्रा महाविद्यालय के सचिव संजय श्रीवास्तव जी,भारतीय स्टेट बैंक शाखा पूरनपुर के वरिष्ठ प्रबंधक नितेश गुप्ता, महाविद्यालय के प्रबंधक नितिन दीक्षित, उपाध्यक्ष प्रबंध समिति प्रेम प्रकाश वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्र मोहन विश्नोई जी, पूर्व प्रबंधक मोहन सिंह ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानी, सत्येंद्र सिंह, झब्बू लाल, डॉ.एस.एस.ढाका, राजकिशोर आदि समस्त सम्मानित अतिथिगणों ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। महाविद्यालय स्टाफ द्वारा समस्त सम्मानित अतिथिगणों को पटका ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के विकास पर चर्चा करते हुए प्राचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद से महाविद्यालय को बीएससी कृषि के भवन के निर्माण हेतु शासन से दो करोड़ की धनराशि प्राप्त हो गई है एवं निर्माण कार्य प्रगति पर है उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिवार उनका ऋणी है। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि माननीय उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय का स्नेह और छात्र हित में सकारात्मक विचार महाविद्यालय परिवार को प्राप्त है।

इस सत्र से इतिहास विषय की कक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। साथ ही एम.ए. में दो नए विषय गृहविज्ञान एवं शिक्षाशास्त्र की कक्षाएं प्रारंभ करने के लिए विश्वविद्यालय से अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में शोध संस्थान स्थापित करना चाहते हैं ताकि पूरनपुर के किसानों को मृदा परीक्षण आदि के लिए हरियाणा न जाना पड़े। विकास के समस्त कार्यों के लिए धन की आवश्यकता है। पूर्व में गन्ना कटौती से महाविद्यालय को धनराशि प्राप्त होती थी अब लगभग 12 वर्षों से वह राशि प्राप्त नहीं हो रही है। उन्होंने छात्र- हित में इस महाविद्यालय को अनुदान सूची पर ले जाने हेतु अपने द्वारा किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। महाविद्यालय का सर्वांगीण विकास हो, इसके लिए वह सदैव प्रयासरत हैं। मेला प्रभारी कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर जय नारायण रहे। मेले के सफल आयोजन में डॉक्टर वी के शर्मा, डॉक्टर रेखा सिंह, डॉक्टर अरविन्द दीक्षित, डॉक्टर रंजना सिंह, डॉक्टर अर्निका दीक्षित, शाहिद खान, डॉ सौरभ सक्सेना, तहमीना शमसी, डॉक्टर विनोद सिंह, अंकित गुप्ता, डॉक्टर अंशिका शर्मा, अनूप शुक्ला,डॉक्टर राजिया शकील, सुरेन्द्र, सोनू, कमलजीत सिंह अमित सिंह, आशीष कंचन, श्रीमती बबीता, राम कुमार, राजाराम शामिल रहें।

## प्रसिद्ध हरदेव राजा के स्थान पर विधि विधान से कराया गया हवन पूजा

**जन एक्सप्रेस। अमीरनगर खीरी**

सोमवार को अमीरनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजगढ़ स्थित प्रसिद्ध बाबा हरदेव राजा के स्थान पर हम समस्त ग्राम वासियों के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विधिः विधान से यज्ञ पूजन हुआ इस पावन मौके पर पुजारी निरंकार मिश्रा विजय नहर मिश्रा के द्वारा हवन पूजन किया गया। पांडा साधु के द्वारा बरोसी परांपरा के तहत व में सैकड़ों ग्रामीणो का जत्था हरदेव राजा स्थान से निकला जो पूरे गांव का भ्रमण करके वापस हरदेव राजा स्थान पहुंचा पूर्णा आहुति की गई इस मौके पर ग्राम प्रधान जवाहर पाल ने सभी कन्याओं व श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कराया गया।आयोजन में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही इस मौके पर भक्त सतीश कटियार राजीव कटियार पुष्पेंद्र पाल शिवम कटियार विद्यासागर मुन्ना सिंह ठाकुर ओमकार गुप्ता अनुराग कटियार रामदास मास्टर पूर्व प्रधान राजेश गुड्डू कश्यप सूरज कश्यप रामप्रसाद पाल मुंशी सिंह ओंकार शर्मा राम भजन मौर्य गुरबख्श मौर्य रूपेश कुमार अमित कुमार गौतम दृगपाल श्रीवास्तव जोगिंदर पाल मेवा रामपाल संत रामपाल सूरज कश्यप वा समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे हैं।

# धूमधाम से मनाया गया खाटू श्याम का संकीर्तन

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



गोला नगर के समीपवर्ती कंजादेव स्थान पर श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति गोला द्वारा मोक्षदा एकादशी के उपलक्ष्य पर खाटू श्याम मंदिर में एक भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तत्तपश्चात मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से पूरी तरह भरा हुआ था, और गणेश स्तुति से संकीर्तन हुआ शुभारंभ जिसमें अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता ने अपनी मधुर आवाज से भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्त खाटू श्याम के भजनों पर झूमते-नाचते नजर आए। सुंदर-सुंदर भजनों को सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। शास्त्रों में बताया गया है कि इस एकादशी का व्रत रखने से सभी जन्मों के पाप भी मिट जाते हैं और भक्त को बैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है. मोक्षदा नाम इसीलिए पड़ा है क्योंकि कहा गया है कि इस दिन किया गया व्रत और पूजा पितरों को भी मोक्ष प्रदान करती है. यही कारण है कि लोग इस दिन भगवान विष्णु को समर्पित व्रत रखकर अपने पूर्वजों का कल्याण करते हैंसंकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और खाटू श्याम की भक्ति में लीन हो गए। पुरुष, महिलाएं और बच्चे सभी इस संकीर्तन में सम्मिलित हुए और खाटू श्याम के जयकारों से मंदिर प्रांगण को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम का समापन श्री खाटू श्याम बाबा की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। मंदिर के पुजारी सन्तोष पाठक ने भक्तों को श्याम बाबा का आशीर्वाद दिया और सभी ने बड़े ही श्रद्धा-भाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत (बोझिया वाले) महामंत्री अजय गुप्ता, संरक्षक अनिल जलोटा, अनिरुद्ध गुप्ता, शिवम गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, बबलू जायसवाल, शिवम गुप्ता, संतोष गुप्ता, अनुराग गुप्ता, सुमित राठौर, रिशू महेश्वरी, मयंक महेश्वरी, विवेक कुमार सहित अन्य सभी सेवादार उपस्थित रहे।

# अपने जीवन रथ पर परमात्मा को आरुढ़ करें डॉक्टर योगेन्द्र

- गीता कर्म का परित्याग नहीं अपितु कर्त्तापन के अहंकार कर्मफल के प्रति आसक्ति के परित्याग को कहती है- राजेश

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज यू.पी.बोर्ड में गीता उद्भव पखवाडे के अन्तर्गत प्रधानाचार्य डा.योगेन्द्र प्रताप सिंह की प्रेरक अध्यक्षता में विद्यालय की वन्दना सभा में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसका कुशल संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य राजेन्द्र प्रसाद ओझा ने किया। जिसमें गीता सारांश, गीता सन्देश, जीवन पर गीता का पड़ने वाला प्रभाव, मिलने वाले परिणाम, गीता हमें कैसा जीवन जीने को प्रेरित करती है, हमसे क्या अपेक्षा करती है इन विषयों पर गहन चिन्तन, मंथन हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 योगेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हम अपने जीवन रथ पर परमात्मा को प्रतिष्ठित करें एवं अपने मन एवं इन्द्रिय रूपी अश्वों की लगाम उनके सशक्त हाथों में सौंप दे, तब हमें अपने कार्य की सफलता का अहंकार नहीं होगा और ना ही असफल?ता के क्षणों में विचलित हो कर हम हाय हाय करेंगे। उन्होंने कहा मानवमन की यह सबसे बड़ी दुर्बलता है कि वह न तो जरा सी अनुकूलता ही पचा पाता है और ना ही प्रतिकूलता। मुख्य विषय प्रतिपादित करते हुये सामाजिक कार्यकर्ता राजेश दीक्षित ने कहा कि गीता हमे जीवन की निराशा, हताशा कुन्ठा एवं अवसाद से उबारती है। वह हमें समत्व की दृष्टि प्रदान करती है। परमात्मा को समर्पित, संकल्पित जीवन जीना सिखाती है। गीता का जाति, धर्म, भाषा, प्रान्त, देश की संकीर्णताओं से कोई समबन्ध नहीं है। यह 'वसुधैव कुटुम्बकम' का उद्घोष करती है। यह मानव मात्र के लिये कल्याणकारी है। गीता कहती है कि हम अपनी सफलता का श्रेय परमात्मा को देना सीखें। हम उनके प्रति अपार श्रद्धा एवं कृतज्ञता का का भाव रखें।

असफलता के क्षणों में हम गहन आत्म चिन्तन, आत्म मंथन करे कि हमारे प्रयासों में कहाँ, क्या कमी रह गयी, जो हमे अपेक्षित सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा गंगा, गीता, गौ एवं गायत्री इस राष्ट्र जीवन के सर्वोच्च मानबिन्दु है, वन्देमातरम् इस महान राष्ट्र की आत्मा है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य, आचार्या तथा बहुत बड़ी संख्या में भैया/बहन उपस्थित थे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने निगरानी समिति के साथ जिला कारागार का निरीक्षण

- सुरक्षित बचपन योजना के तहत महिला बंदियों और बच्चों की सुविधाओं की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**




जिलाधिकारी के आदेशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में सुरक्षित बचपन योजना के सुचारू क्रियान्वयन हेतु संयुक्त निगरानी समिति ने जिला कारागार पीलीभीत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कारागार स्थित कार्यालय में समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर महिला बंदियों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और बच्चों की देखभाल से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के समय एक महिला बंदी अपने डेढ़ वर्षीय बालक के साथ उपस्थित मिली।

मुख्य विकास अधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि बच्चे के स्वास्थ्य और देखभाल के लिए समुचित एवं पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जेल में निरुद्ध महिला बंदियों की शिक्षा तथा उनके साथ रहने वाले 0 से 6 वर्ष के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए एक महिला शिक्षिका को जेल से संबद्ध किया जाए। बच्चों के बेहतर पोषण और स्वास्थ्य के लिए जेल परिसर के निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र में इन बच्चों का पंजीकरण कराने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निगरानी समिति में जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बाल रोग विशेषज्ञ (जिला अस्पताल पीलीभीत) और बाल कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याएं और कब्जो को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

पूरनपुर कलीनगर क्षेत्र में बढ़ते कब्जों,अवैध खनन और तौल केंद्रों की मनमानी को लेकर किसानों का गुस्सा सोमवार को सड़कों पर फट पड़ा। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी के नेतृत्व में किसानों ने पीलीभीत मंडी स्थित किसान भवन से डीएम कार्यालय तक जोरदार प्रदर्शन किया। नारेबाज़ी और आरोपों की गूंज में किसानों की भीड़ जिला मुख्यालय पहुंची।

डीएम कार्यालय पहुंचने पर यूनियन ने 17 सूत्रीय कड़ा ज्ञापन सौंपकर कहा कि खेतों पर कब्जे, खनन माफिया का आतंक और तौल केंद्रों की गड़बड़ियां किसानों के जीवन को तबाह कर रही हैं। छोटे किसानों की गन्ना ट्रॉलियां कई दिनों तक लाइन में पड़ी रहती हैं, जबकि रसूखदारों के वाहन सीधे आगे लगा दिए जाते हैं। यूनियन ने मांग रखी कि गन्ने की सीधी तौल मिल परिसर में कराई जाए, ताकि दलाली और भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म हो सके। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम दीहलिया मझरा मनमुनू के 42 मनरेगा मजदूरों को भूमि आवंटित हुई, पर कब्जा आज तक नहीं मिला उधर वही जमीन स्थानीय प्रभावशाली लोगों के कब्जे में जा रही है। किसानों ने कहा, सरकारी ज़मीन पर माफिया हुकूमत चला रहे हैं और हमारा हक़ फाइलों में कैद पड़ा है। अवैध खनन के कारण टूटे मार्ग, सूखी नहरें और बर्बाद खेत भी बड़ा मुद्दा रहे। आरोप है कि रात में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मिट्टी समेट ले जाती हैं, जिससे खेतों तक पहुंचना तक मुश्किल हो गया है।

जिसके बाद जिलाधिकारी ने किसानों को गांधी सभागार में बुलाकर बैठक की और कहा कि सभी मामलों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी, तथा संबंधित विभागों को तत्काल रिपोर्ट तलब करने के निर्देश दिए। डीएम ने भरोसा दिया कि किसानों की शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी।यूनियन ने कहा कि यदि 15 दिन में जमीनी कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और बड़ा होगा। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री कार्यालय, आयुक्त बरेली मंडल और एसपी पीलीभीत को भी भेजी गई है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी, मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष संदीप शर्मा (पत्रकार), वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष अवधेश पांडे (पत्रकार), जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष फैजान खान, इजहार (पत्रकार), पीलीभीत तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष निसार शाह, युवा जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, वरिष्ठ किसान नेता संचित दीक्षित, माखनलाल, बालमुकुंद, रामगोपाल, तहसील अध्यक्ष अमरिया कुलदीप मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष ललौरीखेड़ा महेंद्रपाल फौजी, टीकाराम, ब्लॉक अध्यक्ष मनपुरा सुखलाल, तहसील अध्यक्ष बीसलपुर नंदराम, ओमप्रकाश, जिला उपाध्यक्ष हरिओम, जिला उपाध्यक्ष सुखदेव, जिला सचिव रघुवर सिंह, डोरीलाल, अरशद, ओमकार सिंह सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पदयात्रा रद्द-प्रशासन से अनुमति न मिलने पर आयोजकों ने लिया निर्णय

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** मंगलवार को प्रस्तावित प्रथम संविधान सम्मान शोभा पदयात्रा कार्यक्रम प्रशासन द्वारा अनुमति न मिलने के कारण रद्द कर दिया गया। आयोजक सुशील कनौजिया ने यह निर्णय लिया।यह पदयात्रा मोहम्मदपुर कला स्थित अंबेडकर पार्क से मोहम्मदी अंबेडकर पार्क चौराहे तक निकाली जानी थी। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। अनुमति न मिलने के बावजूद, आयोजक सुशील कनौजिया के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता और समर्थक सुबह 10 बजे मोहम्मदपुर कला अंबेडकर पार्क में एकत्र हो गए। कार्यकर्ताओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस बल मौके पर पहुंचा और उन्हें समझाने का प्रयास किया।हालांकि, कार्यकर्ता पदयात्रा निकालने पर अड़े रहे। इसी दौरान, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा के पुत्र गोलू मेहरोत्रा कार्यकर्ताओं के समर्थन में पहुंचे। बाद में, संदीप मल्होत्रा स्वयं मौके पर आए और कार्यकर्ताओं को शांत करने का प्रयास किया। उन्होंने प्रशासन का विरोध न करने और शांतिपूर्ण तरीके से अंबेडकर पार्क पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम समाप्त करने का आश्वासन दिया। कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष की बात भी नहीं मानी और पदयात्रा निकालने पर अड़े रहे। इसके बाद, पुलिस क्षेत्राधिकारी और तहसीलदार अरुण कुमार मौके पर पहुंचे। काफी समझाने-बुझाने के बाद, आयोजक सुशील कनौजिया ने पदयात्रा कार्यक्रम रद्द करने की घोषणा की। तहसीलदार अरुण कुमार ने अंबेडकर पार्क स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का समापन किया। मिशन जय भीम के जिला अध्यक्ष सुशील कनौजिया ने बताया कि सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह के आग्रह पर पदयात्रा रद्द की गई।

# मुठभेड़ में घायल दो भैंस चोर गिरफ्तार, नगदी सहित चोरी की भैंस बरामद

जन एक्सप्रेस । संडीला



बेनीगंज थाना क्षेत्र में भैंस चोरी की कई घटनाओं के वांछित दो चोरों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में दोनों को पैर में गोली लगने से घायल हो गए।गिरफ्तार अपराधियो के कब्जे से 3 चोरी की भैंसें, 25 हजार रुपये नकदी, एक पिकअप डाला और दो अवैध तमंचे व कारतूस बरामद हुए। चार अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस के अनुसार बेनीगंज क्षेत्र के ग्राम जसईपुर निवासी सुरेश ने 19 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि जीवन, अमर, बच्चू और पिंटू निवासीगण नटपुरवा थाना बेनीगंज के द्वारा चार व उनके गांव के एक अन्य व्यक्ति के घर के बाहर बंधी चार भैंसों को चोरी कर लिया। इस मामले में बेनीगंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ।इसी तरह,ग्राम पिपरी के निवासी राजकुमार ने बताया कि अज्ञात लोगों ने उनके गांव के दो अन्य व्यक्तियों के घर के बाहर बंधी कुल पांच भैंसें चुरा लीं। इसकी शिकायत पर भी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। एक अन्य घटना में, ग्राम लोधखेड़ के निवासी कृष्णकुमार ने शिकायत की कि अज्ञात लोगों ने उनके घर के बाहर बंधी तीन भैंसें चुरा लीं। इस मामले में भी बेनीगंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ।एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर भैंस चोरी रोकने के लिए गठित टीम लगातार छापेमारी कर रही थी।कि मुखबिर से सूचना मिली कि इन घटनाओं से जुड़े वांछित बदमाश कल्यानमन-हरैया मार्ग से चोरी की भैंसों को बेचने के लिए ले जा रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने रोड पर नाकाबंदी की। सूचना के आधार पर पहुंची टीम को भैंसों से लदी एक पिकअप दिखाई दी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो चालक ने भागने की कोशिश की। पीछा करने पर पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में फंस गई। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने के इरादे से तमंचों से फायरिंग शुरू कर दी।आत्मरक्षा में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें फुरकान पुत्र उस्मान निवासी ग्राम अघौरा थाना सिधौली जनपद सीतापुर को बाएं पैर और शराफत पुत्र शाहनू निवासी ग्राम पलड़ी थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर को दाएं पैर में गोली लग गई। दोनों को घायल अवस्था में मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। उनके कब्जे से दो 12 बोर तमंचे, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, पिकअप डाला (नंबर यूपी 12 बीटी 9016), 3 चोरी की भैंसें और 25 हजार रुपये नकदी बरामद हुई। नकदी चोरी की भैंसें बेचकर कमाई गई थी।पूछताछ में पता चला कि बदमाश अपने साथियों के साथ दिन में गांवों में घूमकर भैंसों के बंधे होने की जगहों की रेकी करते थे। रात में तय जगह पर पहुंचकर भैंस चुरा लेते थे।फिर पिकअप में लादकर ले जाते और एमके एग्रो फर्म के जरिए अन्य जिलों की फूड कंपनियों को बेच देते थे। जसईपुर की चार चोरी की भैंसों को एमके एग्रो फर्म के माध्यम से उन्नाव जिले की एक फूड कंपनी को बेचा गया था। पांच भैंसों को एलन सुपर कंपनी को बेचा गया। बरामद तीन भैंसों से जुड़ी घटना का भी मुकदमा दर्ज है।

## रामभद्राचार्य के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर बजरंग दल ने आपत्ति की



जन एक्सप्रेस । शाहाबाद

रामभद्राचार्य पर एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणी से नाराज बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रभारी निरीक्षक को एक प्रार्थना पत्र देकर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। बजरंग दल के नगर संयोजक लव कुश राठौर के अनुसार सवायजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गदरिया मजरा मूड़ेर निवासी दिव्यांशु कुशवाहा पुत्र सर्वेश कुशवाहा ने सोशल मीडिया पर जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य के खिलाफ अभद्र शब्दावली का प्रयोग किया है जिससे बजरंग दल तथा सनातन समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद को लिखित प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

## सिरफिरे युवक ने गड़ासे से हमला कर चचेरे भाई को किया मरणासन्न, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरपालपुर



अरवल थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव में एक सिरफिरे युवक ने चचेरे भाई को गडासे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव निवासी अनंतराम 35 पुत्र धर्मपाल राठौर मंगलवार की सुबह करीब 10~30 बजे खेतों में खड़ी आलू की फसल की खुदाई के लिए जा रहा था। तभी उसके चचेरे भाई राम जी ने जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर ताबड़तोड़ गडासे से कई प्रहार कर दिए। जिससे कि वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर गया। घायल अनंतराम की मां उषा देवी की तहरीर पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तथा आरोपित राम जी पुत्र सोनेलाल को हिरासत में ले लिया है। घायल को इलाज के लिए हरपालपुर सीएचसी लाया गया। जहां से जिला अस्पताल के रेफर कर दिया गया था। हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया गया है। अरवल थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित को हिरासत में ले लिया गया है। तथा मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## तीसरे दिन नगर पालिका परिषद द्वारा 103 बंदरों को पकड़कर जंगल में छोड़ा गया

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद

शाहाबाद नगर पालिका परिषद द्वारा पिछले तीन दिनों से बंदर पकड़ने का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को सुबह 8~00 बजे से दोपहर 12~00 तक 103 बंदरों को पकड़ा गया है। नगर पालिका परिषद द्वारा मथुरा से एक टीम बुलाई गई है जो बंदरों को पकड़ने का कार्य कर रही है । पिछले काफी दिनों से बंदरों के बढ़ते हुए आतंक के कारण शहर वासी और किसान काफी परेशान थे। नगर पालिका परिषद से लगातार बंदरों को पकड़वाने की मांग की जा रही थी। उसी क्रम में नगर पालिका परिषद द्वारा मथुरा से बंदर पकड़ने की एक टीम बुलाकर बंदरों को पकड़वाने का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को पालिका कर्मचारी रंजीत सिंह की देखरेख में टीम ने मोहल्ला चौक में जाल लगाकर लगभग 103 बंदरों को पकड़ा जिन्हें गोला गोकर्णनाथ के जंगलों में छोड़ दिया गया। बंदरों की संख्या कम होने की वजह से शहर वासी काफी राहत महसूस कर रहे हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव खेत मे पड़ा मिला

जन एक्सप्रेस । हरदोई



सांडी थाना क्षेत्र के हसौलिया सहोरा गांव में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब गांव निवासी अशोक का शव खेत में संदिग्ध हालत में पड़ा मिलने पर ग्रामीणों ने परिजन को सूचना दी। परिजनों को जानकारी होते ही उनके होश उड़ गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।वहीं पुलिस मामले को संदिग्ध परिस्थितियों को मानते हुए जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।अशोक गांव में खेती बॉडी का काम करता था मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राकेश यादव पुलिस टीम के साथ मामले की जांच पड़ताल करने में जुटे हुए हैं आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

## डीएम ने जन सुनवाई मे सुनी 36 जन शिकायतें

जन एक्सप्रेस । हरदोई



कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 36 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। आज जन सुनवाई में 01 महिला को पारिवारिक लाभ योजना से तथा 01 को राशन कार्ड योजन में जोड़ा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वन विभाग की भूमि पर कब्जा के आरोप में 9 लोगो पर मुकदमा दर्ज

**जनएक्सप्रेस/मल्लावां।** मल्लावां क्षेत्र में वन विभाग की भूमि पर कब्जा करने के मामले में वन विभाग की तरफ से नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। बीट प्रभारी तेरवाकुल्ली निवासी सुशील कुमार ने कोतवाली में तहरीर में बताया कि माहिमपुर गांव में वन विभाग की तीन से साढ़े तीन बीघा जमीन को 29 नवंबर को लल्लू पुत्र बसंत, अवधेश पुत्र रामनरेश, कन्हई पुत्र सेवा, सोनेलाल पुत्र परागी, छोटेलाल पुत्र वैजनाथ,, धनीराम पुत्र रामपाल, छोटे लाल पुत्र रामेश्वर, कलेवर पुत्र श्रीपाल, शिवचरन पुत्र परशुराम सभी निवासीगण माहिमपुर ने ट्रैक्टर से जोतकर कब्जा कर लिया था। सभी आरोपियों के विरुद्ध वन अधिनियम 26 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

## पुलिस ने ज्वैलरी व मोबाइल सहित बैग बरामद कर सौंपा

जन एक्सप्रेस । हरदोई



अरवल थाना पुलिस की मानवता ने एक बार फिर पीड़ित परिवार की दुआएं लेते हुए धन्यवाद पुलिस कहने का अवसर दे दिया। पीड़ित द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि उसका एक बैग जिसमें कीमती सामान रखा था रास्ते में गिर गया ।पुलिस ने बैग को बरामद करते हुए पीड़ित को सौंप दिया। बताते चलें कि सोमवार को अरवल थाना क्षेत्र के चौंसार गांव निवासी रामगुनी पत्नी विजयपाल द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि वह ग्राम श्री मऊ से अपने घर वापस जा रही थी, तभी बीच रास्ते में पीड़ित का बैग गिर गया।जिसमें एक जोड़ी सोने के झाले व एक मोबाइल रियलमी रखा था। कार्यवाहक थानाध्यक्ष अमित सिंह द्वारा तुरंत बैग की बरामदगी के लिए हेड कांस्टेबल वीरन यादव कांस्टेबल विवेक यादव एवं महिला कांस्टेबल साक्षी शर्मा को लेकर एक टीम गठित कर बैग की बरामदगी शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में थाना अरवल की पुलिस टीम ने सर्विलेंस की मदद से पीड़ित के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करने से पीड़ित का बैग बरामद कर लिया। जिसमें पीड़ित का सभी सामान सकुशल सुरक्षित बरामद हुआ, जिसे देखकर पीड़ित राम गुनी द्वारा अरवल पुलिस की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।

## भाकियू की मासिक पंचायत में छह सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)



भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत प्रगतिशील कृषक गोविन्द सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें किसानों ने विभिन्न समस्याओं को उठा कर एसडीएम मनोज कुमार सिंह को 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन को सौंपकर समस्या के निदान करने की मांग की।

मासिक पंचायत के उपरांत किसानों का प्रतिनिधिमंडल तहसील कालपी में पहुचा। किसान यूनियन यूनियन के तहसील अध्यक्ष अजय पाल सिंह राजू मलथुआ के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया है कि कालपी तहसील क्षेत्र में यमुना नदी की बाढ़ से मटर, धान, ज्वार बाजरा की फसलें बर्बाद होने से प्रभावित किसानों की माली हालत खराब हो गई है। इसलिए प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए। वे मौसम बारिश से खरीफ व रवि कि फसले पूर्णत नष्ट हो गई हैं। प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए। किसानों को सहकारी समितियां तथा प्राइवेट दुकानों में निर्धारित रेट में डीएपी तथा यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए। धान, बाजरा, ज्वार को एमएसपी रेट मैं खरीद की सरकारी क्रय केंद्रो में उचित व्यवस्था की जाए। पशुओं से फसलों की बरबादी रोकी जाए। रियल टाइम खतौनी में जो गड़बड़ी है उसे जल्दी ठीक कराया जाए। राजकीय नलकूपों में विद्युत तथा यांत्रिक दोष को ठीक करा कर चलाया जाए। अन्ना गोवंशों व जानवरों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए। मासिक पंचायत में मंडल महामंत्री सुरेश सिंह चैहान, अनुराग पांडेय, महेश लमसर, सत्येन्द्र सिंह भदौरिया, ओम सिंह पूर्व प्रधान, देव करन सिंह, जयपाल सिंह, श्याम बाबू पाल, उदय सिंह इमलिया, लेख रामपाल शहादपुरा, जमराम कुशवाहा राजबहादुर लोहरगांव, सुरेंद्र पाल सिंह, देवकरण सिंह, श्याम बाबू पाल, उदय सिंह इमलिया, लेखराम पाल कुशवाहा सहजादपुरा, राज बहादुर लोहरगांव, सुरेंद्र पाल सिंह समेत किसान शामिल रहे।

## महिला आयोग की अध्यक्ष का आगमन चार को

**उरई (जालौन)।** प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी निशान्त पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) डॉ. बबीता सिंह चैहान 4 दिसंबर 2025 को जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर रहेंगी। अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, वह प्रातः 10 बजे जिला महिला चिकित्सालय उरई पहुंचेगी, जहां गोद भराई, अन्नप्राशन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग कर मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन करेंगी। इसके उपरांत प्रातः 11.30 बजे अध्यक्ष विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में विभिन्न संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी तथा जनसुनवाई के माध्यम से महिलाओं से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर आवश्यक निर्देश प्रदान करेंगी। प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जनपद स्तरीय समस्त संबंधित विभागों को बैठक में आवश्यक अभिलेखों एवं प्रगति विवरण के साथ उपस्थित रहने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## सहकारिता ही बनेगी गांवों के विकास का मॉडल : डॉ. प्रवीण सिंह जादौन

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)



बहुउद्देशीय सहकारी समिति इटौरा की वार्षिक आम सभा का आयोजन आज उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस आम सभा में समिति के सदस्यों, किसानों एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को सहकारिता से जुड़े नवीन अवसरों, योजनाओं तथा समिति की उपलब्धियों और भविष्य की रूपरेखा से अवगत कराना था। सभा में किसानों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में समिति से जुड़कर सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाएं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड, लखनऊ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह वार्षिक आम सभा सिर्फ एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह पिछले वर्ष की उपलब्धियों, चुनौतियों, पारदर्शिता और भविष्य की योजनाओं का सामूहिक आकलन है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में लगातार सुधार किए जा रहे हैं। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद समितियों के कार्यक्षेत्र का विस्तार हुआ है। उन्होंने बताया कि आज सहकारी समितियां सिर्फ खाद-बीज वितरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जन औषधि केंद्र, डिजिटल ग्राहक सेवा केंद्र, कस्टम हायरिंग सेंटर, महिला स्व-सहायता समूहों के सहयोग, कृषि आधारित उद्यमों सहित कई आय जनक गतिविधियों में योगदान दे रही हैं। डॉ. जादौन ने किसानों को भरोसा दिलाया कि सहकारिता व्यवस्था के माध्यम से छोटे किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। समिति के सभापति अमित इतिहास ने कहा कि सहकारिता केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक ऐसी लोकहितैषी सोच है जहां लाभ के साथ-साथ जिम्मेदारी भी साझा की जाती है। उन्होंने कहा कि सहकारिता में पारदर्शिता, जवाबदेही और सामुदायिक विकास की भावना सर्वोपरि रहती है। उनके अनुसार, यदि प्रत्येक किसान सहकारिता से जुड़े तो गाँवों की आर्थिक स्थिति अत्यंत सशक्त बन सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयप्रकाश गौतम ने कहा कि सहकारिता का मूल उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को मजबूत बनाना तथा गाँव की अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर दिशा में अग्रसर करना है।

## हादसों का हॉटस्पॉट बना कालपी में पुराना यमुना पुल

**कालपी (जालौन)।** मंगलवार को यमुना नदी कालपी के पुराने पुल की सड़क में बाइक सवार की बाइक फिसलने से युवक को गहरी चोटें आ गयी। गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान केशव शुक्ला पुत्र राजेंद्र शुक्ला निवासी मुहल्ला मनीगंज कस्बा कालपी के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे मोटर साइकिल से केशव शुक्ला कानपुर देहात मौरम कारोबार के सिलसिले में जा रहा था। यमुना नदी के पुराने पुल पर सड़क में अचानक मोटर साइकिल सड़क पर गिर जाने से केशव को शरीर में गंभीर चोटें आ गई है। राहगीरों के द्वारा तत्काल घायल केशव को सीएचसी कालपी पहुंचाया गया। कालपी में तैनात डॉक्टर अशोक चक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुये रेफर कर दिया गया है। उल्लेखनीय हो कि लगातार हो रहे सड़क हादसों पुराना यमुना पुल चर्चा का विषय बन गया है।

## शिविर में ग्रामीणों को शासन की योजनायें व कानून की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)

महेवा विकासखंड के ग्राम सधारा में स्थित परिषदीय विद्यालय के परिसर में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं तथा कानून की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। राजस्व विभाग तथा न्याय विभाग के तत्वावधान में आयोजित विधिक जागरूकता एवं विधिक साक्षरता शिविर में कालपी के तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने बताया कि बाल संरक्षण के लिये कानून में व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि बाल श्रम कराना कानूनी अपराध है। तहसीलदार ने कहा कि बच्चों एवं नाबालिग के प्रति शोषण करने पर पास्को एक्ट के अंतर्गत कारवाई की जाती है। तथा जमीनों के दाखिल खारिज, विरासत तथा राजस्व विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बतलाया। उन्होंने आव्हान किया है कि सभी ग्रामीणों को अपने अधिकारों की प्रति जागरूक रहना चाहिए। शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी हासिल करते रहना चाहिए। इस दौरान हेल्पलाइन, एम्बुलेंस सेवा 108, 102 तथा अन्य जानकारियां दी। नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम आदि विषयों पर चर्चा की। शिविर में ग्राम प्रधान, राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल, पीएलवी, पंचायत सहायक, स्वयं सेविका, प्रधानाचार्य सहित कई विभागों के अधिकारी तथा आसपास गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जनसंघर्ष मोर्चा अब सात जनवरी को कलेक्ट्रेट में देगा धरना

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)



मंगलवार को पूर्व विधायक संतराम कुशवाहा के आवास पर जन संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया सिटी मजिस्ट्रेट धारा 144 की बात कह कर अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर जन संघर्ष मोर्चा जो 3 दिसंबर को कलेक्ट्रेट में शान्ति पूर्ण धरना देने जा रहा था। उसको कलेक्ट्रेट में या अन्य कहीं भी धरना देने की अनुमति देने से साफ इंकार कर दिया। जबकि दूसरी ओर सत्ता रुढदल के नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष स्वागत समारोह में निकले हजारों लोगों के जुलूस को अनुमति दी गई। इस अन्याय के विरोध में जन संघर्ष मोर्चा के हजारों लोग आगामी 7 जनवरी 2026 को कलेक्ट्रेट में अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर विशाल धरना देंगे। जन संघर्ष मोर्चा के संयोजक गिरेन्द्र सिंह ने कहा कि 19 नवंबर को जन संघर्ष मोर्चा ने जो 6 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित जिला अधिकारी के माध्यम से सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा था। उसमें उसमें भी मौसम हुई बरसात में किसानों की फसलों को जो नुकसान हुआ है उसमें ?30000 प्रति एकड़ मुआवजा देने की, किसानों को खाद की उपलब्धता और नकली खादकी बिक्री पर रोक लगाने, सड़कों पर गड्ढे अभिलंब भरने, किसने की फसलों का नुकसान कर रहे तथा सड़कों पर दुर्घटना का कारण बन रहे आवारा पशुओं पर रोकथाम करने की जिम्मेदारी जिन पर है उनको कठोर आदेश देने की तथा गांव और शहरों में भू माफियाओं द्वारा जो अवैध कब्जा किया जा रहे हैं उनके विरुद्ध काटकुर कार्रवाई करने की मां की। बैठक में पूर्व विधायक संतराम कुशवाहा ने जल शक्ति मंत्रालय द्वारा गांव-गांव में खोदी गई सड़कों, का मामला उठाया। तो वहीं रामकृष्ण शुक्ला, अशोक गुप्ता महाबली, देवेंद्र शुक्ला, जीतेंद्र यादव फौजी, कमल दोहरे, भानू राजपूत आदि नेताओं ने विचार व्यक्त किया। अंत में सर्वमत से 7 जनवरी को अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना देने का प्रस्ताव पारित हुआ।

## विधानसभा क्षेत्र 221 उरई में मतदाताओं से शीघ्र जमा करने की अपील

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)

विधानसभा क्षेत्र 221 उरई में निर्वाचन नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन ने मतदाताओं से अपने (गणना प्रपत्र) शीघ्र बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को उपलब्ध कराने की अपील की है।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक मतदाता का गणना प्रपत्र समय पर बीएलओ को जमा होना आवश्यक है। बीएलओ को प्राप्त प्रपत्रों के आधार पर ही मतदाताओं की जानकारी निर्वाचन ऐप पर अपडेट की जाती है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं द्वारा फॉर्म समय से जमा नहीं किया जाएगा, उनके नाम 16 दिसंबर 2025 को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं होंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसी स्थिति में इसके लिए संबंधित मतदाता स्वयं जिम्मेदार होगा। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभी मतदाता एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपना प्रपत्र समय पर अवश्य जमा करें। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभी मतदाता एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपना प्रपत्र समय पर अवश्य जमा करें। आपका छोटा-सा प्रयास मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, सटीक और मजबूत बनाने में अहम योगदान देता है। हेल्पलाइन नंबर (सहायता हेतु) 9198441107, 8299442206 जागरूक बनें, जिम्मेदार बनें और अपना फार्म शीघ्र जमा करें।

# डीएम ने धान खरीद और उर्वरक बिक्री की तैयारियों का लिया जायजा

- किसानों से संवाद कर ली गुणवत्ता की जानकारी, स्टॉक का कराया भौतिक सत्यापन
- धान खरीद में तेजी लाने के निर्देश, सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने पर जोर

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मंगलवार को साधन सहकारी समिति, चीउरहा पहुँचकर धान खरीद व्यवस्था और उर्वरक बिक्री की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, बिक्री स्थिति, किसान संतुष्टि और धान प्रेषण की व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की।
सबसे पहले जिलाधिकारी ने समिति पर उपलब्ध उर्वरक स्टॉक और बिक्री रिकॉर्ड की जांच की। समिति प्रभारी ने बताया कि अब तक 1404 बोरी यूरिया की बिक्री हो चुकी है, जबकि 656 बोरी यूरिया स्टॉक में उपलब्ध है। डीएपी की बिक्री का आंकड़ा प्रस्तुत करते हुए प्रभारी ने बताया कि अब तक सभी उपलब्ध डीएपी का वितरण कर दिया गया है तथा 17 बोरी डीएपी वर्तमान में स्टॉक में है।
जिलाधिकारी ने मौके पर ही स्टॉक का भौतिक सत्यापन कराया और सुनिश्चित किया कि सभी अभिलेख अद्यतन व सही हों। उर्वरक वितरण की स्थिति जानने के लिए उन्होंने समिति पर उपस्थित किसानों अदालत और रामप्रताप से संवाद किया। दोनों किसानों ने बताया कि उन्हें उर्वरक प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। जिलाधिकारी ने किसानों से फॉर्मर रजिस्ट्री और सदस्यता कार्ड की जानकारी भी ली। उन्होंने किसानों से फॉर्मर आईडी बनवाने और अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की।
इसके बाद जिलाधिकारी ने समिति पर संचालित केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लिमिटेड का निरीक्षण किया। केंद्र प्रभारी विनोद कुमार यादव ने अवगत कराया कि केंद्र पर अब तक 75 किसानों से 1634.6 कुंतल धान की खरीद की जा चुकी है, जबकि लक्ष्य 20 हजार कुंतल है। उन्होंने बताया कि किसानों को खरीदे गए धान का शत-प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है।
निरीक्षण के दौरान किसान शिवम पटेल के धान की तौल चल रही थी। जिलाधिकारी ने मौके पर ही धान में नमी की जांच कराई, जिसमें 14.6त्न नमी पाई गई, जो अनुमन्य सीमा 17त्न के भीतर है। धान प्रेषण के संबंध में जानकारी लेते समय पीसीयू के जिला प्रबंधक ने बताया कि मिलर्स को फोर्टीफाइड चावल उपलब्ध नहीं होने के कारण अग्रिम लॉट का प्रेषण नहीं हो पाया है। इसी कारण केंद्र स्तर पर भी प्रेषण प्रभावित है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला प्रबंधक को मिलर्स से समन्वय स्थापित कर अग्रिम लॉट तत्काल भिजवाने का निर्देश दिया, ताकि धान का प्रेषण सुचारु रूप से आरंभ कराया जा सके।
जिलाधिकारी ने धान खरीद केंद्र पर बोरों की उपलब्धता की स्थिति पूछी, जिस पर केंद्र प्रभारी ने बताया कि मिलर द्वारा क्रय के लिए आवश्यक बोरे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी क्रय केंद्रों पर कर्मचारियों और अधिकारियों के नाम व मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित किए जाएं।
जिलाधिकारी ने खरीदे गए धान के सुरक्षित भंडारण, सीमांत किसानों से अधिक धान खरीद, तथा क्रय नीति के सभी प्रावधानों के अनुपालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और गुणवत्तायुक्त धान की पारदर्शी खरीदी सुनिश्चित की जाए। साथ ही पूर्व वर्षों में धान बेचने वाले किसानों से संपर्क बढ़ाने और खरीद को गति देने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, तथा जिला प्रबंधक पीसीयू उपस्थित रहे।

# यूपी-112 राज्यस्तरीय रैंकिंग में प्रतापगढ़ टॉप टेन में शामिल, सूबे में दसवां स्थान

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




नवम्बर महीने में यूपी-112 की आपात सेवा की समीक्षा में प्रतापगढ़ के पीआरवी वाहनों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। यूपी-112 के वाहनों पर तैनात कर्मियों के परिश्रम से राज्यस्तरीय रैंकिंग में प्रतापगढ़ को दसवीं रैंक प्राप्त हुई है। एसपी दीपक भूकर द्वारा डायल-112 पर प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल मौके पर पहुंचकर पीड़ित को त्वरित उनकी समस्या के निस्तारण हेतु लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। उक्त निर्देश के क्रम में डायल- 112 पुलिस टीम द्वारा सूचनाओं पर तत्काल मौके पर पहुंच कर रिस्पांस टाईम लगातार बेहतर किया जा रहा है। सड़क दुघर्टना के मामलों में पीआरवी कर्मियों द्वारा त्वरित रुप से कार्यवाही करते हुए एम्बूलेंस के माध्यम से घायलों को इलाज हेतु नजदीकी अस्पताल में भी भेजा गया है। रिस्पॉन्स टाइम की बात की जाय तो शहरी क्षेत्रों में 05¬07 मिनट व ग्रामीण क्षेत्रों में रिस्पॉन्स टाइम 05¬26 मिनट है जबकि कुल औसत रिस्पॉन्स टाइम 05¬23 मिनट है। वहीं अधिकतम रिस्पॉन्स टाइम की घटनाएँ सीमित थी जिनका मुख्य कारण घटनास्थल की दूरी रही। जिले में डायल 112 टीम ने संवेदनशीलता, तत्परता और समर्पण के साथ जन सेवा की है। भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतर सेवा देने हेतु सभी इकाइयाँ प्रतिबद्ध हैं। जनपद पुलिस आमजन को यह विश्वास दिलाती है कि जनहित में सुरक्षा शांति एवं सहायता हेतु तत्पर सेवा ही हमारी प्राथमिकता है और डायल 112 के माध्यम से यह सेवा चौबीस घण्टे निर्बाध रूप से जारी रहे।

# राष्ट्रीय प्रदूषण दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के प्रभागीय निदेशक कार्यालय के सभागार कक्ष में राष्ट्रीय प्रदूषण दिवस के अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जगदम्बिका प्रसाद की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्रदूषण की रोकथाम एवं औद्योगिक सुरक्षा के विषय पर चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान पर्यावरणीय कानूनों पालन की आवश्यकता पर जोर दिया गया। संगोष्ठी में बढ़ती हुई जनसंख्या अत्याधिक शहरीकरण, निजी वाहनों की बढ़ती हुई संख्या, जीवाश्म ईंधन का बढ़ता हुआ प्रयोग, खेती में जरूरत से ज्यादा कीटनाशकों का प्रयोग जैस-विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। प्रदूषण के जैवविविधता पर पड़ने वाले दुष्परिणामों पर भी विस्तृत प्रकाश डाला गया। संगोष्ठी में सार्वजनिक परिवहन के साधनों तथा नवीकरणीय ऊर्जा के साधनों का इस्तेमाल, बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण की आवश्यकता तथा नागरिकों में प्रदूषण के प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। संगोष्ठी में डा. गौरीशंकर व रूपेन्द्र यादव ने प्रदूषण के विषय में प्रस्तुती दी। संगोष्ठी में क्षेत्रीय वन अधिकारी सदर, क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रशिक्षण केन्द्र लालगंज एवं प्रभागीय कार्यालय के समस्त कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

# दुश्वारियां : कोहड़ौर-चंदौका मार्ग जर्जर व बदहाल, राहगीरों के लिए मुसीबत

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले के नगर पंचायत कोहड़ौर से कांधरपुर व चंदौका होते हुए अमेठी जिले को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क इन दिनों बुरी तरह जर्जर व बदहाल हो चुकी है। जगह-जगह पड़े बड़े-बड़े गढ्ढों और टूटे किनारों के कारण यह मार्ग पगडंडी में तब्दील हो गया है जिससे राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। बता दें कि इसी रास्ते रोजाना लगभग आधा दर्जन स्कूलों के हजारों की संख्या में बच्चों का आवागमन होता है साथ ही दर्जनों गांवों के क्षेत्रीय लोगों के साथ ही गैर जनपद के राहगीरों का भी आवागमन लगा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क में जगह जगह गढ्ढे हैं और धूल उड़ रही है। सड़क की खराब हालत के कारण दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को रोजाना जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है। यह सड़क क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है लेकिन इसकी अनदेखी से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सदर विधायक द्वारा आश्वासन बराबर मिल रहा है लेकिन धरातल पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है ताकि आवागमन सुचारू हो सके और संभावित दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। जिले के अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक की चौखट पर दस्तक देने के बाद भी क्षेत्र की जनता को उसकी समस्याओं का समाधान होता नहीं दिख रहा। श्री प्रकाश उर्फ दुबऊ, राजेन्द्र पाठक, राजेन्द्र शुक्ल, उमेश तिवारी, अजीत दूबे, भास्कर द्विवेदी समेत लोगों का कहना है कि कभी टेंडर तो कभी बजट के फेर में मामला चलता रहता है लेकिन कोई काम धरातल पर नहीं दिख रहा है। जनप्रतिनिधि और अधिकारियों से महज आश्वासन मिलता है बाकी सालों से हम लोग इस जर्जर सड़क से आवागमन को मजबूर हैं।



अधिशाषी अभियंता प्रांतीय खण्ड ओपी चौरसिया ने बताया कि कोहड़ौर चंदौका सड़क पहले पीएमजीएसवाई में थी जिसके बाद हमारे विभाग को ट्रांसफर किया गया। अभी टेंडर प्रक्रिया नहीं हुई है। सरकार द्वारा एक एसओपी जारी होना है जिसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। नए वर्ष से सड़क निर्माण का कार्य चालू हो जायेगा।

---

सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने बताया कि कोहड़ौर चंदौका मार्ग के दृष्टिगत विशेष सचिव से मुलाकात कर एसओपी के विषय में जानकारी लिया। जल्द ही एसओपी जारी होने के साथ ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी। सड़क निर्माण व कांधरपुर क्षेत्र में सरदार पटेल की प्रतिमा की स्थापना दोनों कार्य एक साथ नए वर्ष पर शुरू हो जायेंगे। प्रतिमा संस्कृति विभाग द्वारा तैयार हो गई है।

# एएसपी ने किया परेड का निरीक्षण, पुलिसकर्मियों से लगवाई दौड़

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृज नंदन राय ने मंगलवार को परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों से टोलीवार ड्रिल भी कराई। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर आयोजित इस परेड का उद्देश्य पुलिस बल को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखना था। इसके तहत, सभी पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई गई और अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल का अभ्यास कराया गया। आपात स्थितियों से निपटने और अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिसकर्मियों को दंगा निरोधक उपकरणों के साथ ड्रिल का अभ्यास कराया गया। एएसपी ने इन उपकरणों के रख-रखाव और उनकी क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत औपचारिक रिपोर्टिंग के दौरान विभागीय अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक राजीव कुमार सहित पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। परेड निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण अवधि आत्मविकास का सर्वोत्तम अवसर है। उन्होंने आरक्षियों को समय की पाबंदी, शारीरिक दक्षता, सत्यनिष्ठा, वर्दी की शुद्धता तथा जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए।

## प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक वेबसाइट पर करने होंगे अपलोड

**देवरिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी के तहत गोरखपुर मंडल में 1 से 8 फरवरी तक प्रयोगात्मक परीक्षा हुई है। परीक्षकों के नहीं पहुंचने से जिले के भी कुछ विद्यालयों में परीक्षा शेष रह गई है। इस पर बोर्ड की ओर दूसरे चरण में 9 से 16 फरवरी तक परीक्षा संपन्न कर लेने का निर्देश दिया गया है। साथ ही दिए गए नंबर को परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करने का भी निर्देश हुआ है।
माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित होने वाले बोर्ड परीक्षा के पूर्व प्रयोगात्मक परीक्षा को समय से करा लेने के लिए जिम्मेदार जुटे हुए हैं। प्रथम चरण में इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा निर्धारित मंडलों में एक से आठ फरवरी तक करा लेने का आदेश हुआ था। साथ ही प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए नियुक्त परीक्षकों की ओर से उसी दिन परीक्षार्थियों को दिए गए अंकों को परिषद के पोर्टल पर अपलोड किया जाना है।

# स्पीड राडार की निगरानी में 5 वाहन चालको पर जुर्माना

जन एक्सप्रेस । महराजगंज




सड़क सुरक्षा को लेकर जनपद महराजगंज में पुलिस ने मंगलवार को विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में प्रभारी यातायात एवं उनकी टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-730 पर सेमरा टोल प्लाजा के पास संचालित किया गया। अभियान के दौरान स्पीड राडार गन लगाकर वाहन चालकों की गति की जांच की गई। तेज रफ़्तार में पकड़े गए चालकों को रोककर यातायात नियमों का पालन करने तथा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। नियम तोड़ने पर 5 चालकों का चालान किया गया, जिससे कुल ?10,000 का जुर्माना वसूला गया।
यातायात प्रभारी अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि तेज गति से वाहन न चलाएँ, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में मदद मिलेगी।

# एसआईआर में उलझे लेखपाल, तहसीलों में प्रमाण पत्र डंप

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर शहर से गांव तक कर्मचारियों को लगा दिया गया है। लेखपालों की इसमें व्यस्तता के कारण तहसील से जारी होने वाले जाति, आय, निवास प्रमाण पत्रों के साथ धान बेचने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले किसानों के सत्यापन में भी देरी हो रही है। जिले में करीब दस हजार से अधिक लोगों का प्रमाण पत्र और तीन हजार से अधिक किसानों का सत्यापन तय समय के अंदर जारी नहीं हो सका है। इसको लेकर लोग तहसीलों में भटकने को मजबूर हैं। इसके चलते धान की खरीद भी जिले में सुस्त पड़ी है। पडरौना तहसील में करीब 500 से अधिक ऐसे आवेदन हैं जो तय समय के अंदर जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र जारी नहीं हो सके हैं। हाटा प्रतिनिधि के अनुसार तहसील के सरकारी दफ्तरों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में पहुंचने वाले लोग उम्मीद करते हैं कि उनके प्रार्थना पत्रों पर जल्द निस्तारण हो, लेकिन लेखपालों की अतिरिक्त व्यस्तता प्रशासनिक मशीनरी की गति को धीमा कर रही है। हालत यह है कि संपूर्ण समाधान दिवस और जनता दर्शन में आए प्रार्थना पत्रों की जांच भी समय पर नहीं हो पा रही। इसके अलावा भूलेख से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य भी प्रभावित हैं। कर्मचारियों का कहना है कि पहले भी अतिरिक्त ड्यूटियां दी जाती थीं, लेकिन इस बार काम का दायरा और जिम्मेदारी दोनों बढ़ गए हैं। रोजाना की रिपोर्टिंग, मौके पर जाकर सत्यापन और अचानक निरीक्षणों की वजह से लेखपालों के पास कार्यालय के कार्यों के लिए पर्याप्त समय नहीं बच पा रहा। राजस्व विभाग में भूलेख से जुड़े कार्य सबसे महत्वपूर्ण माने जाते हैं। भूमि सीमांकन, खतौनी संशोधन, नक्शा सुधार जैसे कार्य लेखपालों की रिपोर्ट के बिना संभव नहीं होते। सहज जन सेवा केंद्र संचालित करने वाले राजकुमार ने बताया कि प्रमाण पत्र में रिपोर्ट लगने में पहले से देरी हो रही है, जिससे आवेदकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। हाटा तहसील के लेखपाल रामेंद्र तिवारी ने बताया कि एसआईआर में लेखपालों की ड्यूटी लगाई है। इससे हम लोगों का मूल कार्य काफी हद तक प्रभावित हो रहा है। कसया प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र में पूरा दिन लेखपाल, कानूनगो, तहसीलदार समेत एसडीएम स्वयं एसआईआर की समीक्षा और ससमय पूरा कराने को लेकर काफी जोर रहे हैं तो वहीं तहसील में लोग राजस्व से संबंधित कार्यों के लिए चक्कर लगाने को मजबूर हो रहे हैं। तहसील में सोमवार को पड़ताल किया गया तो राजस्व कर्मचारी और अधिकारी सभी लोग क्षेत्र में एसआईआर का सत्यापन कराने में जुटे हुए थे।

## बदलते मौसम में बढ़ रहा संक्रमण, खांसी से परेशान हो रहे लोग

**देवरिया।** मौसम बदलने पर गले की बीमारी से लोग पीड़ित हो रहे हैं। एलर्जी से पीड़ित लोगों को अधिक दिक्कत होती है। खराश और दर्द हो रहा है तो सतर्क होने की जरूरत है। मेडिकल कॉलेज में इस तरह के मरीज बढ़े हैं। ईएनटी विभाग में रोजाना 20 से 25 मरीज गले में दिक्कत की समस्या लेकर आ रहे हैं। डॉक्टर दवा के साथ सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। मौसम के बदलने से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। इस मौसम में बैक्टीरिया का संक्रमण हो रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का प्रकोप बढ़ा है। इसकी वजह से गले में दिक्कत भी हो रही है। लोगों को गले में खराश और दर्द व खांसी की परेशानी हो रही है। गले में दर्द के साथ थूक निगलने में दिक्कत हो रही है। बुखार से लोग पीड़ित हो जा रहे हैं। साथ ही कमजोरी भी महसूस करते हैं। कुछ लोगों को ठंड लगने के साथ भी बुखार हो जा रहा है।

# जांच न निगरानी, गंदी टंकी और जार में धंधेबाज बेच रहे 'साफ' पानी

जन एक्सप्रेस । देवरिया



शहर में सील पैक पानी बेचना है तो नियम का पालन करना पड़ता है, लेकिन खुला पानी जार और टंकी में बेचने पर कोई नियम कानून नहीं है। मिनरल वॉटर बताकर आरओ प्लांट चलाने वाले हजारों लीटर पानी की सप्लाई करके पैसे कमा रहे हैं। गुणवत्ता जांचने और रोकने टोकने वाला कोई है ही नहीं। इससे वह धड़ल्ले से खुले पानी का कारोबार कर रहे हैं। वहीं आम लोग भी भरोसे के साथ खुले पानी का सेवन कर रहे हैं। खुले पानी के व्यापार में लोगों के स्वास्थ्य के साथ कब कोई खिलवाड़ हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता।
जिला मुख्यालय से लेकर तहसील और ग्रामीण इलाकों को लेकर करीब 100 से ज्यादा आरओ प्लांट इस समय हैं। इन प्लांटों में साफ सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता है। सीसीरोड के पास स्थित दो प्लांटों के पास सफाई नहीं थी। वहां गाड़ी पर रखे पानी की टंकी भी साफ नहीं थी। इसी टंकी में पानी भरकर शहर में शुद्ध पानी के नाम पर सप्लाई की जाती है। शहर में रामगुलाम टोला, रामनाथ देवरिया, राघव नगर, हनुमान मंदिर, देवरिया खास, साकेत नगर आदि मोहल्लों में ऑरओ प्लांट संचालित हो रहे हैं। शहर में एक दिन में कम से कम 5000 लीटर पानी लोगों के घरों में पहुंचाया जा रहा है। जार में शुद्ध पानी बताकर ग्राहकों से 20 से 30 रुपये लेते हैं। कोई रोजाना भुगतान करता है तो कोइ महीना पूरा होने पर करता है। सबसे ज्यादा दुकान वाले जार का पानी मंगाते हैं। छोटे दुकानदार अपना जार रखे हुए हैं, जब पानी वाला आता है तो गाड़ी पर रखे टंकी के पानी से पाइप द्वारा उनके जार को भर देता हे। टंकी के पानी की 10 रुपये लेते हैं।

### यह पानी पीने से हो सकते हैं बीमार

सीएमएस डॉ. एचके मिश्रा ने बताया कि दूषित पानी से बीमार बना सकता गंभीर रूप बोने से कई तरह की बीमारी और इनकी चपेट में आ सकते हैं। हैजा, पीलिया, डायरिया, टीबी, जैसी बीमारियां हो सकती हैं। पेट की कई बीमारियां हो सकती हैं। साथ ही बच्चे के विकास पर भी असर पड़ सकता है। दूषित पानी पीने से आंखों में एलर्जी हो सकती है। पानी को उबाल कर फिर ठंडा होने के बाद पीएं।

### मानक कहीं भी नहीं दर्शाते

आरओ प्लांट संचालक शुद्ध पानी के नाम पर कमाई कर रहे हैं। सहालग में तो इनकी कमाई दोगुनी-तीनगुनी हो जाती है। मानकों की बात की जाए तो आरओ प्लांट से किस मानक के पानी की आपूर्ति की जा रही है, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। पानी के डिब्बों पर रसायन की मात्रा, उत्पादन तिथि और खराबी की तिथि तक नहीं लिखी जा रही है।

# पीपीपी मॉडल पर 'बस्ती हेल्थ क्लब' के सहयोग से संचालित होगी योजना: नीलम सिंह

जन एक्सप्रेस। बस्ती



नगर पंचायत नगर अपने क्षेत्र के दुर्घटना पीड़ितों का निःशुल्क इलाज कराएगा। भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी के जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने योजना का उद्घाटन किया। 24 घंटे मिलने वाली इस योजना को पीपीपी मॉडल पर 'बस्ती हेल्थ क्लब' के सहयोग से संचालित किया जाएगा। अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने कहा कि अब पैसे के अभाव में किसी दुर्घटना पीड़ित की जान नहीं जाने पाएगी। नगर पंचायत नगर का निवासी कोई भी दुर्घटना पीड़ित आवश्यकतानुसार इसका लाभ उठा सकता है।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र के मार्ग दुर्घटना पीड़ित नागरिकों के बस्ती जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचने पर जो भी दवाएं, इंजेक्शन ,जांच आदि वहां उपलब्ध नहीं होगा उसकी व्यवस्था नगर पंचायत करेगी। यह सुविधा पीड़ित के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती रहने तक जारी रहेगी। दवाओं के लिए गोविंद कुमार, मित्रम मेडिकल स्टोर जिला अस्पताल बस्ती गेट न0 01 मोबाइल नंबर 9450570478, 7985077570, श्री अमन गुप्ता अमन मेडिकल स्टोर जिला महिला अस्पताल के सामने मोबाइल नंबर 7985151846, 8543094128 तथा पैथोलॉजी जांच के लिए राकेश शर्मा, शुभ पैथोलॉजी जिला चिकित्सालय बस्ती गेट नंबर 01 के सामने मोबाइल नंबर 9260927883 तथा अन्य जांचों के लिए मुकेश मिश्रा मोबाइल नंबर 7233918210 जटा शंकर तिवारी मोबाइल 7388687028, सुश्री सीता गौड़ मोबाइल नंबर 6391404630 ओझा डायग्नोस्टिक सेंटर निकट जिला अस्पताल कैली रोड बस्ती से संपर्क किया जा सकता है।

श्रीमती राना ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के राष्ट्रीय राज मार्ग पर अक्सर मार्ग दुर्घटनाएं होती रहती है ऐसे में यह पीड़ितों विशेषकर गरीबों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इसके पहले गरीब मरीजों और जरूरतमंदों के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष विवेकाधीन कोष, गरीब परिवारों में निधन पर निःशुल्क शव वाहन की सुविधा, श्री राम धाम निःशुल्क यात्रा, प्रत्येक माह वृद्ध जन सम्मान, मासिक योग शिविर, हर माह विशेष स्वच्छता अभियान जैसी जनहितकारी योजनाएं संचालित करने वाली नगर देश की पहली नगर पंचायत बन गई है। उत्तर प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि नगर को देश का मॉडल नगर पंचायत बनाने के लिए को जुटना होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा में नगर पंचायत नगर अग्रणी भूमिका होनी चाहिए। सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर चलकर हमे जनहित सर्वोपरि के संकल्पों को पूरा करना चाहिए। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी सृष्टि सिंह,

सभासद बिन्दु लाल, संजय सोनकर, संदीप, विजय साहनी, राजकुमार चौधरी, राम सजन यादव, दिनेश चौरसिया, विजय जायसवाल, राजेश पाण्डेय, नियाज अहमद, सत्यराम निषाद, चंद्र मणि मिश्रा, आशीष सिंह, राकेश पाण्डेय, जगदीश पाण्डेय, सतीश मिश्रा, मोहंती दूबे, श्रुति अग्रहरि, विपिन पाण्डेय, पप्पू सिंह प्रधान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मृत्युंजय महादेव धाम उमरछा में सुंदरकांड प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




धर्म ग्रंथों में कहा गया है कि जहाँ सुंदरकांड का पाठ होता है, वहाँ स्वयं हनुमान जी महाराज अदृश्य रूप में उपस्थित रहते हैं और प्रभु श्री राम का आशीर्वाद सहज ही प्राप्त होता है। उक्त बातें अजित प्रजापति भाजपा जिलाध्यक्ष जौनपुर ने मृत्युंजय महादेव धाम उमरछा में सस्वर सुंदरकांड पाठ के समापन के बाद आयोजित सम्मान समारोह के अबसर पर कही।

उन्होंने कहा कि यह पावन पाठ जीवन के समस्त दुःखों और बाधाओं को हर लेता है, और भक्तों के हृदय में भक्ति, शांति और आनंद का संचार करता है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि मैं आयोजन समिति को भी बधाई देता हूं कि उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करके लोगों को धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया है।

सस्वर सुन्दरकांड प्रतियोगिता की शुरुआत पंडित अशोक दुबे के मार्गदर्शन में यजमान दीनानाथ उपाध्याय और उनकी पत्नी सरोज उपाध्याय द्वारा पूजा पाठ करके की गई।

जय बजरंग मानस समिति बुढ़नेपुर रूपपुर, बटाउवीर जौनपुर के सदस्यों द्वारा सस्वर सुंदरकांड पाठ प्रस्तुत किया गया। दर्शकों के साथ-साथ ललित शुक्ल, कैलाश नाथ शुक्ल और सतीश कुमार उपाध्याय ने अपने निर्णय को बंद लिफाफे में सुरक्षित रखा। भाजपा के जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने जय बजरंग मानस समिति बुढ़नेपुर रूपपुर, बटाउवीर जौनपुर के सदस्य बजरंगी सिंह, नन्हकउ उपाध्याय, अमित सिंह विजयशंकर दुबे यजमान दीनानाथ उपाध्याय को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजक सुशील कुमार उपाध्याय ने भाजपा के जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, मिथिलेश मिश्र, इंद्र बहादुर सिंह, पंकज मिश्र, पीयूष गुप्त, डॉ रामसूरत विंद संतोष मिश्र यादवेंद्र मिश्र, सुभाष शुक्ल, विनय सिंह को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया और उपस्थित भक्त जनों के प्रति आभार प्रगट किया।

कार्यक्रम के अंत में रामायण और हनुमान जी की आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रमाशंकर उपाध्याय, पद्माकर शुक्ला, केशव प्रसाद शुक्ल, ओमप्रकाश शुक्ल, अरुण उपाध्याय, कपिल मिश्रा, दीना शुक्ल, राकेश शुक्ल, अशोक शुक्ल, सूर्यनाथ शुक्ला, आनन्द, सतीश शुक्ल, राजेश शुक्ला, जयशंकर शुक्ला, ढोलन शुक्ल, विकास सोनू सहित सैकड़ों महिला पुरुष भक्त जन उपस्थित रहे।

# हक मांगने गये शिक्षक नेताओं पर मुकदमा दर्ज करने से रोष



जन एक्सप्रेस। बस्ती

एनएमओपीएस के राष्ट्रीय आह्वान पर मंगलवार को शिक्षकों कर्मचारियों ने संघ के राष्ट्रीय पदाधिकारियों पर शासन द्वारा मनमाने तरीके से दर्ज एफआईआर के विरोध में जनपद के अनेक विद्यालयों में उसकी प्रतियां जलाकर इसको वापस लेने की मांग की। अटेवा जिलासंयोजक तौआब अली ने बताया कि 25 नवम्बर को दिल्ली के जंतर मंतर पर पुरानी पेंशन बहाली एवं आरटीई एक्ट लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टेट लागू किए जाने के विरोध में शांति पूर्ण तरीके से एनएमओपीएस का धरना चल रहा था। धरना समाप्त होने के उपरांत एनएमओपीएस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुखजीत सिंह एवं संगठन सचिव बिजेंद्र धारीवाल पर प्रशासन द्वारा मनमाने तरीके से एफआईआर दर्ज कर दिया गया। जो कि अत्यंत खेदजनक है जिसका अटेवा, एनएमओपीएस इकाई घोर निंदा करती है और सरकार से यह मांग करती है कि दोनों पदाधिकारियों पर दर्ज एफआईआर तत्काल वापस लिया जाए। यदि दोनों पदाधिकारियों पर दर्ज एफआईआर वापस नहीं लिया गया तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

मंडलीय महामंत्री दीपक सिंह प्रेमी जिला कोषाध्यक्ष अमर चंद व मीडिया प्रभारी नीरज वर्मा ने कहा कि एनएमओपीएस के राष्ट्रीय पदाधिकारियों पर दर्ज एफआईआर सरकार द्वारा लोगों के हक की आवाज दबाने की एक साजिश है जिसे संघ कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगा।

माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के प्रांतीय कोषाध्यक्ष बिजेन्द्र वर्मा मंत्री ध्रुव नारायण चौधरी व जिलाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि शांति पूर्ण तरीके से धरना दे रहे राष्ट्रीय पदाधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कराना मूल अधिकार का हनन है। हम सरकार से तत्काल इसे वापस लेने की मांग करते हैं। इस दौरान ज्ञानेन्द्र भारती, प्रमोद ओझा, देवेन्द्र तिवारी, बृजेश वर्मा, डॉ कमलेश चौधरी, सुरेन्द्र यादव, कैलाश नाथ, अनिरुद्ध वर्मा, डॉ सत्यप्रकाश मौर्य, बाबूराम वर्मा, सुखराज गुप्ता, अर्जुन प्रसाद, मोहम्मद सलाम, पप्पू सक्सेना, जितेन्द्र वरुण मनीष मिश्रा, संजय यादव, अवधेश कुमार वर्मा, महेंद्र पटेल, प्रवेश चौधरी, अजीत वर्मा, राकेश मिश्रा, लालजी वर्मा, लालजी पाल, संदीप यादव, हरीराम बंसल, वीरेन्द्र चौधरी राजेश कुमार आर्य, वीरेन्द्र यादव, आशा पाण्डेय, संतोष कुमार, श्रीनाथ, रमेश चंद्र गौतम, चक्रधर मौर्य संजय कुमार, विजय कुमार, अनीता, निशा वर्मा, मीरा श्रीवास्तव, दीपक सिंह, आशुतोष मिश्रा, इरशाद अहमद, देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव अजय कुमार सिंह बैभव, सहित सैकड़ों शिक्षक कर्मचारी ने अपने अपने कार्यस्थल पर एफआईआर की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया।

# शाहगंज महोत्सव की तैयारियों को मिली रफ़्तार

## 4-5 दिसम्बर को होगा भव्य आयोजन



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

आगामी शाहगंज महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए शाहगंज में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विधायक रमेश सिंह और जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में अधिकारियों से महोत्सव के सभी आयामों की गहन समीक्षा की गई और समयबद्ध तैयारी के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान यह अवगत कराया गया कि शाहगंज महोत्सव का आयोजन 04 और 05 दिसम्बर को प्रस्तावित है। कार्यक्रम के पहले दिन सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरे दिन विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित स्टॉल लगाए जाएंगे। इस दो दिवसीय आयोजन का उद्देश्य क्षेत्रीय कला, संस्कृति और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है, साथ ही जनता को सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। अधिकारियों को यातायात एवं पार्किंग प्रबंधन, मंच निर्माण, सजावट, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल उपलब्धता, स्वास्थ्य सहायता तथा अग्निशमन जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने विभागवार तैयारी की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि महोत्सव की सभी गतिविधियाँ गुणवत्तापूर्ण ढंग से और समय सीमा के भीतर पूरी की जाएं। बैठक के बाद विधायक और जिलाधिकारी ने आयोजन स्थल का स्थलीय निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं की प्रगति का जायजा लिया और जहाँ आवश्यक पाया, वहाँ सुधार कराने के निर्देश दिए। अंत में, सभी विभागों को परस्पर समन्वय बनाते हुए महोत्सव को सफल, सुरक्षित और आकर्षक बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में उपजिलाधिकारी शाहगंज सहित सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मीरगंज पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को दबोचा न्यायालय के आदेश पर त्वरित कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

थाना मीरगंज पुलिस ने माननीय ग्रामीण न्यायालय मछलीशहर के आदेश के अनुपालन में एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत रवाना कर दिया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतिश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मछलीशहर प्रतिमा वर्मा के पर्यवेक्षण में की गई। मामला वाद संख्या 500/24 से संबंधित है, जिसमें धारा 323/504 भादवि के अंतर्गत स्टेट बनाम लालबहादुर प्रकरण में न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। आदेश का सम्मान करते हुए मीरगंज पुलिस सक्रिय हुई और गुप्त सूचना के आधार पर मायाशंकर यादव पुत्र लालबहादुर यादव, निवासी मोलनापुर, थाना मीरगंज, जौनपुर को हिरासत में ले लिया। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद अभियुक्त को माननीय ग्रामीण न्यायालय मछलीशहर में प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि न्यायालय के आदेशों का त्वरित और प्रभावी अनुपालन प्राथमिकता है। वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि कानून-व्यवस्था और न्यायिक प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। मायाशंकर यादव पुत्र लालबहादुर यादव, निवासी मोलनापुर, थाना मीरगंज, जौनपुर।

# थाना सरायख्वाजा का त्रिमासिक निरीक्षण

## साफ-सफाई से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक— सीओ सदर ने दिए कड़े निर्देश



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

पुलिस अधीक्षक डॉ.कौशुभ के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर देवेश सिंह ने सोमवार को थाना सरायख्वाजा का त्रिमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीओ सदर ने थाना परिसर का विस्तृत जायजा लेते हुए सीसीटीवी कंट्रोल रूम, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, कार्यालय समेत सभी महत्वपूर्ण इकाइयों का बिंदुवार निरीक्षण किया। सीओ देवेश सिंह ने अभिलेखों के संधारण, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता और मालखाना व शस्त्रागार की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष रूप से ध्यान दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हवालात प्रबंधन तथा परिसर की साफ-सफाई को लेकर भी उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके साथ ही थाना परिसर में आने वाले आगंतुकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भी सीओ सदर ने आवश्यक निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि जनता को सुगम और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा।

# जौनपुर में महिला पुलिस टीम का मिशन शक्ति–05 अभियान तेज

## स्कूलों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं-बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक



**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर**

- महिला पावर लाइन – 1090
- पुलिस आपातकालीन सेवा – 112
- महिला हेल्पलाइन – 181
- सीएम हेल्पलाइन – 1076
- चाइल्ड लाइन – 1098
- एम्बुलेंस – 108
- स्वास्थ्य सेवा – 102
- साइबर क्राइम हेल्पलाइन – 1930

**छात्राओं को दी गई उपयोगी जानकारी**

1. सुरक्षा व कानूनी जागरूकता
गुड टच–बैड टच की जानकारी
घरेलू हिंसा और संबंधित कानूनी अधिकार
साइबर अपराधों के प्रकार और बचाव उपाय
शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

2. मिशन शक्ति केंद्रों की भूमिका
जनपद के प्रत्येक थाने पर मिशन शक्ति केंद्र संचालित हैं।
इन केंद्रों पर महिलाओं को त्वरित सहायता, परामर्श, शिकायत निस्तारण और योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।
महिला पुलिस टीम ने सभी को जागरूक बनकर सुरक्षित रहने का संदेश देते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में उपरोक्त हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत संपर्क किया जाए

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जनपद की महिला पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति-05 के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। टीम स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं, छात्राओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान कर रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों को कड़ी हिदायत दी जा रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन को सशक्त बनाना है।

महिला पुलिस टीम ने उपस्थित बालिकाओं व महिलाओं को यूपी पुलिस की सेवाओं और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सतर्क रहने की अपील की। टीम ने कहा कि समय पर सूचना और जागरूकता हादसों और अपराधों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# खुटहन पुलिस ने चार लोगों को शांति भंग में किया गिरफ्तार

## कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त अभियान जारी

**गिरफ्तार अभियुक्त**

- संदीप बिंद, पुत्र सुबाष बिंद, उम्र 30 वर्ष
- सौरभ बिंद, पुत्र सुबाष बिंद, उम्र 18 वर्ष
- कृष्ण चौरसिया, पुत्र जियालाल, उम्र 34 वर्ष
- गोविंदा, पुत्र पुनवासी बिंद, उम्र 19 वर्ष

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

- थानाध्यक्ष चंदन कुमार राय
- उ0नि0 महेंद्र यादव
- हे0का0 मुकेश सिंह
- का0 मानिंद्र यादव
- खुटहन पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा और भरोसा मजबूत हुआ है।




जन एक्सप्रेस। जौनपुर

थाना खुटहन पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र की शांति-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय भेज दिया। यह पूरी कार्यवाही अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान तथा थानाध्यक्ष खुटहन चंदन कुमार राय के निर्देशन और पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस के अनुसार, दिनांक 02 दिसंबर 2025 को पूरे क्षेत्र में विशेष सतर्कता अभियान चलाया गया था, जिसके दौरान पुलिस टीम ने लवायन गांव में कुछ व्यक्तियों की गतिविधियों को शांति भंग की श्रेणी में पाते हुए उन्हें हिरासत में लिया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में संदीप बिंद 30 वर्ष, सौरभ बिंद 18 वर्ष, कृष्ण चौरसिया 34 वर्ष और गोविंदा 19 वर्ष शामिल हैं। चारों आरोपी निवासी लवायन, थाना खुटहन, जनपद जौनपुर बताए गए हैं। पुलिस ने बताया कि इन व्यक्तियों के कारण क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना थी, जिसके चलते धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी के बाद नियमानुसार इन्हें न्यायालय भेजा गया,

जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शांति और कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ जिला पुलिस जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। किसी भी प्रकार की अराजकता या विवाद की स्थिति पैदा करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाई गई है और ग्रामीणों को भी सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की जा रही है।

# दिल्ली में होने वाली रैली की तैयारी के लिए कांग्रेसियों ने की बैठक

## भाजपा के वोट चोरी कै खिलाफ कांग्रेस का हर कार्यकर्ता रहे तैयार- डा.प्रमोद कुमार सिंह

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जौनपुर दिल्ली में कांग्रेस पार्टी की तरफ से वोट चोरी के खिलाफ चौदह दिसम्बर को होने वाली रैली की तैयारी के लिए जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन जौनपुर जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कांग्रेसियों ने वोट चोरी के खिलाफ हुंकार भरी। राजीव भवन पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जननायक श्री राहुल गांधी जी जनता के मताधिकार की रक्षा और भाजपा तथा चुनाव आयोग की मिली भगत से की जा रही वोट चोरी के खिलाफ चौदह दिसम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली विशाल महारैली में जौनपुर का प्रत्येक कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंचे। प्रमोद सिंह ने कहा कि यह समय घर बैठने का नहीं है, कांग्रेस का हर कार्यकर्ता इमानदारी से अपने बूथ पर डटा रहे, एसआईआर पर मतदाताओं का पूरा सहयोग करें, जिसमें भाजपा के गलत मंसूबे सफल न होने पाये और लोकतंत्र का चीर हरण करने वाले भाजपा और चुनाव आयोग को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। डा. प्रमोद सिंह ने कहा संगठन सृजन अभियान में सर बूथ पर पार्टी का संगठन मजबूत रहना चाहिए। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरिफ खान ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली में वोट चोरी के खिलाफ राहुल गांधी जी की रैली को सफल बनाने के लिए जौनपुर से सैकड़ों की संख्यां में लोग चले। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवराज पांडेय, अरुण शुक्ला, लाल प्रकाश पाल, अनिल सोनकर, डा.दिवाकर मौर्या, सभासद शहनवाज मंजूर, इरशाद खान, कृष्ण कुमार गुप्ता, प्रवेश निषाद, रमेश चंद्र पाल,आरिफ सलमानी, इकबाल हुसैन, मुहम्मद ताहिर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खेतासराय पुलिस ने शांति भंग के आरोप में युवक को किया गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस। जौनपुर। थाना खेतासराय पुलिस ने सोमवार को शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। यह पूरी कार्यवाही अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव तथा क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान के निकट पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस के अनुसार, दिनांक 02 दिसंबर 2025 को थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर–07 कासिमपुर में शांति–व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका के चलते पुलिस टीम सक्रिय हुई। इसी दौरान टीम ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर अभिषेक यादव उम्र 20 वर्ष, पुत्र स्व. प्रेमसागर यादव, निवासी वार्ड नंबर–07 कासिमपुर, थाना खेतासराय को हिरासत में लिया। युवक को नियमानुसार बस स्टैंड दीदारगंज रोड, खेतासराय से गिरफ्तार कर धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत संबंधित न्यायालय में चालान किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है और किसी भी तरह की अशांति फैलाने की आशंका होने पर तुरंत कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के साथ ही आमजन से भी शांति और कानून–व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई है।

## हरि नाम संकीर्तन यात्रा निकाली गईं बदलापुर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। नगर पंचायत बदलापुर में अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत (इसकान) संघ की ओर से मंगलवार को भगवान चैतन्य महाप्रभु की संकीर्तन यात्रा निकाली गई, /हरि नाम संकीर्तन यात्रा सब्जी मंडी सरोखनपुर से होते हुए, चंदन शहीद मार्ग, महराजगंज रोड से होते हुए मुख्य मार्गो से होकर बदलापुर के एक मैरेज हाल मे समापन हुआ/ गौरतलब हो की इस भव्य एवं दिव्य पालकी संकीर्तन यात्रा में समस्त भक्तों के साथ बदलापुर नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह के प्रतिनिधि वैभव सिंह ने भी उपस्थित होकर दर्शन–पूजन किया। और नगर पंचायत में भक्तों के साथ भ्रमण किया/ कार्यक्रम के अंत मे प्रसाद वितरण किया गया द्य इस अवसर पर डा अजय मौर्य प्रदीप जायसवाल, आशीष सिंह, सूरज सेठ, सुशील निगम खपडूसहित अन्य भक्त गण मौजूद रहे।

# कन्नौज पहुंचे सांसद रामगोपाल यादव एस आई आर को लेकर की महत्वपूर्ण बैठक

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव मंगलवार सुबह अचानक कन्नौज पहुंचे। उनके अप्रत्याशित दौरे की जानकारी मिलते ही जिलेभर के सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में हलचल मच गई। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां समेत वरिष्ठ नेता तुरंत सपा कार्यालय पहुँचे और राष्ट्रीय महासचिव का गर्मजोशी से स्वागत किया।

स्वागत के उपरांत रामगोपाल यादव ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ एसआईआर प्रक्रिया को लेकर एक आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने साफ निर्देश दिए कि सभी कार्यकर्ता एसआईआर प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखें और इसे पूरी सावधानी के साथ पूरा करें, ताकि आगामी समय में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने वोट को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच बनाने पर भी जोर दिया।

वरिष्ठ सपा नेता हसीब हसन ने बताया कि यह गोपनीय और अचानक हुआ दौरा था। सुबह जानकारी मिली कि चाचा जी (रामगोपाल यादव) कन्नौज आ रहे हैं।

वह यह देखने निकले थे कि कार्यकर्ता एसआईआर से संबंधित कार्य किस तरह कर रहे हैं। करीब आधा घंटा उन्होंने कार्यालय में समय बिताया और आवश्यक दिशा-निर्देश देकर वापस चले गए। दौरे के दौरान रामगोपाल यादव ने कार्यकर्ताओं से एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित जानकारी जुटाई, उनकी समस्याएँ सुनीं और उच्च अधिकारियों से बातचीत कर समाधान का आश्वासन दिया।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्यकर्ता एसआईआर फॉर्म भरवाने के अभियान में सक्रियता से जुटें, ताकि समाजवादी पार्टी के वोटरों का किसी भी स्तर पर नुकसान न हो।

सपा नेताओं ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह शिक्षित वर्ग के सपा समर्थकों का वोट कम करने की कोशिश कर रही है, इसलिए एसआईआर फॉर्म भरवाना अत्यंत आवश्यक है।

पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर इस अभियान में पूरी जिम्मेदारी के साथ योगदान देगा।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष कलीम खान, वरिष्ठ नेता जयकुमार तिवारी बऊअन, पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, कन्नौज विधानसभा अध्यक्ष पी.पी. सिंह बघेल, प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना इरफानुल हक कादरी सहित अनेक प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टिकरा मुर्तजा के रोजगार सेवक अरविंद का हुआ सम्मान



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

विशेष पुनारीक्षण अभियान में अपनी लगन और रात दिन की मेहनत की बदौलत टिकरा मुर्तजा गाँव के 90 प्रतिशत के करीब मतदाताओं के एसआईआर फार्म जमा हो गए हैं। जिसके चलते ग्रामीण रोजगार सेवक अरविन्द कुमार को जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। रोजगार सेवक अरविन्द कुमार के सम्मानित होने पर ग्राम टिकरा मुर्तजा वासियो ने उनको मिठाई खिलाकर बधाई दी है। जिसमें ग्राम प्रधान नसरीन बानों, प्रधान प्रतिनिधि इसरार, ग्राम सचिव नवीन राय, मनोज कुमार, विजय पाठक, संदीप कुमार, मनीराम, कमरूद्दीन, संजीव कुमार, उत्तम कुमार आदि शामिल हैं।

# फसल बीमा जागरूकता रैली को प्रभारी सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




रबी सीजन 2025 के अंतर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत आज प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी द्वारा विकास भवन से वाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर की गई। यह रैली जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर किसानों को फसल बीमा योजना के लाभ, प्रक्रिया और अंतिम तिथि के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करा रही है। फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि गांव-गांव जाकर कृषकों को बता रहे हैं कि रबी 2025 के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, मौसमीय असामान्यताओं तथा अन्य आकस्मिक परिस्थितियों से कृषि फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई कर किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है, इसलिए सभी कृषक समय रहते अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं। ऋणी किसान अपनी संबंधित बैंक शाखा से बीमा करा सकते हैं, जबकि गैर-ऋणी किसान अपना आधार कार्ड, स्वप्रमाणित फसल बुवाई घोषणा पत्र, नवीनतम खतौनी की नकल तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति लेकर सीएससी केंद्र या बैंक में जाकर बीमा करा सकते हैं। रबी सीजन 2025 के लिए जनपद में गेहूँ, सरसों एवं आलू की फसलों को बीमा हेतु अधिसूचित किया गया है, जिनके लिए क्रमशः प्रति हेक्टेयर बीमित राशि 92,800 रुपये, 1,00,100 रुपये और 1,43,000 रुपये निर्धारित है तथा किसानों द्वारा देय प्रीमियम क्रमशः 1,392 रुपये, 1,501 रुपये और 2,860 रुपये है। इस योजना के अंतर्गत असफल बुवाई, मध्यावधि फसल क्षति, ओलावृष्टि, चकवाती वर्षा, जलभराव, बिजली गिरने जैसी प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान तथा फसल कटाई के बाद 14 दिनों तक खेत में रखी फसल के नुकसान पर भी क्षतिपूर्ति का प्रावधान है। योजना से संबंधित किसी भी जानकारी या शिकायत हेतु किसान टोल फ्री नंबर 14447 पर संपर्क कर सकते हैं, तथा फसल क्षति की स्थिति में 72 घंटे के भीतर दावा पंजीकृत कराना आवश्यक है। रैली के शुभारंभ के अवसर पर उप कृषि निदेशक संतोष कुमार, डीसी एनएलआरएम श राजकुमार लोधी, डीसी मनरेगा दिनेश यादव, जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# समाज कल्याण मंत्री ने किया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने आज अमरापुर स्थित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कन्नौज नगर से निकलने वाला सीवर जल किस प्रकार शुद्ध किया जाता है, गंदगी क्यों नहीं बचती और शुद्धिकरण के बाद यह पानी किस प्रक्रिया से गंगा नदी में प्रवाहित होता है–इन सभी पहलुओं की गहन समीक्षा हेतु यह भ्रमण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने यह बताते हुए संतोष व्यक्त किया कि प्लांट निर्धारित मानकों के अनुसार प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह व्यवस्था कन्नौज वासियों के लिए आश्वस्तिकर है, क्योंकि शुद्ध किए बिना किसी भी प्रकार का प्रदूषित पानी गंगा नदी में नहीं जाने दिया जा रहा है।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नगर के मुख्य सीवर प्लांट में पूर्व में हुई कमियों एवं निर्माण संबंधी त्रुटियों को गंभीरता से लिया गया है। जिन ठेकेदारों एवं जिम्मेदार इंजीनियरों द्वारा लापरवाही की गई, उनके खिलाफ आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जा रही है। यदि कार्यों को मानकों के अनुसार समयबद्ध रूप से दुरुस्त नहीं किया गया, तो दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री श्री अरुण ने कहा कि गंगा संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और कन्नौज जनपद इस दिशा में सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। ट्रीटमेंट प्लांट की सुचारु कार्यप्रणाली पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# गौशालाओं का मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। नगर पंचायत स्थित कान्हा गौशाला और आसपास के गौशालाओं का मंगलवार को मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ.विनोद कुमार ने निरीक्षण किया। नवाबगंज स्थित कान्हा गौशाला में कुल 224 मवेशी मिले, जिनकी टैगिंग पूरी हो चुकी थी। मवेशियों के पीने के पानी की उचित व्यवस्था थी और ठंड से बचाव के लिए तिरपाल लगाए गए थे। साफ-सफाई भी संतोषजनक पाई गई। पशुचिकित्साधिकारी ने अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार से बात कर यह सुझाव दिया कि औसत खपत के आधार पर तीन दिन पहले ही भूसा मंगवाने की व्यवस्था करें। इसके बाद परसंदन गौशाला का निरीक्षण किया गया, जहां 142 पशु थे। हरे चारे, चोकर, पानी और भूसा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थे तथा साफ-सफाई और ठंड से बचाव का प्रबंध भी ठीक था। कटेहरू स्थित गौशाला में 84 गौवंश पाए गए। यहां ठंड से बचाव की व्यवस्था ठीक रही, लेकिन साफ-सफाई में सुधार के निर्देश मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने दिए। इस दौरान डॉ. राजेश मौर्या, नगर पंचायत कर्मचारी, प्रधान व गौशाला कर्मी भी उपस्थित थे।

## बूथ पर पहुंची भाजपा नेत्री सुरभि, भरवाये मतदाता फार्म

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। भाजपा बूथ प्रवासी नेत्री सुरभि सिंह वर्मा ने किंतूर बूथ का दौरा किया। उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एसआईआर कार्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म भरवाए और बीएलओ से डिजिटाइजेशन का कार्य सुनिश्चित करवाया। सुरभि सिंह वर्मा ने मंडल सिरौलीगौसपुर में पार्टी द्वारा आवंटित बूथ काशीपुरवा में एक प्रवासी के रूप में मतदाता पुनरीक्षण अभियान में सहयोग दिया। यह अभियान एसआईआर कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री अमित भैया राम, दीपक वर्मा, भाजपा नेता नीरज वर्मा मंडल कोषाध्यक्ष प्रधान दयाशंकर शुक्ला, भाजपा सेक्टर संयोजक विनोद वर्मा, बूथ अध्यक्ष सोनेलाल और बीएलओ शिव प्रसाद वर्मा सहित अन्य बीएलओ उपस्थित रहे। मंडल महामंत्री अमित राम ने मतदाताओं से अपील की कि जिन लोगों ने अभी तक फॉर्म भरकर बीएलओ को नहीं दिए हैं, वे अपने एसआईआर गणना पत्र भरकर जल्द से जल्द बीएलओ को सौंप दें। उन्होंने जोर दिया कि समय कम बचा है, इसलिए सभी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए गणना पत्र बीएलओ तक पहुंचाएं ताकि उनका मत सुरक्षित रहे।

# बीडीओ सदर ने तहसील क्षेत्र में ग्रामीणों को बांटी गीता



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

तहसील में खंड विकास अधिकारी (वीडीओ) दिनेश चंद्र की अगुवाई में आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों और क्षेत्रीय लोगों को श्रीमद्भागवत गीता की पुस्तक वितरित की गईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाना और लोगों को गीता के मार्गदर्शक सिद्धांतों से जोड़ना था।

इस अवसर पर वीडियो दिनेश चंद्र ने बताया कि भौतिकवादी युग में व्यक्ति अक्सर मानसिक तनाव और उलझनों में फंस जाता है। ऐसे समय में गीता का अध्ययन जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है और मन को शांति प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि गीता के उपदेश व्यक्ति को कर्म, कर्तव्य और नैतिकता का वास्तविक अर्थ समझाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान किसानों, ग्रामवासियों और क्षेत्र के प्रमुख लोगों को श्रीमद्भागवत गीता की प्रतियां भेंट की गईं।

ग्राम पंचायत सहायक अधिकारी सुधीर दुबे, प्रभाष चंद्र सहित अन्य अधिकारियों को भी पुस्तक दी गई। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीण संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को मजबूत बनाते हैं।

# कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर शासकीय दायित्व निभाया




जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति द्वारा चलाए जा रहे सत्याग्रह कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार सुबह कर्मचारियों ने प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी शशांक जिला कृषि अधिकारी के कक्ष में समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक के बाद कर्मचारी बैनर के सामने एकत्रित हुए और आगे की रणनीति बनाई। संगठन के निर्देशानुसार सभी कर्मियों ने काली पट्टी बांध कर अपने-अपने शासकीय दायित्वों का पालन किया। सत्याग्रह के दौरान सचिव शरद चंद्र पांडेय परसंदन जाकर एसआईआर सर्वे कार्य में सहयोग दिए जबकि सचिव धीरज यादव ने आडिट हेतु पत्रावलियों का व्यवस्थित कार्य निभाया।

सचिव राकेश यादव ने जन्म मृत्यु से संबंधित कार्यों का निष्पादन किया और सचिव दिलीप मिश्रा ने परिवार रजिस्टर के संशोधन संबंधी कार्य किए। अन्य सचिवों ने भी अपने-अपने क्षेत्रीय कार्यों में शासकीय दायित्व का प्रभावी निर्वहन किया। इस सत्याग्रह कार्यक्रम में शिव दत्त तिवारी, आशीष पटेल, कविता गौतम, आदित्य शुक्ला सहित अन्य सचिवों ने भाग लिया।

# जनसहभागिता पर आधारित है एसआईआर अभियान : शशांक त्रिपाठी

## जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार बीएलओ को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के तहत जनपद में निर्वाचन कार्य को अधिक पारदर्शी, सटीक और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह के साथ अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम चार बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इन बूथ लेवल अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सबसे पहले 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन तथा 90 प्रतिशत से अधिक मैपिंग का कार्य पूर्ण किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप जनपद अभियान के लक्ष्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के लिए पूरी तरह तत्पर है। बीएलओ और निर्वाचन टीम की सक्रियता से जनपद शीघ्र ही 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कार्यरत कुल 2595 बीएलओ में से सर्वप्रथम 500 बीएलओ, जो अपने-अपने क्षेत्रों में 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन तथा 90 प्रतिशत से अधिक मैपिंग का कार्य सबसे पहले सफलतापूर्वक पूर्ण करेंगे, उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ से अभियान में आने वाली विभिन्न चुनौतियों, तकनीकी जटिलताओं और फील्ड में जनसहयोग की स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह अभियान जनसहभागिता पर आधारित है और इसलिए आवश्यक है कि बीएलओ घर-घर संपर्क के दौरान आमजन को अभियान के लाभों और उनकी भूमिका के बारे में स्पष्ट रूप से अवगत कराएँ, ताकि अधिकतम सहयोग प्राप्त हो सके। मंगलवार को जिन बीएलओ को सम्मानित किया गया, उनमें 266 कुर्सी विधानसभा की भाग संख्या 357 के बीएलओ सहायक अध्यापक गिरिजेश कुमार अवस्थी, 269 जैदपुर विधानसभा की भाग संख्या 259 के बीएलओ रोजगार सेवक अरविंद कुमार, 270 दरियाबाद विधानसभा की भाग संख्या 390 के बीएलओ रोजगार सेवक श्री प्रदीप कुमार द्विवेदी तथा 272 हैदरगढ़ विधानसभा की भाग संख्या 06 के बीएलओ अध्यापक रविन्द्र कुमार रावत शामिल हैं। इन सभी ने अभियान के प्रारंभिक चरण में ही उत्कृष्ट कार्य करते हुए सम्पूर्ण डिजिटाइजेशन और 90 प्रतिशत से अधिक मैपिंग पूर्ण कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए इनके सराहनीय कार्यों की सराहना की और इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से मांगा सहयोग कहा शुद्ध कराएं मतदाता सूची

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार गणना कार्य तथा मतदान स्थलों के सम्भाजन की अंतिम तिथि 11 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। इसके उपरांत कन्ट्रोल टेबल को अपडेट करने एवं प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन की तैयारी 12 दिसंबर 2025 से शुरू होगी। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 15 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियाँ दर्ज करने की प्रक्रिया 16 दिसंबर 2025 से आरंभ होकर 15 जनवरी 2025 तक तथा नोटिस चरण (नोटिस जारी करने, सुनवाई और सत्यापन की कार्यवाही तथा दावे/आपत्तियों का निस्तारण 07 फरवरी 2026 तक चलेगा। निर्वाचक नामावलियों की शुद्धता सुनिश्चित करने हेतु आयोग से अनुमति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी 2026 निर्धारित है, जिसके उपरांत अंतिम निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील की है कि 04 नवंबर 2025 से 11 दिसंबर 2025 तक चल रही प्रक्रिया के दौरान आपके घर पर पहुँचने वाले बीएलओ को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। सभी पात्र नागरिकों से अनुरोध है कि निर्वाचक नामावली में अपना नाम सही रूप से दर्ज कराकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने में सहभागिता सुनिश्चित करें।

# दबंगो ने पत्रकार के घर पर बोला हमला, की तोड़फोड़

## एसपी से मिले ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष, की शिकायत, एसपी ने दिए मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

कोतवाली नगर अन्तर्गत बीती सोमवार की देर शाम दबंगो ने एक पत्रकार के घर पर धाबा बोल दिया। दबंगो ने घर में घुसकर तोड़फोड़ का प्रयास किया साथ ही में पत्थरबाजी की। पीड़ित पत्रकार ने कोतवाली प्रभारी को फोन पर सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिसकर्मी पहुंचे और खानापूर्ति करके बैरंग वापस लौट आये। मंगलवार सुबह ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उ.प्र. के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला ने संगठन के अन्य पदाधिकारियों के साथ में जाकर एसपी से शिकायत की। एसपी ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार, कोतवाली नगर के मोहल्ला शिवपुरी निवासी रंजीत गुप्ता राजधानी से प्रकाशित एक हिन्दी दैनिक के जिला संवाद्दाता हैं। बीती सोमवार की शाम करीब 6 बजे उनके घर पर मोहल्ले के दबंगो ने धाबा बोल दिया। घर का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया और जमकर घर के सदस्यों को गालियां भी दी। जब इस बात की जानकारी रंजीत गुप्ता को हुई तो अपने कार्यालय से ही उन्होने कोतवाली प्रभारी नगर को फोन द्वारा घटना की सूचना दी। सूचना देने के बाद जब रंजीत गुप्ता भागकर अपने घर पहुंचे तो उन्होने देखा कि जेल चैकी प्रभारी संजय यादव और उनके दो सहयोगी पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद थे और दो दबंग भी वहां पर खड़े हो करके दबंगई दिखा रहे थे। चैकी प्रभारी के सामने दबंगो ने कहा कि हां हमने ही इस घर में तोड़फोड़ की है आगे भी करते रहेंगे। सब कुछ जानने सुनने के बाद भी चैकी प्रभारी वहां से बैरंग वापस लौट आये। जैसे ही पत्रकार के घर में तोड़फोड़ की जानकारी पत्रकारों को हुई तो सभी में आक्रोश व्याप्त हो गया। मंगलवार सुबह ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उ.प्र. के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला अपने संगठन के सहयोगी अंकित मिश्रा, श्रीनिवास त्रिपाठी, आसिफ हुसैन, उमेश चन्द्र श्रीवास्तव आदि लोग पीड़ित पत्रकार रंजीत गुप्ता को साथ में ले करके पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय से जाकर मुलाकात की और घटना की लिखित शिकायत की। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए सबसे पहले चैकी प्रभारी से बात करके उनको फटकार लगायी और उसके बाद मुकदमा दर्ज करने के निर्देश जारी किये। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद में कोतवाली प्रभारी नगर ने घटना का मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरु कर दी है। घटना के बारे में पीड़ित पत्रकार रंजीत गुप्ता ने बताया कि दबंग कटिया लगाकर बिजली चोरी करते हैं जिसकी शिकायत किसी ने विद्युत अधिकारियों से की होगी विद्युत अधिकारियों ने छापामारी की थी और रंगे हाथ दबंगो को बिजली चोरी करते पकड़ा था। विद्युत अधिकारियों ने विद्युत चोरी अधिनियम के तहत मुकदमा भी पंजीकृत कराया था और जुर्माना भी लगाया था। पीड़ित पत्रकार रंजीत गुप्ता ने आगे बताया कि दबंगो को शंका थी कि उक्त शिकायत उनके घर पर किराये पर रहने वाली एक युवती ने की है। इसी बात को ले करके इन दबंगो ने मेरे घर पर हमला बोला था वहीं इस सम्बन्ध में जेल चैकी प्रभारी संजय यादव का कहना है कि घटना की जानकारी है मुकदमा पंजीकृत किया गया है जांच पड़ताल करके कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# सिंचाई विभाग के अधिकारियों का पैसे लेते वीडियो वायरल, डीएम से शिकायत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

बड्डूपुर। जिले में सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। फतेहपुर तहसील के सरांय भीख गांव के किसानों ने जिलाधिकारी से शिकायत की है कि जिलेदार और सींच पर्यवेक्षक ने उनसे पट्टा नवीनीकरण के नाम पर पैसे लिए, लेकिन बाद में उन्हीं पर अवैध कब्जे का मुकदमा दर्ज करा दिया। किसानों का दावा है कि उनके पास अधिकारियों के द्वारा पैसे लेते हुए के फोटो और वीडियो सबूत मौजूद हैं। जिसका वीडियो काफी वायरल हो रहा है। शिकायतकर्ता किसानों में उमेश चंद्र, मंगल प्रसाद, रमेश चंद्र, महेश प्रसाद और गणेश प्रसाद शामिल हैं। उनका आरोप है कि जिलेदार रमा शंकर कनौजिया और हैदरगंज रजबहा के सींच पर्यवेक्षक अनिल कुमार ने प्रत्येक वर्ष उनसे पट्टा नवीनीकरण के लिए प्रति बिस्वा सौ रुपये लिए। किसानों ने बताया कि उनकी जमीन में शारदा सहायक नहर से संबंधित रजबहा के लिए विभाग ने जगह छोड़ी थी।

किसी कारणवश विभाग ने इस रजबहा की खुदाई नहीं कराई। बाद में, यह भूमि उन्हीं किसानों को पट्टे पर दे दी गई, जिस पर वे लगातार खेती कर रहे थे।

किसानों के अनुसार, पैसे लेने के बाद उन्हें कोई रसीद नहीं दी जाती थी।

अधिकारी उन्हें बताते थे कि रसीद की आवश्यकता नहीं है और उनके पट्टे स्वतः नवीनीकृत हो जाएंगे। यह प्रक्रिया कई वर्षों तक जारी रही, जिससे किसानों को लगा कि उनका पट्टा वैध रूप से नवीनीकृत हो रहा है। इसके बावजूद, सिंचाई विभाग ने इन्हीं किसानों पर रजबहा नहर की उक्त भूमि पर अवैध कब्जे का मुकदमा दर्ज करा दिया। किसानों का आरोप है कि जिलेदार रमा शंकर कनौजिया ने भ्रष्टाचार की मंशा से किसानों को गुमराह कर पैसे लिए और फिर उन पर झूठे मुकदमे दर्ज कराए। किसानों के पास जिलेदार द्वारा पैसे लेते हुए के फोटो और वीडियो क्लिप के रूप में पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से इस समस्या का उचित समाधान करने और जिलेदार रमा शंकर कनौजिया तथा सींच पर्यवेक्षक अनिल कुमार के खिलाफ जांच कर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी और जांच के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## इलाज के दौरान घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है। इस घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ है, जिसका उपचार जारी है। मृतक की पहचान मंगल 45वर्ष निवासी रानीपुरवा, कोतवाली बदोसरांय के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात मंगल प्रसाद को उनके घर के पास एक बाइक ने टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल मंगल को पहले संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर ले जाया गया। वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया और फिर लोहिया अस्पताल लखनऊ के लिए रेफर किया गया था। हालांकि, परिजनों ने उन्हें लखनऊ न ले जाकर बाराबंकी के केसरी नंदन अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मंगलवार को मौत हो गई। इस हादसे में बाइक चालक पंकज निवासी मरौचा, थाना कोतवाली बदोसरांय भी घायल हो गया था। पंकज का इलाज संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में चल रहा है।

# सरकारी पैसों से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे नेहरू: राजनाथ सिंह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एक बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया। गुजरात के सडली गांव में आयोजित 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने पटेल की भूमिका और उनके विचारों को विस्तार से बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया। उन्होंने आगे दावा किया कि नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की।

### पटेल बनाम नेहरू का विवाद

कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि सोमनाथ मंदिर को पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया था, क्योंकि पूरा धन जनता से आया था। उन्होंने कहा कि इसी तरह अयोध्या में राम मंदिर भी पूरी तरह जनता के सहयोग से बना है और यह वास्तविक धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस के 1946 के अध्यक्ष चुनाव में अधिकतर प्रस्ताव पटेल के पक्ष में थे, लेकिन महात्मा गांधी के अनुरोध पर पटेल ने अपना नाम वापस ले लिया और नेहरू अध्यक्ष बने, जिसके बाद वह प्रधानमंत्री बने।

### कश्मीर, हैदराबाद और मजबूत भारत

राजनाथ सिंह ने कहा कि कश्मीर के विलय पर पटेल की सलाह मान ली जाती तो कश्मीर समस्या लंबे समय तक देश के लिए बोझ नहीं बनती। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर पटेल ने कड़े कदम उठाए, जैसे हैदराबाद के विलय में किया गया सख्त निर्णय। सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने भी ऑपरेशन सिंदूर में इसी मजबूत रुख का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि भारत किसी को उकसाता नहीं, लेकिन उकसाए जाने पर जवाब देना अच्छी तरह जानता है।

### एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश

रक्षा मंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाना आसान नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने यह कदम उठाकर कश्मीर को सही मायनों में भारत से जोड़ा। सिंह ने कहा कि भारत आज दुनिया में अपनी शर्तों पर बात कर रहा है और तेजी से आर्थिक व सामरिक शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा कि पटेल का सपना 'वन इंडिया, बेस्ट इंडिया' अब मजबूत रूप में साकार हो रहा है। 'यूनिटी मार्च' सरदार पटेल के 150वें जन्म वर्ष पर करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक आयोजित किया गया है।


### पटेल की विरासत और भाजपा का रुख

रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक ताकतों ने वर्षों तक पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनवाकर पटेल को वह सम्मान दिलाया जो उन्हें पहले मिलना चाहिए था। सिंह ने आरोप लगाया कि नेहरू ने खुद को भारत रत्न दिया, लेकिन पटेल को उस समय यह सम्मान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट दिखाता है कि उस समय उनकी विरासत को नजरअंदाज किया गया।

# अंग्रेजों ने झूठ बोला कि 'एकता' नहीं थी

## गांधी की किताब का जिक्र कर मोहन भागवत बोले, देश पहले से ही एकजुट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि महात्मा गांधी ने अपने लेखन में साफ तौर पर बताया था कि अंग्रेजों ने भारत के बारे में यह झूठी कहानी फैलाई कि यहां उनके आने से पहले एकता नहीं थी। भागवत ने कहा कि ब्रिटिश शासन ने भारत की एकता और उसकी प्राचीन राष्ट्र अवधारणा पर संदेह पैदा करने की कोशिश की, जबकि देश प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक रूप से एकजुट रहा है। नागपुर में राष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव में बोलते हुए भागवत ने महात्मा गांधी की किताब %हिंद स्वराज% का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 1908 में लिखी गई इस पुस्तक में गांधी ने स्पष्ट कहा था कि अंग्रेज हमेशा यही झूठा नैरेटिव फैलाते थे कि भारत पहले एक राष्ट्र नहीं था और इसे एक राष्ट्र बनने में सदियों लगेंगी। भागवत ने बताया कि गांधी के अनुसार भारत सांस्कृतिक रूप से पहले से एक था और इसी एकता के चलते अंग्रेज यहां शासन स्थापित कर पाए।

### भारत की राष्ट्र अवधारणा पश्चिम से अलग

भागवत ने कहा कि भारत का राष्ट्र का विचार बहुत पुराना, नैसर्गिक और पश्चिमी नेशन-स्टेट मॉडल से बिलकुल अलग है। उन्होंने जोर दिया कि भारत की संस्कृति विवादों से दूर रहने और एकता को बढ़ावा देने वाली रही है। उनके अनुसार दुनिया के अन्य हिस्सों में संघर्ष और टकराव के बीच राष्ट्रवाद की अवधारणा विकसित हुई, लेकिन भारत में राष्ट्र की भावना लोगों, परंपराओं और प्रकृति के बीच गहरे संबंधों से बनी।

### राष्ट्रवाद नहीं, राष्ट्रीयता सही...

भागवत ने कहा कि भारत में राष्ट्रीयता शब्द का प्रयोग सही है, जबकि राष्ट्रवाद कई देशों में विनाशकारी साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक राष्ट्रीय गर्व ने दो विश्व युद्धों को जन्म दिया, इसलिए नेशनलिज्म शब्द को लेकर दुनिया में भय है। भागवत ने कहा कि भारत विभिन्न शासकों के शासन काल और विदेशी आक्रमणों के दौरान भी राष्ट्र की भावना को बनाए रखता आया है। भारत का राष्ट्रभाव अहंकार नहीं, बल्कि आपसी जुड़ाव और सहअस्तित्व से जन्मा है।

### वसुधैव कुटुंबकम और वैश्वीकरण पर विचार

भागवत ने कहा कि भारत में वैश्वीकरण का विचार शुरू से ही मौजूद रहा है, जिसे वसुधैव कुटुंबकम कहा जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्वीकरण केवल भ्रम है और असली वैश्वीकरण अभी आना बाकी है, जिसे भारत आगे बढ़ाएगा। भागवत ने कहा कि भारत वैश्विक बाजार नहीं बनाएगा, बल्कि पूरी दुनिया को एक परिवार की तरह जोड़ने का काम करेगा। उनके अनुसार भारत की सांस्कृतिक सोच ने हमेशा लोगों को जोड़ने का प्रयास किया है, न कि विभाजन का।

### एआई का ज्ञान और युवाओं को संदेश

युवा लेखकों से संवाद में भागवत ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को रोका नहीं जा सकता, लेकिन मनुष्य को इसका मालिक बनकर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई का इस्तेमाल मानवता के लिए होना चाहिए, न कि इसके उलट। भागवत ने ज्ञान की जगह विवेक को अधिक महत्वपूर्ण बताया और कहा कि सच्चा संतोष दूसरों की मदद करने से मिलता है। उन्होंने कहा कि धर्म, भाषा, खानपान, परंपराओं और राज्यों की विविधता के बावजूद भारत हमेशा एक रहा है, क्योंकि यही इस देश की मूल संस्कृति है।

# मॉस्को-नई दिल्ली भारत का निर्यात बढ़ाने के लिए काम कर रहे: दिमित्री पेस्कोव



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम देशों के कड़े आर्थिक प्रतिबंधों और अमेरिका की ओर से टैरिफ वॉर चलाने के बीच रूस ने भारत के साथ अपने संबंधों पर बयान दिया है। रूस ने साफ किया है कि नई दिल्ली के साथ उसका रिश्ता किसी तीसरे पक्ष के दबाव में खत्म नहीं होने वाला। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने एक अहम बयान में न केवल तेल व्यापार को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया है, बल्कि भारत के लिए सिरदर्द बन चुके व्यापार घाटे को सुलझाने का रोडमैप भी पेश किया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और यूरोपीय देश रूस की अर्थव्यवस्था को अलग-थलग करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

### तेल का व्यापार नहीं होगा कम: रूसी प्रवक्ता पेस्कोव

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मॉस्को यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है कि अमेरिकी प्रतिबंधों की परछाई भारत के साथ होने वाले तेल व्यापार पर न पड़े। पेस्कोव ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि व्यापार की मात्रा में, विशेषकर तेल के क्षेत्र में, कोई कमी न आए।÷ रूसी अधिकारी का यह बयान भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले दो वर्षों में रूस भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। पश्चिमी देशों ने प्राइस कैप और टैंकरों पर प्रतिबंध लगाकर इस सप्लाई चेन को तोड़ने की कोशिश की है।

### बाहरी दबाव से बचने के लिए सुरक्षा कवच तैयार करना होगा

पेस्कोव ने कूटनीतिक रूप से अमेरिका का नाम लिए बिना साफ संदेश दिया कि दोनों देशों को अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए एक सुरक्षा कवच तैयार करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा, भारत और रूस को अपने द्विपक्षीय व्यापार को बाहरी दबाव और तीसरे देशों के हस्तक्षेप से सुरक्षित रखना होगा। विश्लेषकों का मानना है कि यह इशारा सीधे तौर पर स्विफ्ट बैंकिंग सिस्टम से अलग, एक स्वतंत्र भुगतान प्रणाली (जैसे रुपये-रूबल व्यापार या डिजिटल करेंसी) को और मजबूत करने की ओर है।

### भारत के व्यापार घाटे की चिंता पर रूस गंभीर

भारत-रूस संबंधों में वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती एकतरफा व्यापार है। भारत रूस से तेल और हथियार तो खूब खरीद रहा है, लेकिन रूस को भारतीय निर्यात कम है, जिससे एक बड़ा व्यापार घाटा पैदा हो गया है और रूस के पास भारतीय रुपये का जमावड़ा लग गया है। पेस्कोव ने कहा, रूस भारत की चिंताओं और व्यापार घाटे की समस्या से पूरी तरह अवगत है। हम भारत से आयात बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।卐 यह नई दिल्ली के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। इसका सीधा अर्थ है कि आने वाले दिनों में रूस भारतीय मशीनरी, फार्मास्यूटिकल्स, कृषि उत्पादों और ऑटो कंपोनेंट्स के लिए अपने बाजार के दरवाजे और चौड़े कर सकता है।

### मेक इन इंडिया को मिल सकता है बल

पेस्कोव ने यह भी जानकारी दी कि मॉस्को और नई दिल्ली भारतीय निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह कदम न केवल व्यापार संतुलन को सुधारेगा बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के मेक इन इंडिया अभियान को भी रूस के रूप में एक बड़ा और स्थाई बाजार दिला सकता है।

# नाथद्वारा मंदिर से पास बरामद हुआ भारी विस्फोटक



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। राजसमंद

दिल्ली में हुए कार बम धमाके के बाद राजस्थान पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। इसी बीच नाथद्वारा के श्रीनाथ मंदिर से महज चार किलोमीटर की दूरी पर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है। इसको अवैध तरीके से पिकअप में ले जाया जा रहा था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### आमेट से नाथद्वारा ले जाया जा रहा था विस्फोटक

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुबह पिकअप वाहन में लोड किया गया था। पिकअप वाहन आमेट क्षेत्र से नाथद्वारा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान छापा मारकर इससे विस्फोटक जब्त किया गया। पिकअप में भरे विस्फोटक की मात्रा को देखकर पुलिस दंग रह गई। इसके बाद पूरे विस्फोटक सामाग्री को वाहन से नीचे उतारा गया। विस्फोटकों को कार्टन में रखा गया था। पुलिस के अनुसार इसकी मात्रा इतनी अधिक है कि इससे धमाका किया जाता तो करीब 10 किलोमीटर के क्षेत्र में असर दिखाई देता।

### काउंटिंग और विस्फोटक की नेचर की जांच जारी

पुलिस अधिकारियों के अनुसार पिकअप में मौजूद विस्फोटक की गिनती की जा रही है। इसके बाद इसका वजन मापा जाएगा। ये भी पता किया जा रहा है कि विस्फोटक वाहन में लोड कहां से हुआ था और इसकी डिलेवरी कहां होनी थी। बरामद की गई सामाग्री का आकलन किया जा रहा है कि इसका उपयोग कहां-कहां किया जाता है। इसकी क्षमता की भी जांच कर रही है। पूरे मामले में पिकअप चालक से पूछताछ की जा रही है। कुछ नाम सामने आए हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस सभी पहलुओं को गंभीरता से खंगाल रही है। फिलहाल वाहन चालक व संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ जारी है।

# केंद्र ने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर 'सेवा तीर्थ' किया, देश में राजभवनों का नाम लोकभवन किया जाएगा




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदल गया है। अब पीएमओ को सेवा तीर्थ के नाम से जाना जाएगा। इसके साथ ही केंद्रीय सचिवालय के नाम में भी बदलाव किया गया है। सचिवालय का नाम कर्तव्य भवन कर दिया गया है। इन बदलावों के साथ-साथ केंद्र सरकार ने देश में राज भवनों का नाम बदल कर लोक भवन करने का भी एलान किया है। इसके पहले दिल्ली में राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया गया था। वहीं प्रधानमंत्री आवास अब लोक कल्याण मार्ग कहलाता है। इन बदलावों के बीच उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु समेत देश के 8 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश ने अपने राजभवनों के नाम में बदलाव किया गया है। यह बदलाव गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक निर्देश के बाद किए गए हैं। मंत्रालय की ओर से जारी निर्देश में पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में हुई एक चर्चा का हवाला देते हुए कहा है कि राजभवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है।

### गृह मंत्रालय का पत्र

राज्यों के गवर्नर और केंद्र शासित प्रदेशों के लेफ्टिनेंट गवर्नर के मुख्यसचिव या सचिव को लिखे एक पत्र में गृह मंत्रालय ने पिछले साल हुई राज्यपालों की कॉन्फ्रेंस में दिए गए सुझाव का जिक्र किया है। जिसमें राजभवन का नाम बदलकर लोकभवन कर दिया जाए क्योंकि राजभवन शब्द से कॉलोनियलिज़्म को दर्शाता है। गृह मंत्रालय के निर्देश में कहा गया है, इसलिए यह गुजारिश की जाती है कि सभी आधिकारिक कामों के लिए राज्यपाल और लेफ्टिनेंट गवर्नर के कार्यालयों का नाम 'लोकभवन' और 'लोक निवास' रखा जाए।

### इन राज्यों ने बदले अपने राज भवनों के नाम

गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपने कार्यालयों से 'राज' शब्द हटाना शुरू कर दिया है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम, उत्तराखंड, ओडिशा, गुजरात और त्रिपुरा ने 'राजभवन' का नाम बदलकर 'लोकभवन' कर दिया है। लद्दाख के राज निवास का नाम बदलकर 'लोक निवास' कर दिया गया है। इस सूची में एक और राज्य जुड़ गया है। राजस्थान ने भी राजभवन का नाम बदलने का एलान कर दिया है।

### अंग्रेजों की निशानियों को मिटाने पर जोर

मोदी सरकार भारत में अंग्रेजों की निशानियों को मिटाने पर काम कर रही है। इसने पहले मोदी सरकार ने राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया था। सरकारी वेबसाइटें अब पहले हिंदी में कंटेंट दिखाती हैं, हालांकि अंग्रेजी का ऑप्शन भी दिया जाता है। बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी में बैंड अब 'एबाइड विद मी' जैसे इंग्लिश गाने नहीं बजाए जाते हैं।

# गाजियाबाद पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को अपराधमुक्त जिले के लिए दिए कड़े निर्देश

- जनता को भयमुक्त करने और अपराध ग्राफ घटाने के लिए ठोस रणनीति बनाने पर जोर

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड ने डीसीपी ट्रांस हिंडन, जोन के सभी एसीपी और थाना प्रभारी के साथ एक अपराध समीक्षा बैठक की। इस बैठक में आयुक्त ने कमिश्नरेट को अपराधमुक्त बनाने और आम जनता को भयमुक्त करने के लिए ठोस और कारगर रणनीति बनाने के निर्देश दिए। श्री गौड ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहें और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की नियमित चेकिंग करें। थाना प्रभारी और अन्य जिम्मेदार पदों पर तैनात प्रभारियों को अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। बैठक में विगत तीन वर्षों के अपराधिक आंकड़ों का भी अवलोकन किया गया और अधिकारियों को कहा गया कि आने वाले वर्ष में ऐसी रणनीति बनाई जाए जिससे अपराध का ग्राफ तेजी से शून्य की ओर गिरता दिखाई दे। पुलिस आयुक्त ने नियमित जनसुनवाई करने, थाना चौकियों में आने वाले पीड़ितों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने और हर अपराधिक घटना की रिपोर्ट दर्ज कर उसका शीघ्र खुलासा करने के निर्देश भी दिए। साथ ही, महिला और बाल अपराध पर विशेष रूप से अंकुश लगाने के लिए विशेष मुहिम चलाने का भी आदेश दिया गया।

# गाजियाबाद में ट्रांसपोर्ट नगर की मांग को लेकर व्यापारियों ने दिया ज्ञापन



- ट्रांसपोर्टर्स को सामना करना पड़ रहा है परेशानी, 49 वर्षों में अभी तक नहीं बनी ट्रांसपोर्ट नगर

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले में ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की मांग को लेकर डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पहुंचे ट्रांसपोर्ट व्यापारियों ने कहा कि जिले में काफी समय से ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की मांग की जा रही है। व्यापारियों ने बताया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार आश्वासन मिलने के बावजूद इस मुद्दे पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ट्रांसपोर्ट नगर न होने के कारण ट्रांसपोर्टरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सौदान सिंह गुर्जर ने कहा कि जिले को बने 49 साल हो चुके हैं, लेकिन आज तक ट्रांसपोर्ट नगर की मांग पूरी नहीं हुई है। पूर्व में भी कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं। इस बार भी एसोसिएशन ने डीएम के नाम एडीएम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में सुरेन्द्र सिंह नागर, इकबाल खान, मनोज गौड़, राजेश भारद्वाज, राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पक्ष-विपक्ष दोनों मेरे लिए महत्वपूर्ण, बिहार की प्रगति ही मेरा उद्देश्य: स्पीकर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

18वीं विधानसभा के अध्यक्ष की कुर्सी संभालने के बाद भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और नौ बार के विधायक प्रेम कुमार ने सदन में अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। कहां की लोकतंत्र के इस मंदिर को मैं प्रणाम कर अपनी बात रखता हूं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सर्वसम्मति से चुना जाना मेरे लिए गौरव का विषय है, परंतु उससे भी अधिक यह मेरे उत्तरदायित्व का संकेत है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सुंदरता इसी में है कि विविध विचारधाराएं एक ही मंच पर बैठकर राज्य के विकास हेतु सार्थक चर्चा करें। जनता की इच्छा है कि बिहार तेजी से विकसित हो, पारदर्शी ढंग से संचालित हो और विधायिका के प्रत्येक निर्णय से जनता का जीवन सहज, सुरक्षित और समृद्ध बने। उन्होंने कहा कि हम सब पर यह दायित्व है कि जनता के इस विश्वास को निष्ठा, विनम्रता और प्रतिबद्धता के साथ निभाएं। लोकतंत्र की शक्ति जनप्रतिनिधियों की संवेदनशीलता और सदन की मर्यादा में निहित है। इसलिए आवश्यक है कि विचारों की विविधता के बीच संवाद के पुल बनाए जाएँ और असहमति का सम्मान करते हुए नीतियों की दिशा तय की जाए, ताकि विकास की धारा प्रवाहित हो सके। अध्यक्ष ने कहा कि आज का यह क्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। नई विधानसभा नई ऊर्जा और नए संकल्पों के साथ आरंभ हो रही है। परंपराएँ हमें गरिमा देती हैं और नवाचार हमें दिशा। दोनों के बीच संतुलन बनाते हुए ऐसा कार्यकाल रचना है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण बने। विचारों का टकराव स्वाभाविक है, परंतु मन और व्यवहार में संघर्ष नहीं होना चाहिए। यह हम सबका सौभाग्य है कि जनता ने हमें सेवा का अवसर दिया है।



### 'बिहार विधानसभा स्मार्ट लेजिसलेटिव गवर्नेंस का मॉडल बने'

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मैं आश्वस्त करता हूं कि अध्यक्ष के आसन पर रहते हुए मेरे लिए सरकार और विपक्ष दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण होंगे। हमारा उद्देश्य एक ही है- बिहार की जनता की प्रगति और उनकी आकांक्षाओं की पूर्ति। मैं सदन के वरिष्ठ सदस्यों से मार्गदर्शन, अनुभवी सदस्यों से सहयोग तथा पहली बार निर्वाचित सदस्यों से ऊर्जा और नवीन दृष्टि की अपेक्षा करता हूं। सदन के संचालन में मैं आधुनिक संसदीय प्रथाओं, डिजीटल विधायी प्रक्रियाओं और ई-गवर्नेस आधारित सुधारों को आगे बढ़ाने का प्रयास करुंगा। मैं पूर्व अध्यक्ष जी का आभारी हूं कि उनके प्रयास से यह सदन डिजीटल विधायी संस्था के रूप में विकसित हो पाया है। यह समय है कि बिहार विधान सभा स्मार्ट लेजिस्लेटिव गवर्नेस का मॉडल बने।

### 4 दिसंबर तक उपाध्यक्ष का निर्वाचन निश्चित है

उन्होंने कहा कि यह समय है कि बिहार विधानसभा स्मार्ट लेजिस्लेटिव गवर्नेंस का मॉडल बने। सदन को अवगत कराते हुए उन्होंने बताया कि पिछली विधानसभा के भंग होते ही उपाध्यक्ष का पद भी रिक्त हो गया है। उपाध्यक्ष की उपस्थिति से सदन के कार्य संचालन में सुविधा होती है। इसलिए वे उपाध्यक्ष के निर्वाचन की तिथि चार दिसंबर तक निर्धारित करते हैं। इसके लिए कल दोपहर 12 बजे तक नामांकन प्रस्ताव की सूचना दी जा सकती है। अंत में अध्यक्ष ने कहा कि मैं पूर्ण निष्पक्षता, अनुशासन, मर्यादा और संवाद की संस्कृति को बनाए रखते हुए कार्य करूंगा। सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएँ। आपके विचार और दृष्टिकोण इस सदन को अवश्य समृद्ध करेंगे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद का उद्धरण भी दिया।

# ममता ने जारी किया 14 साल का रिपोर्ट कार्ड

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के 14 साल के शासन के दौरान राज्य में दो करोड़ से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं। वर्ष 2011 से सत्ता में कायम अपनी सरकार के प्रदर्शन का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल ÷केंद्र द्वारा धन रोके जाने से पहले÷ मनरेगा, ग्रामीण आवास, ग्रामीण सड़क निर्माण में लगातार चार बार देश में टॉप पर रहा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र द्वारा राज्य का बकाया भुगतान नहीं किए जाने के बावजूद पश्चिम बंगाल सरकार ने अपनी विकास गतिविधियां जारी रखीं। हमने नौ करोड़ लोगों को कवर करने वाली 'खाद्य साथी' खाद्य सुरक्षा योजना पर एक लाख करोड़ रुपए और सात करोड़ लोगों के लिए 'दुआरे राशन' पर 1,717 करोड़ रुपये खर्च किए।

### एनआईए ने 2008 से अब तक दर्ज हुए 692 केस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की स्थापना राष्ट्रीय जांच एजेंसी अधिनियम, 2008 के तहत 26/11 के मुंबई हमलों के बाद एक केंद्रीय आतंकवाद निरोधी कानून प्रवर्तन एजेंसी के रूप में की गई थी। एनआईए की स्थापना के बाद से लेकर अभी तक 692 केस दर्ज किए गए हैं। 172 मामलों में सुनाए गए निर्णयों में दोषसिद्धि दर 92.44 प्रतिशत रही है। एनआईए अब एक विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित जाँच एजेंसी के रूप में उभरी है। भारत सरकार ने गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के प्रावधानों के अनुसार गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त पाए गए विभिन्न संगठनों के विरुद्ध निरंतर और कड़ी कार्रवाई की है।